
हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक )

पेज : 08

आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स की नजरें...



www.naisochlive.com | पटना, मंगलवार, 17 मार्च 2026, वर्ष- 09, अंक- 22, पृष्ठ-12, मूल्य - 3:00 | naisochexpress@gmail.com

## एलपीजी संकट पर राज्यसभा में सत्तापक्ष व विपक्ष में तीखी नोंकझोंक

एजेंसी। नई दिल्ली



देश में लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की उपलब्धता और कीमतों के मुद्दे सोमवार को राज्यसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच नोकझोंक देखने को मिली। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच देश में एलपीजी आपूर्ति प्रभावित होने का मुद्दा उठाया। इस दौरान संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने उन्हें टोका, जिसके बाद सदन में कुछ देर के लिए माहौल गर्म हो गया। खरगे ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण देश में एलपीजी संकट की स्थिति बन गई है। भारत अपनी कुल एलपीजी जरूरतों का लगभग 60 प्रतिशत आयात करता है और इसमें करीब 90 प्रतिशत आपूर्ति होर्मुज की खाड़ी के रास्ते से आती है। ऐसे में हालात बिगड़ने से देश के कई हिस्सों में आम जनता, होटल, रेस्टोरेंट और हॉस्टल सहित विभिन्न क्षेत्रों में परेशानी बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर एलपीजी सिलेंडर के दाम 5,000 रुपये से अधिक तक पहुंच गए हैं। पेट्रोलियम मंत्री ने लोकसभा में दावा किया था कि देश में एलपीजी की कोई कमी नहीं है और अफवाहों से बचने को कहा था, लेकिन जमीनी हालात अलग दिखाई दे रहे हैं। खरगे ने आरोप लगाया कि जब पश्चिम एशिया में संघर्ष बढ़ा था, तब सरकार ने भारतीय नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की थी। उस समय से सरकार को यह मालूम था कि ऊर्जा आपूर्ति पर असर पड़ सकता है, इसके बावजूद पर्याप्त तैयारी नहीं की गई। उन्होंने कहा कि शहरों में एलपीजी सिलेंडर बुकिंग का वेटिंग पीरियड 25 दिन और ग्रामीण एवं दूरदराज क्षेत्रों में 45 दिन तक पहुंच गया है, जिससे पैनिक बुकिंग और जमाखोरी की आशंका बढ़ गई है। उन्होंने सरकार से इस विषय में तत्काल ठोस कदम उठाने और आम लोगों तथा छोटे व्यापारियों को किफायती दरों पर एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराने की मांग की। इस पर राज्यसभा में सदन के नेता जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि उन्हें दुख है कि विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस, विपत्ति के समय भी राजनीति करने से पीछे नहीं हटती। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्पन्न हुई समस्या भारत के कारण नहीं है और इस मुद्दे पर पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी पहले ही सदन में विस्तृत जानकारी दे चुके हैं। नड्डा ने आरोप लगाया कि गैस सिलेंडर की कालाबाजारी के मामले में कांग्रेस का एक नेता पकड़ा गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में सभी को मिलकर देश के साथ खड़ा होना चाहिए, लेकिन कांग्रेस इस मुद्दे पर राजनीति कर रही है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

### सरकार ने फिर दोहराया देश में कुकिंग गैस की कोई किल्लत नहीं

**नई दिल्ली**। केन्द्र सरकार पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच देश में ऊर्जा सुरक्षा, व्यापारिक जहाजों के सुरक्षित निकासी और भारतीयों की स्वदेश वापसी के प्रयास कर रही है। सरकार ने फिर दोहराया कि देश में कुकिंग गैस की कोई किल्लत नहीं है और वितरण एजेंसियों के पास पर्याप्त स्टाक उपलब्ध है। एलपीजी से लदा एक जहाज भारतीय तट पर पहुंच रहा है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने सोमवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि घरेलू उपभोक्ताओं को सप्लाई लगातार मिल रही है और डिस्ट्रीब्यूटर-लेवल पर कहीं भी स्टॉक खत्म होने की कोई रिपोर्ट नहीं है। उन्होंने बताया कि अब लगभग 90 प्रतिशत एलपीजी बुकिंग ऑनलाइन ही की जाती हैं और 'डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड' का इस्तेमाल बढ़कर 72 प्रतिशत तक पहुंच गया है। राज्यों ने जमाखोरी और कालाबाज़ारी के खिलाफ अपनी कार्रवाई तेज़ कर दी है। साथ ही, जिन उपभोक्ताओं के पास पीएनजी और एलपीजी दोनों कनेक्शन हैं, उन्हें सलाह दी गई है कि वे अपना एलपीजी कनेक्शन सरेंडर कर दें और घबराहट में बुकिंग करने से बचें। इसके अलावा कच्चे तेल की सप्लाई पर्याप्त बनी हुई है और रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं। पेट्रोल पंप भी सामान्य रूप से चल रहे हैं और कहीं भी तेल खत्म होने की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। प्राकृतिक गैस की सप्लाई भी बिना किसी रुकावट के जारी है और सीएनजी तथा पीएनजी उपभोक्ताओं के लिए 100 प्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। कमर्शियल एलपीजी इस्तेमाल करने वालों को पीएनजी पर स्विच करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके लिए सीजीडी कंपनियां इंसेंटिव दे रही हैं और नए कनेक्शन देने की प्रक्रिया को भी तेज़ कर रही हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोमवार को कहा कि तमाम मुश्किलों के बावजूद, तेहरान स्थित हमारा दूतावास पूरी तरह से काम कर रहा है।

## ट्रंप का यूरोपीय देशों को कड़ा संदेश- नाटो ने 'होर्मुज' की सुरक्षा नहीं की तो भविष्य बहुत बुरा होगा

एजेंसी। वाशिंगटन/टोक्यो



अमेरिकी राष्ट्रपति राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अगर उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) देश होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित करने में मदद नहीं करते तो उनका भविष्य बहुत बुरा होगा। ट्रंप ने इस रणनीतिक जलमार्ग को लेकर यूरोपीय देशों को एक कड़ा संदेश दिया। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप ने फाइनेंशियल टाइम्स को रविवार को फोन पर दिए साक्षात्कार में कहा, "यह बिल्कुल सही है कि जो लोग इस जलडमरूमध्य से फायदा उठाते हैं, वे यह सुनिश्चित करने में मदद करें कि वहां कुछ भी बुरा न हो।" उन्होंने कहा, "अगर कोई जवाब नहीं आता है तो मुझे लगता है कि यह नाटो के भविष्य के लिए बहुत बुरा होगा। राष्ट्रपति ट्रंप ने रूस के खिलाफ युद्ध में यूक्रेन को अमेरिका से दी गई मदद का जिक्र करते हुए कहा, "हमें यूक्रेन के मामले में उनकी मदद करने की कोई जरूरत नहीं थी।अब हम देखेंगे कि क्या वे हमारी मदद करते हैं। मैं लंबे समय से कहता आ रहा हूं कि हम उनके लिए हमेशा मौजूद रहेंगे। यह पूछे जाने पर कि उन्हें नाटो से किस तरह की मदद चाहिए? राष्ट्रपति ने कहा, "जो भी जरूरी हो। उसमें बारूदी सुरंग नष्ट करने वाले जहाज भी शामिल हो सकते हैं। नाटो यूरोपीय और उत्तरी अमेरिकी रक्षा गठबंधन है। इसे शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने और अपने सदस्य देशों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बनाया गया है। इसका मकसद किसी ऐसे देश की मदद करना नहीं है, जब कोई सदस्य देश खुद ही युद्ध शुरू कर दे। फ्लोरिडा से एयर फ़ोर्स वन विमान से व्हाइट हाउस लौटते समय ट्रंप ने एक बार फिर दोहराया, "हम हमेशा नाटो के साथ खड़े हैं।" उन्होंने कहा, "यह देखना दिलचस्प होगा कि कौन सा देश एक बहुत ही छोटे से काम में हमारी मदद नहीं करता। राष्ट्रपति ने ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के प्रति अपनी नाराजगी एक बार फिर जहिर की। उनकी नाराजगी का कारण यह था रहा स्टारमर ने ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमलों को तुरंत अपना समर्थन नहीं दिया था। उन्होंने कहा, "ब्रिटेन को शायद हमारा सबसे महत्वपूर्ण सहयोगी माना जाता है। जब मैंने उनसे मदद मांगी तो वह साथ नहीं आए।

**जापान अभी तटस्थ** : इस मसले पर जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची ने सोमवार को कहा कि जापान की अभी होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित करने में मदद के लिए जहाज भेजने की कोई योजना नहीं है। यह बात प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची ने सोमवार को कही। इससे पहले, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सहयोगी देशों से मदद का अनुरोध किया था। उन्होंने कहा कि ट्रंप ने टोक्यो से सीधा कोई अनुरोध नहीं किया है। बावजूद इसके उनकी सरकार जरूरी कदम उठाने के तरीकों पर विचार कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### जज बदलने की हाईकोर्ट में याचिका खारिज, अब केजरीवाल ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा



**नई दिल्ली**। दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल और आप नेता मनीष सिसोदिया ने दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश द्वारा सीबीआई के उत्पाद शुल्क नीति मामले की याचिका को न्यायमूर्ति स्वर्ण कांत शर्मा की पीठ से किसी अन्य न्यायाधीश को स्थानांतरित करने से इनकार करने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। दोनों ने 11 मार्च को मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय को दिए गए एक आवेदन के बाद निष्पक्षता को लेकर गंभीर आशंका व्यक्त की, जिसे मुख्य न्यायाधीश ने खारिज कर दिया और कहा कि मामला न्यायालय के कार्यसूची के अनुरूप है और पुनर्नियुक्ति के लिए कोई प्रशासनिक आधार नहीं है। सीबीआई की याचिका, जो सोमवार को न्यायमूर्ति शर्मा के समक्ष सूचीबद्ध है, शराब लाइसेंसधारियों को तरजीह देने से जुड़े घोटाले में केजरीवाल, सिसोदिया और 21 अन्य को निचली अदालत द्वारा 27 फरवरी को बरी किए जाने को चुनौती देती है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 2021 की दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति, जिसे अब रद्द कर दिया गया है, का उद्देश्य राजस्व वृद्धि के लिए शराब की बिक्री का निजीकरण करना था, लेकिन अनियमितताओं, रिश्वतखोरी और सरकारी खजाने को हुए नुकसान के आरोपों का सामना करना पड़ा, जिसके चलते उपराज्यपाल के आदेश पर सीबीआई और ईडी ने जांच की।

### कटक अस्पताल अग्निकांड पर राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ने जताया शोक, प्रत्येक मृतक के परिजन को दो लाख की सहायता

**नई दिल्ली**। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को ओडिशा के कटक स्थित अस्पताल में आग लगने की घटना में लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। प्रधानमंत्री ने मृतकों के परिजनों को अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। राष्ट्रपति मुर्मु ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने संदेश में कहा कि कटक के एक अस्पताल में हुई दुखद अग्निकांड की घटना में लोगों की मौत से वे गहरे दुखी हैं। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने भी इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि कटक के अस्पताल में हुई दुखद आग की घटना में बहुमूल्य जिंदगियों के नुकसान से वे अत्यंत दुखी हैं। उन्होंने शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की।प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संदेश में कहा कि कटक स्थित अस्पताल में हुई दुर्घटना अत्यंत पीड़ादायक है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के आश्रित को दो लाख रुपये तथा प्रत्येक घायल को 50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। उल्लेखनीय है कि ओडिशा के कटक स्थित एससीबी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में आग लगने से 10 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए हैं।

## विधानसभा परिसर में रक्तदान शिविर, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया रक्तदान

नई सोच एक्सप्रेस। रांची




झारखंड विधानसभा परिसर स्थित विधानसभा औषधालय में सोमवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्वयं रक्तदान कर शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने रक्तदान को महान मानवीय कार्य बताते हुए कहा कि इससे जरूरतमंद लोगों को नया जीवन मिलता है। उन्होंने विधानसभा के सभी सदस्यों, अधिकारियों और कर्मचारियों से इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। साथ ही समाज के सभी वर्गों से रक्तदान के महत्व को समझने और इसे नियमित रूप से अपनाने की अपील की। रक्तदान शिविर में विधानसभा अध्यक्ष रविन्द्र नाथ महतो, मंत्रीगण, विधायकगण तथा विधानसभा के अधिकारी और कर्मचारियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और रक्तदान किया।

## चुनाव से पहले अधिकारियों के तबादले को टीएमसी ने बताया बंगाल के खिलाफ, तो गिरिराज बोले- यह चुनाव आयोग का अधिकार

एजेंसी। नई दिल्ली



पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग द्वारा राज्य के मुख्य सचिव, गृह सचिव, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और कोलकाता पुलिस कमिश्नर का तबादला किए जाने पर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद सौगत रॉय, सागरिका घोष और कीर्ति आजाद ने इसे चुनाव आयोग की शक्तियों का दुरुपयोग बताते हुए केंद्र सरकार पर निशाना साधा, जबकि केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने इसे आयोग का संवैधानिक अधिकार करार दिया। टीएमसी सांसद सौगत रॉय ने कहा कि केंद्र सरकार का यह कदम बंगाल के खिलाफ है और इससे चुनाव कराना और भी मुश्किल हो जाएगा। चुनाव दो चरणों में हो रहा है, यह अच्छी बात है। टीएमसी सांसद सागरिका घोष ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग ने आधी रात को बंगाल के मुख्य सचिव और गृह सचिव का तबादला कर चुनी हुई सरकार को कमजोर करने की कोशिश की है। यह कदम लोकतांत्रिक अधिकारों को नुकसान पहुंचाने वाला है और हमारे संसद सदस्य डेरेक ओ ब्रायन ने इस मुद्दे को सदन में उठाया और इसी विरोध में टीएमसी सदस्यों ने संसद से वॉकआउट किया। उन्होंने आरोप लगाया कि आयोग ने एसआईआर प्रक्रिया के जरिए राज्य के 50 लाख लोगों को मतदाता सूची से बाहर रखा है, जिससे उन्हें वोट देने का अधिकार नहीं मिल रहा। बंगाल के लोग चुनाव में भाजपा को जवाब देंगे। उन्होंने दावा किया कि टीएमसी राज्य में एकतरफा जीतेगी। टीएमसी सांसद कीर्ति आजाद ने कहा कि चुनाव आयोग ने यह कदम भाजपा को खुश करने के लिए उठाया है। इससे पहले भी राज्य में कई चरणों में चुनाव कराए जा चुके हैं। इस बार दो चरणों में करा रहे हैं। यह लोग कितना भी प्रयास कर लें। कुछ बदलेगा नहीं। केंद्र सरकार चाहे जितना प्रयास कर ले, ममता को बंगाल के लोगों के दिल से नहीं निकाल पाएगी। वहीं केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि किसी अधिकारी को हटाना या रखना चुनाव आयोग का अधिकार है। टीएमसी ऐसे आरोप लगाकर संवैधानिक संस्था को कमजोर करने की कोशिश कर रही है। बंगाल में जनता टीएमसी को जवाब देगी और इस बार तृणमूल कांग्रेस की खैर नहीं है। अब तक टीएमसी गुंडों के सहारे राज करती रही है लेकिन इस बार जनता उन्हें सबक सिखाएगी।

## अच्छा स्वास्थ्य ही जीवन की सबसे बड़ी संपत्तिः मोदी



**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वास्थ्य और व्यायाम के महत्व पर जोर देते हुए एक संस्कृत सुभाषित सोमवार को साझा किया। उन्होंने कहा कि अच्छा स्वास्थ्य जीवन का सबसे बड़ा धन है। इसे बनाए रखने में नियमित व्यायाम की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। प्रधानमंत्री ने सभी देशवासियों के स्वस्थ और सुखी जीवन की कामना करते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में संस्कृत में यह सुभाषित साझा किया-

"व्यायामाल्लभते स्वास्थ्यं दीर्घायुष्यं बलं सुखम्।
आरोग्यं परमं भाग्यं स्वास्थ्यं सर्वार्थसाधनम्॥"

इस सुभाषित का अर्थ बताते हुए उन्होंने कहा कि व्यायाम से उत्तम स्वास्थ्य, लंबी आयु, शक्ति और सुख की प्राप्ति होती है। अच्छा स्वास्थ्य सबसे बड़ा सौभाग्य है और जीवन में सभी कार्यों की सफलता का आधार भी स्वस्थ शरीर ही है। मोदी ने कहा कि अच्छा स्वास्थ्य ही जीवन की सबसे बड़ी संपत्ति है और इसमें व्यायाम की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी देशवासियों के लिए स्वस्थ और खुशहाल जीवन की कामना भी की।

## नेपाल बस हादसे पर उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने जताया शोक

एजेंसी। नई दिल्ली



उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने नेपाल में हुई बस दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। इस हादसे में तमिलनाडु के सात भारतीय तीर्थयात्रियों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए हैं। उपराष्ट्रपति ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट कर इस दुखद घटना पर शोक जताया। उन्होंने कहा कि नेपाल में हुई बस दुर्घटना के बारे में जानकर उन्हें गहरा दुख हुआ है, जिसमें तमिलनाडु के सात भारतीय तीर्थयात्रियों की जान चली गई और कई अन्य लोग घायल हुए हैं। उन्होंने हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। उपराष्ट्रपति ने कहा, "मेरी संवेदनाएं उन परिवारों के साथ हैं, जिन्होंने इस दुखद घटना में अपने प्रियजनों को खो दिया है। उपराष्ट्रपति ने इस हादसे से जुड़े अधिकारियों और नेपाल स्थित भारतीय दूतावास से घायलों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने और मृतकों के शवों को भारत लाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया है। उल्लेखनीय है कि यह हादसा शनिवार देर शाम नेपाल के गोरखा जिले में हुआ।

## महायुद्धः ईरान ने दागी डांसिंग मिसाइल, सेजिल के प्रहार से दहला अमेरिका और इजरायल

एजेंसी। तेहरान



ईरान ने अमेरिका और इजरायल के साथ जारी भीषण संघर्ष में पहली बार अपनी सबसे खतरनाक सेजिल बैलिस्टिक मिसाइल का इस्तेमाल कर युद्ध को एक नए और विनाशकारी मोड़ पर ला खड़ा किया है। जहां अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ईरान से बिना शर्त सरेंडर की मांग कर रहे हैं, वहीं तेहरान ने घुटने टेकने के बजाय अपने सबसे घातक हथियारों के मुंह खोल दिए हैं। ईरान के इस ताजा हमले में अरब देशों में स्थित कई अमेरिकी सैन्य ठिकानों को व्यापक नुकसान पहुंचने की खबरें हैं। ईरान की इस मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल सेजिल-2 को रक्षा गलियारों में डांसिंग मिसाइल के नाम से जाना जाता है। इसकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह अत्यधिक ऊंचाई पर जाकर अपनी दिशा बदलने में सक्षम है, जिससे इजरायल के आयरन डोम जैसे उन्नत मिसाइल रक्षा प्रणालियों को चकमा देना इसके लिए आसान हो जाता है। दो चरणों वाले ठोस ईंधन (सॉलिड-फ्यूल) से चलने वाली यह मिसाइल लगभग 2000 किलोमीटर तक मार कर सकती है। ठोस ईंधन आधारित डिजाइन होने के कारण इसे बेहद कम समय में लॉन्च के लिए तैयार किया जा सकता है, जो इसे पुराने तरल ईंधन वाले सिस्टम की तुलना में रणनीतिक बढ़त देता है। मिसाइल के तकनीकी पक्ष को देखें तो लगभग 18 मीटर लंबी और 23,600 किलोग्राम वजनी यह मिसाइल करीब 700 किलोग्राम का पेलोड ले जाने में सक्षम है। इसकी रफ्तार मैक 4 से मैक 5 (6000 किमी प्रति घंटा से अधिक) तक पहुंच सकती है। तुलनात्मक रूप से देखें तो रेंज और मारक क्षमता के मामले में इसे कई मायनों में ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल से भी अधिक घातक माना जा रहा है। जहां अमेरिका टॉमहॉक जैसी मिसाइलों से ईरान पर हमले कर रहा है, वहीं ईरान के शाहेद ड्रोन और अब सेजिल मिसाइल ने सहयोगी सेनाओं की नाक में दम कर रखा है।

## फरवरी में बढ़त के साथ 11 महीने में महंगाई शीर्ष पर पहुंची, खाने-पीने की चीजें हुई महंगी

एजेंसी। नई दिल्ली




खुदरा महंगाई के अब थोक महंगाई की दर में भी तेज उछाल दिख रहा है। फरवरी में यह बढ़त के साथ 11 महीने के शीर्ष पर पहुंच गई है। उपभोक्ता मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि खाने-पीने की चीजों के दाम बढ़ने से थोक मूल्य आधारित महंगाई दर फरवरी में बढ़कर 2.13 फीसदी पहुंच गई। यह लगातार चौथा महीना है जब थोक महंगाई में उछाल आया है। उपभोक्ता मंत्रालय ने बताया कि थोक महंगाई लगातार चौथे महीने बढ़कर फरवरी में 2.13 फीसदी हो गई है, जिसमें खाद्य और गैर-खाद्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि मुख्य कारण रही। हालांकि, सब्जियों की कीमतें महीने दर महीने कम हुई हैं, लेकिन अन्य उत्पादों के दाम बढ़ने से थोक महंगाई पर इसका असर दिखा। जनवरी में थोक महंगाई की दर 1.81 फीसदी थी और पिछले साल फरवरी महीने में 2.45 फीसदी थी। हालांकि, पिछले साल के मुकाबले अभी यह थोड़ी नीचे है लेकिन माना जा रहा है कि मौजूदा हालात को देखते हुए जल्द ही इस स्तर को भी पार कर जाएगी। उद्योग मंत्रालय ने बताया कि फरवरी 2026 में महंगाई की सकारात्मक दर मुख्य रूप से अन्य विनिर्माण, मूल धातुओं के निर्माण, गैर-खाद्य वस्तुओं, खाद्य वस्तुओं और वस्त्रों आदि की कीमतों में वृद्धि के कारण है। डब्ल्यूपीआई आंकड़ों के मुताबिक खाद्य वस्तुओं में महंगाई दर फरवरी में 2.19 फीसदी रही, जबकि पिछले महीने यह 1.55 फीसदी थी। सब्जियों की महंगाई दर फरवरी में घटकर 4.73 फीसदी हो गई, जबकि जनवरी में यह 6.78 फीसदी थी। सब्जियों में भले ही नरमी दिख रही है लेकिन दाल, आलू और अंडा, मांस और मछली में फरवरी में पिछले महीने की तुलना में ज़्यादा महंगाई देखी गई। निर्मित उत्पादों के मामले में, थोक महंगाई दर फरवरी में बढ़कर 2.92 फीसदी हो गई, जबकि पिछले महीने यह 2.86 फीसदी थी। गैर-खाद्य वस्तुओं की श्रेणी में महंगाई दर फरवरी में बढ़कर 8.80 फीसदी हो गई, जबकि जनवरी में यह 7.58 फीसदी थी. ईंधन और बिजली की टोकरी में नकारात्मक महंगाई या डिफ्लेशन फरवरी में 3.78 फीसदी रही, जबकि जनवरी में यह 4.01 फीसदी थी।

## चयनित उम्मीदवारों को यूपीएससी की एडवाइजरीः सोशल मीडिया पर आत्म-प्रचार से बचें

**नई दिल्ली**। यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन (यूपीएससी) ने सिविल सेवा परीक्षा 2025 में चयनित उम्मीदवारों के लिए एक विस्तृत एडवाइजरी जारी की है। आयोग ने अभ्यर्थियों को सोशल मीडिया पर आत्म-प्रचार, व्यक्तिगत ब्रांडिंग और व्यावसायिक गतिविधियों से दूर रहने की सलाह दी है। यूपीएससी द्वारा जारी दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि सिविल सेवा में चयनित उम्मीदवारों को सार्वजनिक जीवन में जिम्मेदार और संतुलित आचरण बनाए रखना चाहिए। सोशल मीडिया पर किया गया कोई भी अव्यवसायिक या अनुचित पोस्ट न केवल उनकी व्यक्तिगत छवि बल्कि सेवा और संस्थान की प्रतिष्ठा को भी प्रभावित कर सकता है। यूपीएससी के अनुसार, सिविल सेवा में चयन एक सार्वजनिक दायित्व है और इससे जुड़े अधिकारियों से उच्च नैतिक मानकों और पेशेवर व्यवहार की अपेक्षा की जाती है। एडवाइजरी में यह भी कहा गया है कि चयनित उम्मीदवारों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट करते समय सावधानी बरतनी चाहिए और ऐसे किसी भी कंटेंट से बचना चाहिए जो सेवा की निष्पक्षता, गोपनीयता या गरिमा पर सवाल खड़ा कर सकता हो।

## आरएसएस की संरचना में बदलावः उप्र-उत्तराखंड को मिलाकर बनेगा उत्तर क्षेत्र, समाप्त होगी प्रांत व्यवस्था

**लखनऊ**। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपनी तीन दिवसीय प्रतिनिधि सभा की बैठक में संगठन की कार्यप्रणाली और भौगोलिक संरचना में क्रांतिकारी बदलावों को अंतिम रूप दे दिया है। संघ के शताब्दी वर्ष की ओर बढ़ते कदमों के बीच यह निर्णय लिया गया है कि अब भविष्य में प्रांत की वर्तमान प्रशासनिक संरचना को समाप्त कर दिया जाएगा। नई व्यवस्था के तहत अब पूरे देश में संघ के कार्यों का संचालन क्षेत्र और संभाग के स्तर से किया जाएगा। इस बड़े फेरबदल को अगले साल मार्च के बाद प्रभावी रूप से लागू करने की तैयारी है। इस नई रणनीति के अंतर्गत उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड को मिलाकर एक संयुक्त उत्तर क्षेत्र बनाया जाएगा। उत्तर प्रदेश में शाखाओं की विशाल संख्या को देखते हुए इसे 10 प्रमुख संभागों में विभाजित किया गया है, जिनमें मेरठ, ब्रज, बरेली, लखनऊ, कानपुर, झांसी, प्रयाग, अयोध्या, काशी और गोरखपुर शामिल हैं। वहीं, उत्तराखंड में कुमाऊं और गढ़वाल के रूप में दो संभाग कार्य करेंगे। क्षेत्र स्तर पर मुख्य रूप से संगठन के समन्वय और विस्तार का कार्य होगा, जबकि संभागों को स्थानीय शाखाओं के प्रशिक्षण और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### राज्यसभा चुनाव में एनडीए की जीत ने महागठबंधन की सच्चाई उजागर की : सुमन

**पटना**।राज्यसभा चुनाव में एनडीए के पांचों उम्मीदवारों की जीत पर प्रतिक्रिया देते हुए हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (से.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार सरकार के मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन ने इसे एनडीए की एकजुटता और मजबूत नेतृत्व की जीत बताया है।डॉ. सुमन ने कहा कि राज्यसभा चुनाव के दौरान महागठबंधन के कई विधायक मतदान के समय गायब रहे। यह घटना स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि महागठबंधन के अंदर भारी असंतोष और अविश्वास है। उन्होंने कहा कि जिस गठबंधन के नेता अपने ही विधायकों को एकजुट नहीं रख पा रहे हों, उनकी नेतृत्व क्षमता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव खुद को महागठबंधन का नेता बताते हैं, लेकिन राज्यसभा चुनाव ने यह दिखा दिया कि उनके नेतृत्व में न तो अनुशासन है और न ही विश्वास। अपने ही विधायकों का भरोसा खो देना इस बात का संकेत है कि महागठबंधन की राजनीति केवल बयानबाजी तक सीमित रह गई है।डॉ. सुमन ने कहा कि दूसरी ओर एनडीए पूरी मजबूती, अनुशासन और विकास के एजेंडे के साथ आगे बढ़ रहा है। राज्यसभा चुनाव के नतीजे इस बात का प्रमाण हैं कि बिहार में एनडीए पूरी तरह संगठित और मजबूत है, जबकि महागठबंधन अंदरूनी कलह से जूझ रहा है।

### नीतीश के विकास पर राज्यसभा चुनाव की मुहर : नवल शर्मा

**पटना**।जदयू प्रवक्ता नवल शर्मा ने कहा कि बिहार में राज्यसभा की पाँचों सीटों पर एनडीए की जीत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकासवादी आकर्षण और एनडीए की नीतियों पर जनप्रतिनिधियों की प्रचंड मुहर है। राजद ने धनबल से लेकर अपने विधायकों को होटलों में नज़रबंद रखने तक हर हथकंडा अपनाया, लेकिन विकास की राजनीति परदे के पीछे की साजिशों से कहीं अधिक ताकतवर होती है। अंततः परिणाम ने साबित कर दिया कि बिहार में विकास और विश्वास की राजनीति ही विजयी होती है, न कि दबाव और प्रलोभन की।

### बिहार से तीन राजनीतिक दलों के राष्ट्रीय अध्यक्षों का एकसाथ राज्यसभा पहुंचना गौरव का क्षण : उमेश

**पटना**।जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने सोमवार को जारी बयान में राज्यसभा सदस्य के रूप में निर्वाचित होने पर यशस्वी मुख्यमंत्री एवं जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, रालोमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा, केंद्रीय राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर और शिवेश राम को हार्दिक बधाई एवं सफल कार्यकाल की शुभकामनाएँ दीं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यह बिहार के लिए अत्यंत गौरव का विषय है कि एकसाथ तीन राजनीतिक दलों के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज्यसभा में निर्वाचित हुए हैं। इससे संसद के उच्च सदन की गरिमा और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। उन्होंने यह भी कहा कि इन सभी वरिष्ठ नेताओं के विशाल राजनीतिक अनुभव से संसद में लोकतांत्रिक मूल्यों को और अधिक मजबूती मिलेगी, जनहित के मुद्दों को सदन में सशक्त आवाज मिलेगी, और बिहार के विकास तथा प्रदेशवासियों के हितों को नई गति और दिशा प्राप्त होगी।

### सोलर क्रॉप ड्रायर से सुरक्षित होगी फसल, बढ़ेगा किसानों का मुनाफा : राम कृपाल

» कटाई के बाद होने वाले नुकसान पर लगेगी रोक, महिला समूहों और ग्रामीण युवाओं के लिए खुलेगा स्वरोजगार का नया रास्ता

**पटना**।कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि राज्य को कृषि क्षेत्र में अग्रणी बनाने के संकल्प के साथ बिहार सरकार किसानों को कटाई के बाद प्रबंधन के लिए निरंतर सशक्त कर रही है। उन्होंने कहा कि बिहार की जलवायु और यहां की विविध फसलों—जैसे टमाटर, प्याज, मिर्च, फूलगोभी, पत्तागोभी, करेला, हल्दी, मशरूम आदि—के लिए उपयोगी सोलर क्रॉप ड्रायर एक क्रांतिकारी समाधान के रूप में उभर रहा है। श्री यादव ने कहा कि राज्य सरकार का मुख्य उद्देश्य किसानों की फसलों की बर्बादी रोकना और उन्हें अपनी उपज का मूल्य निर्धारक बनाना है। उन्होंने बताया कि फसलोत्तर प्रबंधन योजनान्तर्गत बिहार सरकार सोलर ड्रायर की स्थापना पर विशेष प्रोत्साहन दे रही है। 100 किलोग्राम क्षमता वाले सोलर ड्रायर की अनुमानित लागत 3,50,000 रुपये है, जिस पर 1,40,000 रुपये अनुदान का प्रावधान किया गया है। मंत्री ने कहा कि सोलर ड्रायर के भीतर नियंत्रित तापमान पर फसल को सुखाने से उसका प्राकृतिक रंग, स्वाद और सुगंध बरकरार रहती है। इससे उत्पाद की गुणवत्ता बेहतर होती है और वह प्रीमियम मार्केट तथा निर्यात के लिए अधिक उपयुक्त बनता है। उन्होंने कहा कि खुले में सुखाने के दौरान धूल, बारिश, नमी और फफूंद से जो नुकसान होता है, सोलर ड्रायर उस जोखिम को काफी हद तक समाप्त कर देता है। इस तकनीक से 30 से 40 प्रतिशत तक फसल की बर्बादी रोकी जा सकती है। श्री यादव ने कहा कि अब किसान बाजार में कम दाम मिलने पर फसल बेचने को मजबूर नहीं होंगे। सोलर ड्रायर के माध्यम से फसल को सुखाकर सुरक्षित रखा जा सकेगा और उपयुक्त समय पर अधिक कीमत पर बेचा जा सकेगा। इससे किसानों की आय में वृद्धि होगी और उन्हें अपनी उपज के बेहतर विपणन का अवसर मिलेगा।उन्होंने कहा कि यह तकनीक विशेष रूप से महिला स्वयं सहायता समूहों और ग्रामीण युवाओं के लिए स्वरोजगार का बड़ा अवसर लेकर आई है। सोलर ड्रायर के माध्यम से स्थानीय स्तर पर छोटे-छोटे प्रसंस्करण केंद्र स्थापित किए जा सकते हैं, जहां मूल्य संवर्धन के साथ विभिन्न उत्पाद तैयार किए जाएंगे। इससे गांवों में ही रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। कृषि मंत्री ने कहा कि किसानों की समृद्धि ही राज्य की प्रगति का आधार है। उन्होंने कहा कि हमारे किसान कड़ी मेहनत कर अच्छी पैदावार तो कर लेते हैं, लेकिन भंडारण और सही प्रसंस्करण तकनीक के अभाव में उनकी मेहनत का एक बड़ा हिस्सा बर्बाद हो जाता है। ऐसे में सोलर क्रॉप ड्रायर केवल एक मशीन नहीं, बल्कि अन्नदाताओं के लिए आर्थिक सुरक्षा कवच है।उन्होंने किसानों, महिला समूहों और ग्रामीण युवाओं से अपील की कि वे इस तकनीक को अपनाएं और सरकार द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे प्रोत्साहन का लाभ उठाकर अपनी आय बढ़ाने की दिशा में आगे बढ़ें।

### चलायी जा रही होली स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि में विस्तार

**पटना**।होली के उपरांत यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए उनकी सुविधा के मद्देनजर पूर्व मध्य रेल के प्रमुख स्टेशनों से देश के विभिन्न शहरों के लिए चलायी जा रही होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन अवधि में विस्तार किया जा रहा l गाड़ी संख्या 04014 आनंद विहार-लौकहा बाजार स्पेशल - 16.03.2026 से 23.03.2026 तक प्रतिदिन गाड़ी संख्या 04013 लौकहा बाजार-आनंद विहार स्पेशल - 17.03.2026 से 24.03.2026 तक प्रतिदिन गाड़ी संख्या 05575 सहरसा-आनंद विहार स्पेशल - 18.03.2026 एवं 25.03.2026 मार्च (बुधवार) को गाड़ी संख्या 05576 आनंद विहार-सहरसा स्पेशल - 24.03.2026 एवं 31.03.2026 मार्च (मंगलवार) को गाड़ी संख्या 05579 पूर्णिया कोर्ट-आनंद विहार स्पेशल - 17.03.2026 से 29.03.2026 मार्च, 2026 तक प्रत्येक मंगल, शुक्र एवं रविवार को गाड़ी संख्या 05580 आनंद विहार-पूर्णिया कोर्ट स्पेशल - 19.03.2026 से 29.03.2026 मार्च, 2026 तक प्रत्येक गुरू, शुक्र एवं रविवार को गाड़ी संख्या 06039 चेन्नई-बरौनी स्पेशल - 15.03.2026 एवं 22.03.2026(रविवार) को गाड़ी संख्या 06040 बरौनी-चेन्नई स्पेशल - 18.03.2026 एवं 25.03.2026(बुधवार) को गाड़ी संख्या 02877 रांची-आनंद विहार स्पेशल - 14.03.2026 से 28.03.2026 तक प्रत्येक शनिवार को 10. गाड़ी संख्या 02878 आनंद विहार-रांची स्पेशल - 15.03.2026 से 29.03.2026 तक प्रत्येक रविवार को

# मुख्यमंत्री ने पटना समाहरणालय का किया निरीक्षण,अधिकारियों को दिए निर्देश

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना समाहरणालय भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पटना समाहरणालय के विकासात्मक कार्यों का जायजा भी लिया। मुख्यमंत्री ने समाहरणालय भवन के पांचवे तले पर मीटिंग हॉल, उप विकास आयुक्त जिला परिषद कार्यालय, अनुमंडल पदाधिकारी सदर कार्यालय का मुआयना किया। मुख्यमंत्री ने समाहरणालय के सभी तल का भी मुआयना किया। मुख्यमंत्री ने पटना के कलेक्टेरियट घाट से सभ्यता द्वार तक बनायी जानेवाली सड़क निर्माण कार्य का भी जायजा लिया। इस सड़क के बन जाने से छठ वर्तियों को पूजा में सहूलियत होगी, मॉर्निंग वॉक करने वाले लोगों को भी इससे सुविधा मिलेगी साथ ही कल्केटेरियट घाट की भव्यता और बढ़ जाएगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कलेक्टेरियट घाट से सभ्यता द्वार तक बनने वाली सड़क के निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने समाहरणालय परिसर में बनने वाले वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने डबल डेकर पुल का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने बाकी बचे हुये कार्य को पूरा करने का निर्देश दिया। पटना मेट्रो रेल कॉरपोरेशन से समन्वय स्थापित कर इसको जल्द से जल्द पूरा करें। इन कार्यों के पूर्ण होने से मेट्रो से कनेक्टिविटी और बेहतर हो सकेगी। ज्ञातव्य है कि वर्ष 2017 में मुख्यमंत्री के द्वारा निश्चय यात्रा के दौरान पुराने पटना समाहरणालय परिसर के सभाकक्ष में समीक्षा बैठक के बाद जीर्ण-शीर्ण भवनों का निरीक्षण किया गया था। इन भवनों की जर्जर स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री द्वारा इसी परिसर में पुराने भवनों को तोड़कर नये समाहरणालय भवन के निर्माण का निर्णय लिया गया था। पटना समाहरणालय के नये भवन का निर्माण गंगा नदी के किनारे अवस्थित समाहरणालय के पुराने परिसर में ही जीर्ण-शीर्ण भवनों को तोडकर 632 एकड़ भूखंड पर किया गया है। इस नये भवन मे कुल निर्मित क्षेत्रफल 28388 वर्गमीटर है जो पुराने समाहरणालय की तुलना में काफी ज्यादा है। नए समाहरणालय परिसर में जिला पदाधिकारी के कार्यालय के साथ-साथ जिला परिषद कार्यालय-सह-जिला विकास भवन तथा अनुमंडल पदाधिकारी सदर के कार्यालय भवन का भी निर्माण किया गया है। पटना समाहरणालय के नये भवन के निर्माण में पर्यावरण का विशेष रूप से ध्यान रखा गया है। पटना समाहरणालय के नये भवन में सभी आधुनिक सुविधाएँ भी प्रदान की गई हैं। इसमें जल ट्रीटमेंट प्लांट तथा सिवर ट्रीटमेंट प्लांट लगाया गया है। साथ ही 40 किलोवाट का सौर उर्जा संयंत्र अधिष्ठापित किया गया है। परिसर में 204 चार पहिया वाहनों के लिए खुली पार्किंग तथा बेसमेंट में 240 वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था है। परिसर में माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में पुराने समाहरणालय के मुख्य भवन के स्तंभों को परिसर के एक ओर सुरक्षित प्रदर्शित किया गया है जो पुराने समाहरणालय भवन के हेरिटेज को दिखाता है।

### लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान द्वारा आयोजित दावत-ए-इफ़्तार में शामिल हुये मुख्यमंत्री



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शहीद पीर अली मार्ग, लोजपा पार्टी कार्यालय में आयोजित दावत-ए-इफ्तार में शामिल हुए। दावत-ए-इफ्तार का आयोजन लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान की ओर से किया गया। मुख्यमंत्री को चिराग पासवान ने साफा भेंटकर अभिनंदन किया गया। मुख्यमंत्री सहित सभी रोजेदारों ने प्रदेश, समाज और देश में अमन-चैन, शांति एवं भाईचारा का माहौल कायम रहने की दुआ मॉगी। कार्यक्रम से पहले मुख्यमंत्री ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व० रामविलास पासवान के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित किया। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मो० जमा खान, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री संजय कुमार सिंह, जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह सांसद संजय कुमार झा, लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में रोजेदार उपस्थित थे।

## पांचों उम्मीदवारों की जीत ने दिखायी एनडीए की चट्टानी एकता : प्रभाकर मिश्र

नई सोच एक्सप्रेस

» एनडीए के तीन घटक दलों के राष्ट्रीय अध्यक्ष की जीत से हर तरफ खुशी की लहर
» एनडीए के विजयी सभी उम्मीदवारों को दी हार्दिक शुभकामनाएं

**पटना**।भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने राज्यसभा चुनाव में एनडीए के पांचों उम्मीदवारों की जीत पर खुशी जतायी और कहा कि एनडीए राज्यसभा चुनाव में जीत दर्ज करनेवाले एनडीए के सभी नेताओं को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। यह जीत दिखाती है कि एनडीए पूरी तरह एकजुट है। एनडीए की चट्टानी एकता का संदेश दूर तक जाएगा। श्री मिश्र ने सोमवार को यहां कहा कि यह पहले से तय था कि एनडीए के पांचों प्रत्याशी जीत दर्ज कर राज्यसभा पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि महागठबंधन ने अपने विधायकों को होटल के कमरे में बन्द कर रखा। फिर, भी उसके चार विधायक वोट देने नहीं आये,यह बताता है कि महागठबंधन के घटक दलों के विधायकों में अपने पार्टी नेतृत्व के खिलाफ गहरा आक्रोश है। महागठबंधन के कई विधायक बेहतर विकल्प की तलाश में हैं। श्री मिश्र ने कहा कि बिहार के लिए इस राज्यसभा चुनाव का काफी महत्व है। एनडीए के तीन घटक दलों के अध्यक्ष चुनाव में उम्मीदवार थे। सिर्फ एनडीए के लिए ही नहीं, बल्कि देश की आम जनता के लिए भी सुखद है कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय नितिन नवीन जी, जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री उपेन्द्र कुशवाहा जी राज्यसभा के सदस्य के रूप में सदन की गरिमा बढ़ाएंगे। चुनाव में जीत हासिल करनेवाले रामनाथ ठाकुर और शिवेश कुमार जी को भी जीत की हार्दिक शुभकामनाएं। अभिनंदन।

# सहकारिता में है रोजगार की असीम संभावनाएं, पैक्सों के विस्तार से समाज को होगा लाभ : मंत्री

नई सोच एक्सप्रेस




» सरकार पैक्सों को दे रही है गोदाम, कॉमन सर्विस सेंटर और प्रशिक्षण जैसी सुविधाएं

**पटना**।राज्य के चयनित पैक्सों और एफपीओं को सशक्त करने के लिए सोमवार को डीएनएस क्षेत्रीय सहकारिता प्रबंधन संस्थान में एंटरप्राइज डेवलपमेंट विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर सहकारिता मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने कहा कि सरकार पैक्सों को गोदाम, कॉमन सर्विस सेंटर, प्रशिक्षण जैसी कई सुविधाएं दे रही है, इसलिए पैक्सों का दायित्व बनता है कि वे समाज के अन्य लोगों तक इसका लाभ पहुंचाए। पैक्सों का जितना अधिक विस्तार होगा उतना ही अधिक लाभ पैक्सों और समाज को मिलेगा। पैक्सों में शहद उत्पादन, बकरी पालन, वेजफेड आदि से संबंधित या कोई नया काम शुरू कर समाज को सुदृढ़ कर सकते हैं। अपने क्षेत्र की समस्याओं को समझें और उसके समाधान का रास्ता ढूंढ़ें। सहकारिता में रोजगार की असीम संभावनाएं हैं, बस सभी को साथ मिलकर काम करने की जरूरत है। इस दौरान सहकारिता विभाग के सचिव धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य सभी पैक्सों और एफपीओं को उद्यमी के तौर पर विकसित करना है। इसके लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। पैक्स किसी एक व्यक्ति का नहीं है, यह एक लोकतांत्रिक संस्था है, इसमें सभी का बराबर अधिकार है। यहां सामाजिक भागीदारी कैसे बढ़े, इसके लिए प्रयास करना होगा। इससे यहां के लोगों को काम के लिए राज्य से बाहर जाने की जरूरत नहीं होगी। विभाग पैक्सों की सभी समस्याओं का समाधान करेगा। इस अवसर पर विभाग के निबंधक, सहयोग समितियां, रजनीश कुमार सिंह ने कहा कि विभाग के अधिकारियों ने कार्ययोजना तैयार की है, जिसमें गांव के लोगों को गांव में ही रोजगार दिया जाए और आत्मनिर्भर गांव बनाया जाए, ताकि जो लोग गांव से बाहर काम के लिए जा रहे हैं वे गांव में रहकर रोजगार से जुड़ें। इस मौके पर नाबार्ड, बिहार के मुख्य महाप्रबंधक गौतम सिंह, बिहार राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार, जीटी के कार्यकारी निदेशक रिशु रवि और अपर निबंधक विकास कुमार बरियार ने भी अपनी बातें रखीं। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य पैक्स को आर्थिक गतिविधियों के विस्तार, नए उद्यमों की स्थापना तथा किसानों की आय बढ़ाने के लिए व्यावसायिक अवसरों की पहचान करने में सक्षम बनाना है। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों के स्तर पर पैक्स प्रतिनिधियों को कृषि आधारित उद्यमों, प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना, बाजार से जुड़ाव तथा आधुनिक कृषि तकनीकों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

## सनातन आस्था के आराध्य प्रभु श्री राम के प्राकट्य का उत्सव है रामनवमी : नितिन नवीन

नई सोच एक्सप्रेस

» पटना की पहचान रामनवमी महोत्सव से हो, ऐसा हमारा प्रयास है : नितिन नवीन

**पटना**।भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष सह श्री श्री रामनवमी शोभायात्रा अभिनंदन समिति के संयोजक नितिन नवीन ने समिति के अध्यक्ष सरदार जगजीवन सिंह बबलू एवं अन्य सदस्यों के साथ प्रेस वार्ता कर आगामी 27 मार्च को होने वाली रामनवमी के निमित्त आयोजित होने वाले तैयारियों की विस्तृत चर्चा की । प्रेस वार्ता में संयोजक श्री नितिन नवीन ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस साल भी रामनवमी के उपलक्ष्य में भव्य आयोजन की व्यवस्था अभिनंदन समिति की ओर से की गई है। विभिन्न मोहल्लों से निकलने वाली मनोरम झांकियों की संख्या 52 होंगी जो राजधानी पटना के दीघा से ट्रांसपोर्ट नगर तथा सिपारा से गायघाट तक के इलाकों से अलग अलग पूजा कमिटियों के द्वारा निकाली जाएगी। इन झांकियों में प्रभु श्री राम के जीवन चरित्र और प्रेरक प्रसंगों का चित्रण किया जाएगा, बड़ी संख्या में महिलाओं की भी सहभागिता रहेगी । शहर के सभी मुख्य चौक चौराहों पर छोटे अथवा बड़े राम ध्वज लगाए जा रहे है, साथ ही, सनातन धर्मावलंबियों से अपने घरों के ऊपर भी राम ध्वज लगाने की अपील की जा रही है । मोहल्लों में स्थानीय पूजा कमिटी से आग्रह किया गया है कि वे अपने आस-पास के झुग्गी एवं दलित बस्तियों में जाकर श्री राम ध्वज का स्थापन करें। एक लाख विक्रम संवत् कैलेंडर का वितरण भी किया जाएगा । सजावट की दृष्टि से पटना के सभी मुख्य मार्गों पर आकर्षक तोरण द्वार और रोशनी की व्यवस्था की होगी, मार्ग में कई सामाजिक संगठनों के द्वारा श्रद्धालुओं के लिए पेय जल और शरबत की भी सुविधा उपलब्ध होगी। रामनवमी शोभायात्रा में देश के अलग अलग हिस्सों से भी कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करने राजधानी पटना आयेंगे। इसमें मुंबई की प्रसिद्ध बैंड, झारखंड की नृत्य मंडली , काशी से गंगा आरती की टीम, सिख समुदाय के निहंगों द्वारा प्रदर्शन, बंगाल के चंदन नगर की आकर्षक लाइट से श्री राम चौक डाकबंगला को सजाया जाएगा। मुख्य आयोजन स्थल मंच को प्रभु श्री राम और हनुमान जी के आकृतियों से आकर्षक बनाया जाएगा । आयोजन के मुख्य आकर्षण स्थल के मंच पर भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के अलावा बिहार के महामहिम राज्यपाल सैयद अता हसनैन,मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व विजय सिन्हा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी समेत बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री, सांसद तथा विधायक, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों समेत प्रबुद्ध और वरिष्ठ नागरिक भी उपस्थित रहेंगे.

## राज्यपाल ने किया बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकारण कार्यालय का परिभ्रमण

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**।राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन ने बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कार्यालय का परिभ्रमण किया तथा बिहार में आपदा प्रबंधन एवं आपदा जोखिम को कम करने हेतु किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली एवं प्राधिकरण के कार्यों की प्रशंसा की। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार एक आपदा प्रवण राज्य है और यहाँ आपदा जोखिम को कम करने हेतु अनेक उपाय किये गये हैं। उन्होंने कहा कि आपदा जोखिम को कम करने हेतु माननीय प्रधानमंत्री का 10 सूत्री एजेंडा विकास के हर पहलु में सुरक्षा सुनिश्चित करने पर केन्द्रित है और इसे पूरी दुनिया में अपनाया जा रहा है। राज्यपाल ने इस अवसर पर मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि आपदा प्रबंधन एक सामाजिक उत्तरदायित्व है। इसके लिए जागरूकता आवश्यक है तथा बच्चों को इसके बारे में बताया जाना चाहिए। उन्होंने वज्रपात एवं बाढ़ जैसी आपदाओं से बचाव के संबंध में किये जा रहे उपायों के बारे में भी बताया। इस अवसर पर राज्यपाल ने बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के नये वेबसाईट का लोकार्पण भी किया। कार्यक्रम को प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ उदय कान्त एवं पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर प्राधिकरण के सदस्य एवं पदाधिकारी, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविन्द कुमार चौधरी, बिहार गृहरक्षा वाहिनी एवं अग्निशाम सेवाएँ की महानिदेशक-सह-महासमादेष्टा शोभा ओहटकर, आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव डॉ चन्द्रशेखर सिंह एवं अन्य पदाधिकारी तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

# बिहार के राज्यपाल का पहला औपचारिक कार्यक्रम, BSDMA में, नई वेबसाइट का लोकार्पण

नई सोच एक्सप्रेस



» आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए आधुनिक तकनीक, संस्थागत समन्वय और व्यापक जन-जागरूकता अत्यंत महत्वपूर्ण है

**पटना**।बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, पटना में आज माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल श्री सैयद अता हसनैन के आगमन के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम एवं प्रेस संवाद का आयोजन किया गया। बिहार आगमन के पश्चात यह राज्यपाल का पहला औपचारिक कार्यक्रम था, जो बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सभागार में आयोजित हुआ। इस अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम एवं प्रेस संवाद में राज्यपाल ने बिहार में आपदा प्रबंधन की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि चुनौतियों के बावजूद राज्य ने आपदा प्रबंधन को पेशेवर और तकनीक आधारित स्वरूप देने की दिशा में उल्लेखनीय पहल की है। राज्यपाल ने सरदार पटेल भवन स्थित राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र का अवलोकन किया और वहाँ स्थापित आधुनिक तकनीकी प्रणालियों तथा आपदा प्रबंधन की कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। प्राधिकरण परिसर में राज्यपाल का स्वागत प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. उदय कांत, lसदस्यगण पी. एन. राय, नरेंद्र कुमार सिंह, श्री प्रकाश कुमार एवं शंभू दत्त झा, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी, होमगार्ड एवं अग्निशमन सेवाओं की महानिदेशक l शोभा ओहटकर, आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह, तथा बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सचिव श्री मोहम्मद वारिस खान सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल द्वारा बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की नई वेबसाइट का लोकार्पण किया गया। साथ ही प्राधिकरण की गतिविधियों और उपलब्धियों पर आधारित एक लघु फिल्म का भी अवलोकन किया गया। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि सामान्यतः बिहार को आपदा-प्रवण राज्य के रूप में देखा जाता है, जहाँ बाढ़, सूखा और अन्य प्राकृतिक आपदाओं की चुनौतियाँ बनी रहती हैं। ऐसी परिस्थितियों में इन चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए पेशेवर दृष्टिकोण, आधुनिक तकनीक और संस्थागत समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण की प्रस्तुतियों और व्यवस्थाओं को देखकर यह स्पष्ट है कि बिहार में आपदा प्रबंधन को व्यवस्थित और पेशेवर स्वरूप दिया जा चुका है। राज्यपाल ने कहा कि आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए आधुनिक तकनीक, संस्थागत समन्वय और व्यापक जन-जागरूकता अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### आपदा के समय तनाव प्रबंधन बेहद जरूरीः डॉ. मोहम्मद अली




**पटना।** श्रीकृष्ण विज्ञान केंद्र के सभागार में आपदा प्रबंधन विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। विश्व युवक केंद्र और प्रेम यूथ फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यशाला में देश के 13 राज्यों से आए युवाओं सहित लगभग 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूक करना तथा संकट के समय मानसिक संतुलन और सामाजिक जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के लिए तैयार करना था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग के प्रोफेसर एवं इंटर्नशिप-प्लेसमेंट हेड डॉ. मोहम्मद अली ने "आपदा के समय युवाओं का तनाव प्रबंधन" विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि आपदा केवल प्राकृतिक नहीं होती, बल्कि समाज में व्याप्त असमानता, बेरोजगारी, भेदभाव और भ्रष्टाचार जैसी परिस्थितियां भी युवाओं के लिए बड़ी सामाजिक और मानसिक आपदा बन सकती हैं। डॉ. अली ने कहा कि दिशा का अभाव, तुलना की संस्कृति, त्वरित सफलता की चाह और भावनात्मक कमजोरी युवाओं में तनाव के प्रमुख कारण हैं। उन्होंने युवाओं को संतुलित जीवन दृष्टि अपनाने की सलाह देते हुए महात्मा बुद्ध के मध्यम मार्ग, भगवद्गीता के "समत्वं योग उच्यते" तथा कुरान में वर्णित "सिरातुल मुस्तकीम" का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि अनिश्चितता, असफलता का भय और परिस्थितियों पर नियंत्रण की कमी तनाव को बढ़ाते हैं। इससे निपटने के लिए जागरूकता, समस्या को स्वीकार करना और समाधान की दिशा में प्रयास करना आवश्यक है। साथ ही गहरी सांस का अभ्यास, सही सूचना पर भरोसा, सामुदायिक सहयोग और नियमित दिनचर्या बनाए रखना तनाव कम करने में सहायक होता है। डॉ. अली ने कहा कि आपदा के समय युवा समाज की सबसे बड़ी ताकत बन सकते हैं। उन्हें अफवाह फैलाने के बजाय सही जानकारी देना, लोगों की मदद करना और राहत कार्यों में भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी संकट से निपटने के लिए मजबूत मन, संतुलित सोच और सामाजिक जिम्मेदारी जरूरी है। कार्यक्रम में प्रियंका शील, रजत थॉमस, केशव कुणाल, पुष्पांजलि, ममता समेत दो सौ से अधिक लोग उपस्थित थे।

### जूनियर मिस्टर बिहार निखिल कुमार एवं मिस्टर पटना आदित्य कुमार बने



**पटना।** न्यू बॉडीबिल्डिंग एंड फिटनेस एसोसिएशन के तत्वाधान में चैंप न्यूट्रिशन के तत्वावधान में मिस्टर जूनियर बिहार एवं मिस्टर पटना बॉडीबिल्डिंग दिव्यांग मैन एंड वूमेन फिजिक्स प्रतियोगिता का आयोजन रामदेव महतो सामुदायिक भवन पटना सिटी में संपन्न हुआ। जिसमें जूनियर मिस्टर बिहार वैशाली के निखिल कुमार मिस्टर पटना आदित्य कुमार एवं रिंकी कुमारी पूजा कुमारी ने खिताब अपने-अपने नाम की इस प्रतियोगिता का उद्घाटन पटना के महापौर सीता साहू ने किया इस प्रतियोगिता में अध्यक्ष धार्मिक न्यास बोर्ड डॉ रणबीर नंदन ने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। पी एच ई डी के इंजिनियर मनोज कुमार सिंह इंजीनियर विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। संघ के अध्यक्ष अभय सुंदर, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार भी इस प्रतियोगिता में उपस्थित थे। यह जानकारी संघ के सचिव विजय कुमार ने दी।

### चैत्र नवरात्रि मेला के अवसर पर विंध्याचल एवं इन्द्रगढ़ स्टेशनों पर 01-01 जोड़ी ट्रेनों का अस्थायी ठहराव



**पटना।** चैत्र नवरात्रि मेला के अवसर पर रेलवे प्रशासन द्वारा श्रद्धालु यात्रियों सुविधा के मद्देनजर गाड़ी सं. 12141/42 लोकमान्य तिलक-पाटलिपुत्र एक्सप्रेस का प्रयागराज मंडल के विंध्याचल स्टेशन पर तथा गाड़ी सं. 19037/38 बांद्रा टर्मिनस-बरौनी एक्सप्रेस का कोटा मंडल के इन्द्रगढ़ स्टेशन पर 02 मिनट का अस्थाई ठहराव प्रदान किया गया है। गाड़ी सं. 12141 लोकमान्य तिलक-पाटलिपुत्र एक्सप्रेस 19 मार्च से 02 अप्रैल, 2026 तक 22.30 बजे विंध्याचल पहुँच कर 22.32 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। गाड़ी सं. 12142 पाटलिपुत्र-लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस 19 मार्च से 02 अप्रैल,2026 तक 16.05 बजे विंध्याचल पहुँच कर 16.07 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। बांद्रा टर्मिनस से 15 मार्च से 29 मार्च, 2026 तक खुलने वाली 19037 बांद्रा टर्मिनस-बरौनी एक्सप्रेस 13.35 बजे इन्द्रगढ़ स्टेशन पहुँच कर 13.37 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। बरौनी से 15 मार्च से 29 मार्च, 2026 तक खुलने वाली 19038 बरौनी-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस 11.08 बजे इन्द्रगढ़ स्टेशन पहुँच कर 11.10 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

### पुनपुन में स्कॉर्पियो और टेंपो की जोरदार टक्कर, एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल



**पुनपुन।** पुनपुन प्रखंड के जट डुमरी जंक्शन के समीप सूरज मंदिर के पास सोमवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। मसौढ़ी की ओर से आ रही एक स्कॉर्पियो ने सामने से आ रहे टेंपो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि टेंपो के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए और स्कॉर्पियो टेंपो के ऊपर चढ़ गई। मिली जानकारी के अनुसार स्कॉर्पियो गाड़ी संख्या BR02A4246 मसौढ़ी की तरफ से आ रही थी, जबकि टेंपो गाड़ी संख्या BR0PH2706 पुनपुन की ओर से आ रहा था। टक्कर के समय टेंपो पर कुल सात लोग सवार थे। हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि अन्य लोगों को हल्की चोटें आई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर के बाद टेंपो में फंसे लोगों को बाहर निकालना काफी मुश्किल हो गया था। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए स्कॉर्पियो को धक्का देकर हटाया और टेंपो में फंसे लोगों को बाहर निकाला, जिससे बड़ी अनहोनी टल गई। बताया जा रहा है कि स्कॉर्पियो पर सवार दो लोग हादसे के बाद मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जट डुमरी जंक्शन के पास अक्सर तेज रफ्तार वाहनों के कारण दुर्घटनाएं होती रहती हैं, जिससे लोगों में दहशत का माहौल बना रहता है।

# नन्ही जिंदगी की बड़ी जीतः एम्स पटना में 'की-होल' सर्जरी से तीन साल की बच्ची को मिली नई जिंदगी

नई सोच एक्सप्रेस



**»भारत और दुनिया के कुछ ही उन्नत चिकित्सा केंद्रों में छोटे बच्चों में इस प्रकार की थोराकोस्कोपिक ट्यूमर सर्जरी की जाती हैः डॉ. चांदनी**

**पटना।** तीन साल की एक नन्ही बच्ची के लिए जो खबर पहले चिंता और डर का कारण बनी थी, वह एम्स पटना के डॉक्टरों की कुशलता और आधुनिक तकनीक की बदौलत उम्मीद और राहत की कहानी बन गई। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), पटना के चिकित्सकों ने बच्ची के सीने में पाए गए दुर्लभ ट्यूमर गैंग्लियोन्यूरोमा को अत्याधुनिक मिनिमली इनवेसिव 'की-होल' थोराकोस्कोपिक सर्जरी के माध्यम से सफलतापूर्वक निकाल दिया। इस सर्जरी की सबसे बड़ी खासियत यह रही कि पूरे ट्यूमर को सिर्फ 5 मिमी के तीन छोटे-छोटे चीरे लगाकर ही निकाल लिया गया और सीने में बड़ा चीरा लगाने की जरूरत नहीं पड़ी। ट्यूमर का आकार लगभग 7 × 6 × 5 सेमी था जो सीने के बाएँ हिस्से (लेफ्ट हेमीथोरैक्स) के लगभग आधे हिस्से तक फैला हुआ था। ऑपरेशन के बाद बच्ची की स्थिति तेजी से बेहतर हुई। उसे ऑपरेशन थिएटर में ही एक्सट्यूबेट कर दिया गया और चिकित्सकों की निगरानी में उसकी रिकवरी अच्छी रही। कुछ समय बाद ही बच्ची को स्वस्थ अवस्था में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई जिससे उसके परिवार को बड़ी राहत मिली। इस सफल ऑपरेशन को अंजाम देने वाली पीडियाट्रिक सर्जरी टीम में डॉ. अमित कुमार सिन्हा, डॉ. सौरव श्रीवास्तव, डॉ. अमित कुमार, डॉ. राशि, डॉ. दिगंबर चौबे और डॉ. गौरव शांडिल्य शामिल थे जिन्होंने बेहतरीन टीमवर्क और विशेषज्ञता का परिचय दिया। एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक प्रो. (ब्रिगेडियर) डॉ. राजू अग्रवाल ने इस उपलब्धि पर पूरी मेडिकल टीम को बधाई देते हुए कहा कि संस्थान का लक्ष्य मरीजों विशेषकर बच्चों को आधुनिक, सुरक्षित और संवेदनशील स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। सर्जरी की सफलता में पीडियाट्रिक एनेस्थीसिया टीम की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस टीम का नेतृत्व डॉ. चांदनी ने किया। उन्होंने अत्याधुनिक ब्रोंकियल ब्लॉकर तकनीक के माध्यम से सिंगल-लंग वेंटिलेशन दिया जो इतने छोटे बच्चे में करना बेहद चुनौतीपूर्ण माना जाता है। यह एम्स पटना के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और यह दर्शाता है कि संस्थान अब बच्चों के लिए कम दर्द, कम जोखिम और जल्दी स्वस्थ होने वाली आधुनिक सर्जरी उपलब्ध करा रहा है। गैंग्लियोन्यूरोमा नसों के ऊतकों से बनने वाला एक दुर्लभ और सामान्यतः सौम्य (बेनाइन) ट्यूमर है, जो कभी-कभी सीने में विकसित हो सकता है। आमतौर पर ऐसे ट्यूमर को निकालने के लिए ओपन थोराकोटॉमी जैसी बड़ी सर्जरी करनी पड़ती है, जिसमें सीने में बड़ा चीरा लगाया जाता है और पसलियों को फैलाना पड़ता है। इससे मरीज को अधिक दर्द होता है, बड़ा निशान रह जाता है और ठीक होने में भी ज्यादा समय लगता है। इन्हीं चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए एम्स पटना के पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग की टीम ने इस मामले में आधुनिक मिनिमली इनवेसिव थोराकोस्कोपिक तकनीक का उपयोग करने का निर्णय लिया। छोटे-छोटे चीरे के माध्यम से कैमरा और विशेष उपकरणों की मदद से करीब पांच घंटे तक चली इस जटिल सर्जरी को सफलतापूर्वक पूरा किया गया। इस तकनीक के कारण बच्ची को बड़े ऑपरेशन से होने वाले दर्द से बचाया जा सका और उसकी रिकवरी भी अपेक्षाकृत तेजी से हुई। भारत और दुनिया के कुछ ही उन्नत चिकित्सा केंद्रों में छोटे बच्चों में इस प्रकार की थोराकोस्कोपिक ट्यूमर सर्जरी की जाती है क्योंकि यह तकनीकी रूप से काफी जटिल होती है और इसके लिए उच्च स्तर की विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है। एम्स पटना में इस सर्जरी की सफलता इस बात का प्रमाण है कि अब यहां भी जटिल और अत्याधुनिक चिकित्सा प्रक्रियाएं सफलतापूर्वक की जा रही हैं।

## 18 मार्च को एम्स पटना में उद्यमिता सम्मेलन 2026 का होगा आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** स्वास्थ्य क्षेत्र में नवाचार और स्टार्टअप संस्कृति को नई गति देने के उद्देश्य से एम्स पटना में 18 मार्च बुधवार को संस्थान के सभागार में उद्यमिता सम्मेलन 2026 का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर "एम्स पटना इंक्यूबेशन एंड इनोवेशन काउंसिल" (APIIC) नामक एक नए मेडटेक इन्क्यूबेटर की औपचारिक शुरुआत भी की जाएगी। यह पहल स्वास्थ्य क्षेत्र में नए विचारों को प्रोत्साहित करने और स्टार्टअप्स को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। कार्यक्रम का उद्घाटन दिलीप जायसवाल, उद्योग मंत्री, बिहार करेंगे। वहीं बिंदे कुमार, निदेशक, इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। यह इन्क्यूबेटर विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार की "नवाचारों के विकास और उपयोग के लिये राष्ट्रीय पहल" (NIDHI) के अंतर्गत इंक्लूसिव टेक्नोलॉजी बिजनेस इंक्यूबेटर (iTBI) के रूप में स्थापित किया गया है। इसके माध्यम से स्वास्थ्य क्षेत्र में काम कर रहे नवाचारियों और स्टार्टअप्स को सीड फंडिंग, विशेषज्ञ मार्गदर्शन, क्लिनिकल वैलिडेशन, रेगुलेटरी सलाह और निवेशकों तथा राष्ट्रीय फंडिंग एजेंसियों से जुड़ने का अवसर मिलेगा। यह पहल देश के मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों को भी मजबूती देगी। इसके जरिए स्वदेशी चिकित्सा तकनीकों के विकास को बढ़ावा मिलेगा और भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को नई दिशा मिलेगी। कार्यक्रम की एक खास झलक पहले 'इग्नीशन अनुदानकर्ता' समूह का स्वागत और ऑनबोर्डिंग होगी। इसके साथ ही सरकार, शिक्षा जगत और उद्योग से जुड़े विशेषज्ञों के साथ स्टार्टअप फंडिंग, नीति सहयोग और हेल्थकेयर इनोवेशन के नियामक पहलुओं पर महत्वपूर्ण पैनल चर्चा भी आयोजित की जाएगी। इस कॉन्क्लेव में डॉक्टर, शोधकर्ता, नवाचारी, उद्यमी, स्टार्टअप्स और छात्र बड़ी संख्या में शामिल होंगे। यह आयोजन विचारों के आदान-प्रदान, सहयोग और नए अवसरों का एक सशक्त मंच बनेगा। इस पहल के माध्यम से एम्स पटना का लक्ष्य स्वास्थ्य क्षेत्र में नए समाधान विकसित करना और सस्ती, प्रभावी व स्वदेशी चिकित्सा तकनीकों को बढ़ावा देना है ताकि देश के लाखों मरीजों को बेहतर और सुलभ उपचार मिल सके।

## फतुहा में स्वास्थ्य शिविर, "युवाओं के चेहरे पर बढ़ता मुंहासों का संकट ,जीवनशैली और प्रदूषण पर गंभीर सवाल"



नई सोच एक्सप्रेस

**फतुहा।** होम्योपैथिक अस्पताल स्टेशन रोड फतुहा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसका मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने कहा – जागरूकता और सही इलाज से ही मिलेगा समाधान। उनहोंने कहा कि आज युवाओं में मुंहासे की समस्या तेजी से बढ़ रही है। यह केवल सौंदर्य से जुड़ा विषय नहीं बल्कि स्वास्थ्य, खान-पान और बदलती जीवनशैली का गंभीर संकेत है। उन्होंने कहा कि अत्यधिक तला-भुना भोजन, जंक फूड, प्रदूषण, मानसिक तनाव और अनियमित दिनचर्या के कारण युवाओं में त्वचा संबंधी समस्याएँ बढ़ रही हैं। इसके कारण कई युवक-युवतियों का आत्मविश्वास भी प्रभावित होता है। डॉ. पटेल ने कहा कि लोगों को केवल महंगे क्रीम और कॉस्मेटिक पर निर्भर रहने के बजाय अपनी जीवनशैली सुधारने और सुरक्षित उपचार पद्धतियों की ओर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने बताया कि होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति में मुंहासों के लिए कई प्रभावी दवाएँ उपलब्ध हैं, जो लक्षणों के आधार पर दी जाती हैं और शरीर की आंतरिक गड़बड़ियों को संतुलित करने का प्रयास करती हैं।

**लक्षण के अनुसार उपयोगी होम्योपैथिक दवाएँ**

Hepar Sulph 200 – मवाद और दर्द वाले मुंहासों में

Pulsatilla 30 – हार्मोनल कारणों से होने वाले मुंहासों में

Eugenia Jambosa 30 – दर्द और सूजन वाले मुंहासों में

Thuja 200 – जब मुंहासे शरीर के अन्य हिस्सों में भी हों

Natrum Sulph 200 – लाल दानों जैसे मुंहासों में

**डॉ. पटेल की अपील**

उन्होंने युवाओं से अपील की कि संतुलित आहार लें, अधिक पानी पिएँ, नियमित व्यायाम करें और तनाव से दूर रहें। सही जानकारी और समय पर उपचार से मुंहासों जैसी समस्याओं से काफी हद तक बचा जा सकता है। कोई भी दवा चिकित्सक के सलाह से ही ईस्तेमाल करें।

## मिसेज ग्लोबल बिहार के बारहवें सीजन की विजेता बनी डॉ. प्रियंका और मेधा

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** रंग-बिरंगी जगमग रौशनी के बीच जैसे हीं मॉडल्स ने अपनी प्रस्तुति देनी शुरू की वैसे ही सारा हॉल तालियों की गरगराहट से गूंज उठा। मौका था ब्रांड एनसी एवं नारी नीति फाउंडेशन इंडिया द्वारा पाटलिपुत्र कॉलोनी स्थित होटल डेस्टिनी में आयोजित मिसेज ग्लोबल बिहार सीजन - 12 के ग्रैंड फिनाले का। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत मुख्य अतिथि ब्रांड एन सी की गुडविल एम्बेसडर डॉ. तारा स्वेता आर्या, विशिष्ट अतिथि आयुष्मान भारत के सीईओ आईएएस शशांक शेखर, आईपीएस अनु व फैशन डिजाइनर सह शो डायरेक्टर नीतीश चंद्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर की। कार्यक्रम की शुरुआत फिनाले के लिए चयनित मिसेज श्रेणी के 10 प्रतिभागिओं द्वारा पहले राउंड यानी एथनिक राउंड से हुई जिसमें सभी प्रतिभागियों ने भारतीय परिधान में अपना जलवा बिखेरा। इस राउंड के साथ ही प्रतिभागियों ने अपना इंट्रो दिया। इसके बाद कैजुअल राउंड में थीम शक्ति के तहत प्रतिभागियों ने नारी शक्ति रूप का प्रदर्शन किया तथा दूसरे राउंड सीक्वेंस के बाद मॉडल्स द्वारा टैलेंट राउंड दिया गया। इसके पश्चात गाउन राउंड का आयोजन हुआ जिसमें सभी प्रतिभागियोंने बहुत ही खूबसूरती से अपने-अपने परिधानों को दर्शकों के सामने प्रस्तुत किया। इस तीसरे राउंड के पश्चात सभी प्रतिभागियों से उपस्थित निर्णायकों द्वारा सवाल - जवाब किया गया जिसका प्रतिभागियों ने बड़े ही आत्मविश्वास के साथ उत्तर दिया। मिसेज ग्लोबल बिहार 2026 का खिताब डॉक्टर प्रियंका और मेधा के नाम रहा वहीं फर्स्ट रनर अप सारिका और सेकेंड रनर अप रूबी को मिला। जबकि मिसेज ग्लोबल बिहार गोल्डन दिवा का खिताब मंजू और मिस टीन दीवा बिहार का खिताब आर्या को मिला। ग्रांड जूरी डॉक्टर तारा श्वेता आर्या और नीतीश चंद्रा ने सभी विनर्स को ताज पहनाया। कार्यक्रम आयोजक फैशन डिजाइनर व शो के डायरेक्टर नीतीश चंद्रा ने बताया कि इस सीजन के लिए देश के विभिन्न प्रांतों में रहने वाली 250 से अधिक बिहारी महिलाओं ने मिसेज केटेगरी के लिए अपना ऑनलाइन ऑडिशन दिया था जिसमें से 10 बेहतरीन प्रतिभागियों का चयन फिनाले के लिए किया गया था। बिहार, यूपी, झारखंड, कर्नाटक, दिल्ली, मुंबई, कोलकाता आदि शहरों से शामिल हुई ये सभी महिलाएं अलग - अलग पेशे से आती है जिनमें हाउस वाइफ, बैंकर, डॉक्टर, मॉडल शामिल हैं। वहीं नारी नीति फाउंडेशन इंडिया की प्रबंध निदेशिका शारदा नितीश चंद्रा ने बताया कि इस शो का उद्देश्य महिला ससक्तिकरण को बढ़ावा देना हैं। जिस तरह हमने अब तक इस शो का सफल सञ्चालन किया है वैसे ही आगे भी करते रहेंगे ताकि समाज कि हर वर्ग कि महिलाएं आगे बढ़ सकें। कार्यक्रम में अतिथिओं द्वारा बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागिओं को ट्रॉफी एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

## पटना में 'हिन्दू राष्ट्र अधिवेशन' सम्पन्न, 'हलाल मुक्त बिहार अभियान' तेज करने का संकल्प



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** पटना के अनिसाबाद स्थित चित्रगुप्त समाज सभागार में बिहार राज्यस्तरीय 'हिन्दू राष्ट्र अधिवेशन' का आयोजन किया गया। अधिवेशन में विभिन्न हिन्दू संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लेते हुए 'हलाल मुक्त बिहार अभियान' को गति देने का संकल्प लिया। पत्रकार वार्ता में हिन्दू जनजागृति समिति के धर्मप्रचारक सद्गुरु निलेश सिंगबाळ ने बताया कि अधिवेशन में संविधान से सेक्युलर शब्द हटाने, देशभर में गोवंश हत्या प्रतिबंधक और धर्मांतरण विरोधी कानून लागू करने तथा मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करने जैसे प्रस्ताव पारित किए गए। इस अवसर पर राष्ट्रभक्त अधिवक्ता समिति के अधिवक्ता प्रभाष ठाकुर ने कहा कि राष्ट्रभक्त अधिवक्ताओं को संगठित करने के लिए बिहार के विभिन्न जिलों में सम्मेलन और कानूनी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं विश्वनाथ कुलकर्णी ने बताया कि हिन्दू नववर्ष और हनुमान जयंती के अवसर पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के साथ इस अभियान की शुरुआत की जाएगी। अधिवेशन में बिहार के 10 जिलों से हिन्दू संगठनों के पदाधिकारी, संतजन, अधिवक्ता और अन्य प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## बिहार राज्य फिल्म विकास एवं वित्त निगम के नए कार्यालय का शुभारंभ

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** बिहार राज्य फिल्म विकास एवं वित्त निगम लिमिटेड का अब नया पता पटना के फ्रेजर रोड स्थित भारतीय नृत्य कला मंदिर के सांस्कृतिक परिसर हो गया है। फिल्म निगम की महाप्रबंधक रूबी ने इस नए कार्यालय का शुभारंभ सोमवार को किया। अब फिल्म निगम की सभी गतिविधियां बिहार ललित कला अकादमी के तीसरे तल पर मौजूद निगम के नए कार्यालय से संचालित होगी। इस लोकार्पण के मौके पर श्रीमती रूबी ने कहा कि राज्य में बिहार फिल्म प्रोत्साहन नीति लागू होने के बाद से फिल्म निगम का काम बढ़ गया है। इसके बाद नए कार्यालय की जरुरत थी। उन्होंने कहा कि भविष्य को ध्यान में रखकर इस कार्यालय का निर्माण किया गया है। फिल्म निर्माताओं ने राज्य में फिल्म की शूटिंग के प्रति गहरी रुचि दिखाई है, जिससे राज्य के दर्शनीय स्थलों का प्रचार होने के साथ ही राज्य की प्रतिभाओं को काम मिल रहा है। महाप्रबंधक ने कहा कि राज्य में फिल्म निर्माण के लिए सर्वांगीण विकास के लिए हर मोर्चे पर काम किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत फिल्म शिक्षा के प्रीमियम संस्थानों, सत्यजीत रे फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया और फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट में पढ़ने वाले बिहार के 29 छात्र-छात्राओं को 19 लाख से अधिक की छात्रवृत्ति प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि बिहार दिवस के मौके पर 22 मार्च को पटना म्यूजियम में 'नदिया के पार' फिल्म और 23 मार्च को आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय में तीसरी कसम फिल्म का प्रदर्शन प्रस्तावित है। इस मौके पर परामर्शी (फिल्म) अरविंद रंजन दास, परामर्शी (लेखा) बीडी मिश्रा, कुमार गौरव, लीला प्रसाद, अमित कुमार, रेखा, विवेक कुमार, रामू मंडल सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## डीआरएम ने रेलकर्मी के असामयिक निधन पर उनके आश्रितों को "रेलवे वेतन पैकेज" के तहत बीमा राशि के रूप में एक करोड़ रुपये का चेक दिए

नई सोच एक्सप्रेस

**दानापुर।** मंडल रेल प्रबंधक,दानापुर विनोद कुमार द्वारा आज दानापुर मंडल के सभागार में मंडल के एक दिवंगत रेल कर्मचारी के परिवार को ''रेलवे वेतन पैकेज'' के तहत एक करोड़ रुपये का चेक सौंपा गया। मंडल रेल प्रबंधक श्री विनोद कुमार के निर्देश पर वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी, अतुल कुमार के मार्गदर्शन में दानापुर मंडल द्वारा दिवंगत कर्मचारी के आश्रित को समस्त देय राशि का त्वरित एवं पारदर्शी भुगतान सुनिश्चित किया गया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक(इंफ्रा) राजीव कुमार सहित मंडल के अन्य अधिकारी गण तथा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की तरफ से श्री राज्यवर्धन, रीजनल मैनेजर एसबीआई पटना तथा अन्य अधिकारीगण थे। दानापुर मंडल में कार्यरत कर्मचारियों के असामयकि निधन के उपरांत उनके आश्रितों को नियमानुसार समस्त समापक देय राशि एवं पारिवारिक पेंशन शीघ्र स्वीकृत की जाती है। भारतीय रेल एवं स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के बीच ''रेलवे सैलरी पैकेज'' समझौते के अंतर्गत बीमा प्रावधान अनुसार दुर्घटना में असामयिक मृत्यु पर 01 करोड़ रूपए राशि जमा कराई गई। विदित हो कि भारतीय रेल एवं स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के मध्य ''रेलवे सैलरी पैकेज'' के अंतर्गत संपादित समझौते के प्रावधानानुसार, दुर्घटना में असामयिक मृत्यु की स्थिति में 01 करोड़ रूपए की बीमा राशि देय है। तदनुसार आश्रित के खाते में 01 करोड़ रूपए की बीमा राशि जमा कराई गई तथा आज डीआरएम द्वारा उनके आश्रित को चेक प्रदान किया गया। यह त्वरित कार्यवाही प्रशासन एवं बैंक के समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण है।

## संक्षिप्त समाचार

### इफ्तार पार्टी का आयोजन, रोजेदारों के साथ साझा हुआ भाईचारे का संदेश



**सुगौली।** नगर पंचायत सुगौली के मुख्य पार्षद पति अली हसन के आवास पर रोजेदारों के सम्मान में भव्य इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के बड़ी संख्या में रोजेदारों के साथ-साथ कई गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। इफ्तार के समय सभी रोजेदार एक साथ बैठकर रोजा खोला और आपसी भाईचारे, एकता तथा सौहार्द का संदेश दिया। उपस्थित लोगों ने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में प्रेम, सद्भाव और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का काम करते हैं। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज में आपसी भाईचारे का प्रतीक बताया। इफ्तार पार्टी के दौरान बड़ी संख्या में रोजेदार एक साथ बैठकर इफ्तार करते नजर आए, जिससे कार्यक्रम का माहौल पूरी तरह सौहार्दपूर्ण और भाईचारे से भरा रहा।

### भूमि विवाद में दो पक्षों में खूनी झड़प, आधा दर्जन घायल, सभी जीएमसीएच रेफर

**बेतिया/मझौलिया।** प्रखंड क्षेत्र के सरिसवा पंचायत अंतर्गत पिपरा दुबे गांव में सोमवार को सुबह भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। देखते ही देखते दोनों तरफ से लाठी-डंडे चलने लगे, जिसमें करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घटना से गांव में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घायलों में एक पक्ष के जलाल अहमद और निजामुद्दीन अंसारी शामिल हैं, जबकि दूसरे पक्ष से दीपक कुमार, ब्रिजेश कुमार, बुचुन देवी तथा जयनारायण पटेरा घायल बताए जा रहे हैं। परिजनों और ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए मझौलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। डॉक्टरों ने घायलों की स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सभी को जीएमसीएच बेतिया रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों के बीच जमीन को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा था, जो सोमवार को अचानक हिंसक झड़प में बदल गया।घटना की सूचना मिलते ही मझौलिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।थानाध्यक्ष अमर कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है तथा आवेदन मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### जहानाबाद के बंधुगंज चौराहे पर अचानक गिरे व्यक्ति को स्थानीय लोगों ने पहुंचाया सदर अस्पताल



**जहानाबाद।** ज़िला के बंधुगंज चौराहे पर एक व्यक्ति अचानक चक्कर खाकर सड़क पर गिर पड़ा। चौराहे पर मौजूद स्थानीय लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए तुरंत उसे अस्पताल पहुंचाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चौराहे के पास एक दुकानदार अपनी दुकान खोलने आया था। इसी दौरान उसने देखा कि एक व्यक्ति अचानक चक्कर खाकर सड़क पर गिर पड़ा। यह देखकर दुकानदार और आसपास मौजूद लोगों ने बिना देर किए तुरंत 102 एंबुलेंस को फोन किया और घायल व्यक्ति को नजदीकी अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की। एंबुलेंस के पहुंचते ही स्थानीय लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। प्रारंभिक जांच के दौरान डॉक्टरों ने बताया कि व्यक्ति में हार्ट अटैक के लक्षण दिखाई दे रहे हैं। प्राथमिक उपचार देने के बाद डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए जहानाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। एंबुलेंस चालक ने भी सूझबूझ और तत्परता दिखाते हुए घायल व्यक्ति को जहानाबाद सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसका इलाज शुरू कर दिया। कुछ समय बाद होश में आने पर व्यक्ति ने अपना नाम वीर बहादुर सिंह बताया। उन्होंने अपने पिता का नाम मणि सिंह बताया और अपनी उम्र लगभग 60 वर्ष बतायी। वह फिलहाल जहानाबाद में काम करते हैं और मूल रूप से डेहरी ऑन सोन के रहने वाले हैं। स्थानीय दुकानदार रंजीत कुमार चंद्रवंशी ने मानवता का परिचय देते हुए बेहोशी की हालत में व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने में अहम भूमिका निभायी। वह तब तक अस्पताल में मौजूद रहे जब तक व्यक्ति को होश नहीं आ गया। उन्होंने परिजनों को आश्वस्त किया कि व्यक्ति अब खतरे से बाहर है। यह घटना इस बात का उदाहरण है कि आज भी समाज में मानवता जीवित है और लोग जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आते हैं। बिहार सरकार द्वारा भी गुड समेरिटन योजना के तहत सड़क या सार्वजनिक स्थान पर घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले लोगों को कानूनी परेशानी से मुक्त रखा गया है।

### होली मिलन समारोह में सैकड़ों भक्तों ने की भव्य महाआरती

» परस्पर सौहार्द एवं सांस्कृतिक एकता का दिया गया संदेश। डॉ यू एस सिंह



स्व शिवबहादुर सिंह सेवा समिति के तत्वाधान में होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन धोबिन पुलिया हनुमंत विहार नौबस्ता में धूमधाम से आयोजित हुआ। आयोजक प्रमुख समाजसेवी एवं जागृति ग्रुप चेयरमैन डॉ यू एस सिंह ने बताया कि विगत वर्षों से निरंतर समिति के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम समय समय पर आयोजित किए जाते हैं जिसमें हजारों हजार लोग उपस्थित रहते है। समारोह के माध्यम से समाज में परस्पर सौहार्द एवं सांस्कृतिक एकता का संदेश दिया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। माता रानी एवं बाबा भोलेनाथ के साथ श्री खाटू श्याम जी के भजनों को सुन भक्त झूम उठे।कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व विधायक अजय कपूर रघुनन्दन सिंह भदौरिया जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह मंडल अध्यक्ष आनन्द सिंह बिट्टू ठाकुर एवं जीत प्रताप सिंह संजय सिंह गोल्डन बाबा संदीप ठाकुर हनी मिश्र आंनद ठाकुर सनी सेंगर बउआ ठाकुर सहित आए सैकड़ों अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण पटका पगड़ी पहनाकर किया गया। समिति पदाधिकारियों ने आयोजक डॉ यू एस सिंह का स्वागत 51 किलो की माला पहनाकर किया। होली मिलन समारोह में भव्य महाआरती की गई। राधा रानी संग बरसाने की फुलों संग लठमार होली खेल भक्त झूमते नजर आये। इस मौके पर मुख्य रूप से अभिषेक दुबे सिद्धार्थ सिंह गोविंद शुक्ला जय वीर सिंह संतोष सिंह वेदप्रकाश तिवारी संजय सिंह अरुण दीक्षित मोहित सिंह आशु सिंह बबलू सिंह रणविजय सिंह शिवम दुबे सहित काफी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

# यूजीसी रेगुलेशन और सामाजिक न्याय के समर्थन में छात्रों का मशाल जुलूस

नई सोच एक्सप्रेस




**जहानाबाद।** यूजीसी रेगुलेशन के समर्थन और सामाजिक न्याय की मांग को लेकर विभिन्न छात्र संगठनों ने मशाल जुलूस निकालकर अपना समर्थन जताया। बहुत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और सामाजिक कार्यकर्ता इस जुलूस में शामिल हुए और केंद्र सरकार से यूजीसी रेगुलेशन को जल्द लागू करने की मांग की। मशाल जुलूस अंबेडकर चौक से शुरू होकर अरवल मोड़ पर इसका समापन हुआ। इस दौरान छात्रों ने सामाजिक न्याय के समर्थन में नारेबाजी की और यूजीसी रेगुलेशन लागू करने की मांग उठाई। छात्र नेताओं का कहना कि यह रेगुलेशन सामाजिक न्याय को मजबूत करने वाला कदम है। हालांकि कुछ संगठनों द्वारा विरोध किए जाने के बाद इस पर मामला अदालत तक पहुंच गया है और फिलहाल इस पर रोक लगी हुई है। यूजीसी भारत में उच्च शिक्षा से जुड़ी एक प्रमुख संवैधानिक संस्था है जो देश के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के लिए मानक तय करती है और अनुदान देती है तथा शिक्षा व्यवस्था को नियंत्रित करती है। यूजीसी का उद्देश्य उच्च शिक्षा में गुणवत्ता बनाए रखना, समान अवसर उपलब्ध कराना और विश्वविद्यालयों के विकास को प्रोत्साहित करना है। हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा यूजीसी से जुड़े कुछ नए रेगुलेशन लाने की पहल की गई थी, जिनका उद्देश्य उच्च शिक्षा संस्थानों में पारदर्शिता और सामाजिक न्याय को मजबूत करना बताया जा रहा है लेकिन कुछ संगठनों द्वारा इन नियमों का विरोध किए जाने के बाद मामला अदालत में पहुंच गया। जिसके कारण माननीय सुप्रीम कोर्ट ने इस पर अस्थायी रोक लगा दी है। इसी कारण सरकार पूरी तरह लागू नहीं कर पायी है। मशाल जुलूस के दौरान छात्रसंघ अध्यक्ष शैलेश कुमार यादव ने कहा कि सरकार को किसी दबाव में आकर इस नियम को रोकना नहीं चाहिए। यदि यह रेगुलेशन लागू होता है तो ओबीसी, एससी और एसटी वर्ग के छात्रों को काफी लाभ मिलेगा। वहीं छात्र नेता राहुल प्रजापति ने कहा कि आज भी कई विश्वविद्यालयों और बड़े शिक्षण संस्थानों में जाति और ऊंच नीच के आधार पर भेदभाव देखने को मिलता है। यूजीसी रेगुलेशन लागू होने से छात्रों को अपने अधिकारों को लेकर आवाज उठाने का बेहतर अवसर मिलेगा और शिक्षा व्यवस्था में समानता को बढ़ावा मिलेगा। छात्र संगठनों ने चेतावनी दी कि यदि यूजीसी रेगुलेशन को जल्द लागू नहीं किया गया तो वे आगे भी आंदोलन जारी रखेंगे।

## मध्य विद्यालय सौढ़ भरतखण्ड में तीसरे दिन गणित की हुई वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा



नई सोच एक्सप्रेस

**खगड़िया।** जिले के परबत्ता प्रखंड के सभी प्रारंभिक स्कूलों में वार्षिक परीक्षा चल रही है। वर्ग 3 से 8 के बच्चों की गणित की परीक्षा दी। केंद्राधीक्षक संजय कुमार पासवान और शिक्षक सिद्धार्थ कुमार ने बताया कि यह परीक्षा 19 मार्च तक ली जाएगी। शिक्षक सिद्धार्थ कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि 17 मार्च को प्रथम पाली में वर्ग 3 से 5 तक के बच्चों की अंग्रेजी विषय की परीक्षा ली जाएगी। द्वितीय पाली में वर्ग 6 से 8 तक के बच्चों की अंग्रेजी विषय की परीक्षा ली जाएगी।18 मार्च को प्रथम पाली में 6 से 8 तक के बच्चों की विज्ञान विषय ली जाएगी। जबकि द्वितीय पाली में वर्ग 6 से 8 तक के बच्चों की संस्कृत विषय की परीक्षा ली जाएगी। वहीं 19 मार्च को वर्ग 1 तथा 2 की प्रथम पाली में गणित की मौखिक परीक्षा ली जाएगी। जबकि द्वितीय पाली में वर्ग 1 और 2 के लिए अंग्रेजी विषय की मौखिक परीक्षा ली जाएगी। परबत्ता प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी श्री प्रदीप कुमार के द्वारा सभी प्रधानाध्यापक और शिक्षक को शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। परीक्षा संचालन में प्रधानाध्यापक संजय कुमार पासवान, शिक्षक सिद्धार्थ कुमार, ममता कुमारी, रंजू कुमारी, राजन भारती, शैलेन्द्री पाल, सरिता कुमारी, मोहम्मद हयात परवेज, तमन्ना तबस्सुम, अंकित कुमार सिंह को लगाए गए हैं।

## शिक्षकों के बैंक खातों के अपग्रेड को लेकर शिक्षक नेता समरेंद्र सिंह की पहल

नई सोच एक्सप्रेस



**छपरा।** सारण जिले के जिन शिक्षकों का बैंक खाता अभी सेविंग अकाउंट के रूप में संचालित हो रहा है, उसे सैलरी अकाउंट में परिवर्तित कराने तथा जिनका पहले से सैलरी अकाउंट है उसे अपग्रेड कराने की मांग को लेकर सारण स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के शिक्षक नेता समरेंद्र बहादुर सिंह ने सोमवार को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य शाखा प्रबंधक से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा। मुलाकात के दौरान शिक्षकों के बैंक खातों से संबंधित विभिन्न समस्याओं तथा उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा की गई। शिक्षक नेता ने बताया कि जिले के कई शिक्षकों के खाते अभी भी सेविंग अकाउंट के रूप में संचालित हो रहे हैं, जिसके कारण उन्हें सैलरी अकाउंट से मिलने वाली कई महत्वपूर्ण बैंकिंग सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पाता है। ऐसे में इन खातों को सैलरी अकाउंट में परिवर्तित करना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व वर्ष 2019 में भी उनके प्रयास से जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के पत्र के माध्यम से अधिकांश नियोजित शिक्षकों के सेविंग अकाउंट को सैलरी अकाउंट में परिवर्तित कराया गया था, जिससे शिक्षकों को काफी सुविधा मिली थी। इस अवसर पर मुख्य शाखा प्रबंधक ने शिक्षकों की समस्याओं पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर शिक्षक नेता संजय यादव, सत्यनारायण साह, विनोद राय, जितेंद्र सिंह, सूर्यदेव, सिंह हवलदार मांझी, निजाम अहमद, अनुज यादव,रणजीत सिंह,श्यामबाबू सिंह, रामचन्द्र बिंद,पीयूष तिवारी, बलराम यादव,भीम रजक,मंटू मिश्रा,फणीन्द्र कुमार,शौकत अली अंसारी उपस्थित रहे।

## जहानाबाद में रसोई गैस की कालाबाज़ारी करने वालों पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिये-अरविन्द

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद।** अरविंद कुमार चोपड़ा ने जहानाबाद में रसोई गैस की कथित कालाबाजारी को लेकर जिला प्रशासन से कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर आरोप लगाया कि कुछ गैस एजेंसियों में पारदर्शिता की कमी के कारण गरीब और छोटे दुकानदारों का आर्थिक शोषण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में गैस सिलेंडर की ब्लैक मार्केटिंग चरम पर है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ गैस एजेंसी के कर्मचारी कथित तौर पर अवैध रूप से अतिरिक्त पैसे लेकर सिलेंडर उपलब्ध करा रहे हैं। एक ओर आम उपभोक्ताओं को सरकारी दर पर गैस मिलनी चाहिए, वहीं दूसरी ओर 1500 से 1700 रुपये तक में सिलेंडर दिया जा रहा है। जिससे रसोई गैस उपभोक्ताओं को काफी परेशान हो रही है। जिला प्रशासन की ओर से गैस वितरण व्यवस्था में अब तक कोई ठोस पारदर्शिता व्यवस्था लागू नहीं होने के कारण बिचौलियों की भूमिका बढ़ती जा रही है और आम उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि गैस सिलेंडर की ऑनलाइन बुकिंग व्यवस्था को सरल और प्रभावी तरीके से लागू किया जाना चाहिए। ताकि लोगों को लंबी कतारों में खड़ा न होना पड़े। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि रमजान के महीने में भी महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों को घंटों लाइन में खड़ा होना पड़ रहा है। जिससे उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई गृहिणियों को अपने घर का काम छोड़कर गैस एजेंसी के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं जबकि बिचौलियों को इसका फायदा मिल रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि जहानाबाद को आदर्श जिला बनाने के प्रयासों के साथ साथ गैस की कालाबाजारी पर भी सख्ती से रोक लगाना चाहिए आम नागरिकों और छोटे व्यवसायियों को भी आसानी से रसोई गैस उपलब्ध हो सके।

## बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने राज्यसभा चुनाव में एनडीए के 'क्लीन स्वीप' पर जताई प्रसन्नता, विजयी सभी पांच उम्मीदवारों को जीत पर दी बधाई

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** बिहार भाजपा के अध्यक्ष संजय सरावगी ने राज्यसभा चुनाव में एनडीए के सभी पांच उम्मीदवारों की जीत पर प्रसन्नता जताते हुए विजयी सभी उम्मीदवारों को बधाई और नए दायित्वों के लिए शुभकामना दी है. उन्होंने कहा कि एनडीए के विधायकों ने आज तीन पार्टियों के राष्ट्रीय अध्यक्षों को जीत दिलाई है। भाजपा अध्यक्ष ने सभी विजयी उम्मीदवारों भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, मुख्यमंत्री और जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा, रामनाथ ठाकुर और शिवेश राम को जीत की बधाई देते हुए कहा कि यह हमारे गठबंधन एनडीए की बहुत प्रभावी और प्रमाणित जीत है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन के लोग अपने उम्मीदवार की जीत को लेकर अफवाह फैलाते रहे लेकिन जीत एनडीए के पक्ष में रही। उन्होंने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में एनडीए की एकजुटता से एनडीए को प्रचंड बहुमत मिला था और इस चुनाव में भी हमारी एकजुटता पूरे देश को दिखी है। भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि एनडीए सभी प्रत्याशियों की जीत हमारी एकजुटता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित सभी पांच लोगों के राज्यसभा पहुंचने से उच्च सदन में एनडीए बहुत ही प्रभावी तरीके से उभरेगा, जिसका लाभ बिहार को मिलेगा। इस चुनाव परिणाम से स्पष्ट हो गया है कि विपक्ष पूरी तरह से साफ हो चुका है। उन्होंने एनडीए के उम्मीदवारों को समर्थन देने वाले विधायकों का भी आभार जताते हुए कहा कि राजद और कांग्रेस बिहार में नेतृत्वविहीन हो चुके हैं। दोनों दल आज अपने विधायकों को भी नहीं संभाल पा रहे हैं। उन्होंने दावे के साथ कहा कि राजद के पास आज अगर पूर्ण बहुमत होता तो वे किसी दूसरे को नहीं, बल्कि अपने परिवार के किसी सदस्य को उम्मीदवार बनाती।

» एनडीए के सभी प्रत्याशियों की जीत हमारी एकजुटता का प्रमाणः संजय सरावगी
» उच्च सदन में एनडीए प्रभावी तरीके से उभरेगा, बिहार को मिलेगा लाभः संजय सरावगी
» बिहार में राजद और कांग्रेस नेतृत्वविहीन, अपने विधायकों को भी नहीं संभाल सकतीः संजय सरावगी
» राजद के पास अगर पूर्ण बहुमत होता तो वे किसी और को नहीं, अपने परिवार के किसी सदस्य को उम्मीदवार बनातीः संजय सरावगी

## जहानाबाद में ट्रैफिक डीएसपी के नेतृत्व में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया



नई सोच एक्सप्रेस

**जहानाबाद।** ट्रैफिक डीएसपी के नेतृत्व में शहर के विभिन्न इलाकों में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। जिसमें दोपहिया, तीनपहिया और चारपहिया वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान पुलिस कर्मियों ने वाहन चालकों के कागजात की जांच की और ट्रैफिक नियमों के पालन को लेकर सख्त निर्देश दिए। दोपहिया वाहन चालकों को घर से निकलते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने की हिदायत दी गई ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लायी जा सके। वहीं तीनपहिया वाहन चालकों को ओवरटेक न करने, तेज गति से वाहन न चलाने और क्षमता से अधिक सवारी नहीं बैठाने की सख्त चेतावनी दी गई। चारपहिया वाहन चालकों को भी वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने और ट्रैफिक नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि शहर और बाजार क्षेत्रों में वाहन की गति सीमित रखनी चाहिए, जिससे संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके। ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते पाए जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और चालान भी काटा जाएगा। इस अभियान के दौरान ट्रैफिक डीएसपी के साथ अन्य पुलिस अधिकारी और कई पुलिस कर्मी भी मौके पर मौजूद रहे।

# डंपर दुर्घटना में चालक की मौत, दुकान में घुसा वाहन

नई सोच एक्सप्रेस



**सुगौली।** थाना क्षेत्र के श्रीपुर जान चौक पर सोमवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में डंपर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जुट गए। मिली जानकारी के अनुसार प्रखंड के उत्तरी श्रीपुर पंचायत स्थित श्रीपुर जान चौक पर सोमवार की सुबह एक डंपर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित एक दुकान में घुस गया। दुर्घटना इतनी तेज थी कि डंपर चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसा देख आसपास के दुकानदारों और लोगों में दहशत फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस को जानकारी दी। सूचना पर थानाध्यक्ष अवनीश सिंह ने एसआई शंभु प्रसाद को पुलिस बल के साथ मौके पर भेजा। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और लोगों से घटना की जानकारी ली। मृतक की पहचान हरसिद्धि थाना क्षेत्र के बैरियाडीह निवासी नमी पासवान के पुत्र मुन्ना पासवान के रूप में हुई है। बताया जाता है कि मुन्ना पासवान रेलवे में मिट्टी और बालू ढोने का काम करता था। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। बताया जाता है कि मृतक तीन बच्चों का पिता था और मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। स्थानीय लोग परिजनों को ढांढस बंधाने में लगे रहे। पुलिस ने आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया है। वहीं दुर्घटना में दुकान भी क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे दुकान मालिक अपनी क्षति को लेकर चिंतित दिखे। थानाध्यक्ष ने बताया कि डंपर को जब्त कर लिया गया है तथा मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## जहानाबाद के गांवों में मॉक ड्रिल और जागरूकता अभियान अग्निशमन विभाग ने चलाया

नई सोच एक्सप्रेस




**जहानाबाद।** गर्मी के मौसम को देखते हुए आगजनी की संभावित घटनाओं से बचाव के लिए बिहार अग्निशमन सेवा की ओर से जागरूकता अभियान तेज कर दिया गया है। जिले में अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी एवं अग्निशमन कर्मियों द्वारा विभिन्न गांवों में मॉक ड्रिल, बैठक और पंपलेट वितरण कर लोगों को आग से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। अग्निशमन विभाग की टीम ने परस बिगहा थाना क्षेत्र के पंचायत लरसा अंतर्गत ग्राम बभना में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को आग लगने की स्थिति में तुरंत उठाए जाने वाले जरूरी कदमों की व्यावहारिक जानकारी दी गई। अग्निशमन कर्मियों ने बताया कि थोड़ी सी सावधानी बरतकर बड़ी आगजनी की घटनाओं को रोका जा सकता है। मॉक ड्रिल के दौरान लोगों को रसोई गैस सिलेंडर, बिजली के शॉर्ट सर्किट तथा खेतों में आग लगने जैसी परिस्थितियों में बचाव के उपाय बताए गये। इसके साथ ही आग लगने पर तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचना देने और घबराने के बजाय सूझबूझ से काम लेने की अपील की गई। इसके अलावा बेलदारी बिगहा गांव में ग्रामीणों के साथ बैठक आयोजित की गई ग्रामीणों ने अग्निशमन विभाग के इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से लोगों में जागरूकता बढ़ती है और समय रहते आगजनी की घटनाओं से बचाव संभव हो पाता है।

## संक्षिप्त समाचार

## पंच तत्व स्पिरिचुअल ट्रस्ट के 10 वर्ष पूर्ण होने पर नारायण सेवा



**कुरुक्षेत्र**।आज पंच तत्व स्पिरिचुअल ट्रस्ट की स्थापना के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संस्था के सदस्यों द्वारा सेवा भाव के साथ मिठाई, फल और कपड़े वितरित कर नारायण सेवा की गई। इस अवसर पर संस्था के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने मिलकर समाज सेवा के अपने संकल्प को और मजबूत करने का संदेश दिया। संस्था की संस्थापक एवं अध्यक्ष ज्योतिष आचार्य एवं योग गुरु मीना कुमारी ने बताया कि 16 मार्च 2016 को पंच तत्व स्पिरिचुअल ट्रस्ट की स्थापना समाज को आध्यात्मिक, मानसिक और शारीरिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से की गई थी। उन्होंने कहा कि संस्था का मुख्य लक्ष्य योग, ध्यान और आध्यात्मिक ज्ञान के माध्यम से लोगों को "पेन टू प्लेजर" यानी दुख और तनाव से निकालकर आनंद और संतुलित जीवन की ओर ले जाना है। उन्होंने बताया कि आज के भागदौड़ भरे जीवन में तनाव और मानसिक दबाव तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे समय में योग और ध्यान ही वह साधन हैं जो व्यक्ति को तनावमुक्त, सकारात्मक और संतुलित जीवन की ओर ले जाते हैं। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए इस संस्था की शुरुआत की गई थी। आज इस संस्था के साथ देश-विदेश से अनेक लोग जुड़ रहे हैं और योग, ध्यान तथा आध्यात्मिक गतिविधियों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास कर रहे हैं। संस्था के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महिपाल शर्मा पिछले 10 वर्षों से संस्था के साथ सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं और निरंतर समाज सेवा के कार्यों में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। वहीं मनजीत कुमार भी कई वर्षों से संस्था के साथ जुड़े हुए हैं और मीडिया प्रभारी के रूप में संस्था की गतिविधियों को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर संस्था के राष्ट्रीय जनरल सेक्रेटरी विनोद कुमार, कुरुक्षेत्र जिलाध्यक्ष मीनाक्षी शर्मा, ऊषा राणा, कोषाध्यक्ष मुस्कान तथा सेक्रेटरी राजकुमार ने भी नारायण सेवा में बढ़-चढ़कर भाग लिया और जरूरतमंद लोगों को फल, मिठाई व कपड़े वितरित किए। संस्था के सदस्यों ने इस अवसर पर संकल्प लिया कि आने वाले समय में भी योग, ध्यान, आध्यात्मिक जागरूकता और समाज सेवा के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचकर मानवता की सेवा का यह कार्य निरंतर जारी रखा जाएगा।

## बड़ी कंपनी के साथ आर्या ग्रुप ऑफ कंपनी का समझौता बहुत जल्द



**नई दिल्ली**। आर्या ग्रुप ऑफ कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर दुर्गेश आर सिंह राजपूत बहुत जल्द किसी बड़ी कंपनी के साथ समझौता करने जा रहें हैं।जिसके बारे में अभी ज्यादा जानकारी नहीं हैं।लेकिन,बहुत जल्द इसका पूरा विवरण आर्या ग्रुप ऑफ कंपनी की ओर से जारी किया जायेगा।ज्ञात हो कि आर्या ग्रुप ऑफ कंपनी मीडिया एंड एंटरटेनमेंट क्षेत्र में कार्य करती हैं।तो ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा हैं कि इसी क्षेत्र में कुछ नया करने की योजना हो सकती हैं।फिलहाल दुर्गेश आर सिंह राजपूत ने सोशल मीडिया में पोस्ट किया हैं कि दोस्तों आपलोग आशीर्वाद बनाये रखें।कुछ बड़ी कामयाबी हासिल हुई है।जल्दी ही आप लोगो के बीच खुशी शेयर करूंगा।आर्या ग्रुप ऑफ कंपनी के एमडी और सीईओ दुर्गेश आर सिंह राजपूत यात्रा पर हैं।कुछ बड़ा समझौता बड़ी कंपनी के साथ होने जा रहीं हैं।कड़ी मेहनत कभी ख़राब नहीं होती हैं।सफलता ज़रूर मिलती हैं। इस पोस्ट से कई तरह की उम्मीदें प्रशंसकों और समर्थकों में हैं।वहीं विरोधियों में भी इसको लेकर हलचल हैं।आखिर,नई योजना आर्या ग्रुप ऑफ कंपनी की क्या होगी? जिसको लेकर पूरी जानकारी बहुत जल्द आर्या ग्रुप ऑफ कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर साझा करेंगे।

## प्रसिद्ध कलाकार साची तिवारी वेब सीरीज प्रधान जी में निभा रही है चांदनी का किरदार



बिहार के सासाराम के कशिगावां के साची तिवारी फिर से मचा रही है बड़ा धमाल, वेब सीरीज इंडस्ट्री में धमाल मचाने वाली है प्रधान जी में साची तिवारी, साची प्रधान जी की बेटी चांदनी का किरदार निभा रही है, प्रधान जी के प्रोड्यूसर विजय वल्लभहनी,को प्रोड्यूसर सिद्धार्थ जैन और अंकुर व्यास,निदेशक राहुल सिंह, शक्ति शशांक सुंदरम ने इसकी कहानी लिखी है,साची तिवारी ने कहा प्रधान जी वेब सीरीज रियल स्टोरी पर आधारित है, साची ने बताया कि इस वेब सीरीज में मेरी रियल मां प्रिया तिवारी मेरी मां का रोल निभा रही है, मां के साथ पहली बार सेट पर काम करना बहुत ही अच्छा लगा,इस सीरीज में कॉमेडी और इमोशंस का भरपूर मजा दर्शकों को मिलेगा, साची ने बताया ये वेब सीरीज आपलोगो को बहुत पसंद आएगी, क्योंकि ये वेब सीरीज गांव में एक प्रधान पर आधारित है कि कैसे एक अनपढ़ मूर्ख प्रधान 25 वर्षों से गांव पर शासन कर रहा है और उसके खिलाफ एक मध्यमवर्गीय पढ़ा लिखा लड़का खड़ा होता है,साची तिवारी छोटी उम्र से ही एक्टिंग कर रही है,महानायक अमिताभ बच्चन, सुपरस्टार शाहरुख खान के साथ भी साची ने अभिनय किया है, साची बहुत से टीवी शो मूवी और ऐड में काम किया है और कर रही हैं, साची के धारावाहिक अनमोल और कैसा है ये रिश्ता भी दर्शकों को काफी पसंद आया था,उन्होंने लोगों से कहा कि आप लोग इस वेब सीरीज को जरूर देखें और अपना प्यार और आशीर्वाद उन्हें जिस प्रकार से मिल रहा है वैसे ही अपना प्यार और आशीर्वाद दे ।

# भवानीपुर से ममता की राह आसान नहीं, भाजपा की नई रणनीति से बढ़ी चुनावी चुनौती

नई सोच एक्सप्रेस



**नई दिल्ली**।पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों की घोषणा के साथ ही राज्य में सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। चुनाव आयोग के अनुसार इस बार मतदान दो चरणों में—23 और 29 अप्रैल—को होगा, जबकि परिणाम 4 मई को घोषित किए जाएंगे। अन्य चार राज्यों में जहां एक ही दिन में मतदान होगा, वहीं बंगाल में दो चरणों में चुनाव कराए जाएंगे। इसी बीच राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को घेरने के लिए विपक्षी दलों ने नई रणनीति बनानी शुरू कर दी है। भाजपा खेमे में चर्चा है कि पार्टी अपने किसी सहयोगी दल के माध्यम से मुख्यमंत्री के खिलाफ एक मुस्लिम महिला उम्मीदवार को मैदान में उतारने की तैयारी कर रही है, चाहे ममता बनर्जी किसी भी सीट से चुनाव लड़ें। इसके साथ ही भाजपा स्वयं भी उसी सीट पर एक मजबूत उम्मीदवार उतारने की योजना बना रही है। सूत्रों के अनुसार इस रणनीति का उद्देश्य मुस्लिम मतों में विभाजन कर मुख्यमंत्री को उनके पारंपरिक गढ़ में चुनौती देना है। भाजपा के एक पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि पार्टी इस चुनाव में ममता बनर्जी को हराने के लिए हर संभव राजनीतिक रणनीति अपनाने को तैयार है। इस संदर्भ में लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) की प्रदेश महासचिव फातिमा खातून का नाम प्रमुखता से सामने आ रहा है। बताया जा रहा है कि भाजपा, एलजेपी (आर), हुमायूं कबीर की नवगठित पार्टी, एआईएमआईएम और नौशाद सिद्दीकी के सेक्युलर फ्रंट के साथ पर्दे के पीछे बातचीत कर रही है। भवानीपुर और उत्तरी हावड़ा क्षेत्र में फातिमा खातून पिछले कुछ दिनों से सक्रिय प्रचार कर रही हैं। उन्होंने "खवातीन-ए-मजलिस" नामक एक सामाजिक संगठन के माध्यम से भी महिलाओं के बीच अपनी पकड़ बनाने की कोशिश की है। हालांकि स्थानीय स्तर पर मतदाताओं की राय अलग-अलग है। हावड़ा नगर निगम के वार्ड 36 की पूर्व पार्षद शमीमा खान का कहना है कि फातिमा खातून भले ही लोगों से मिल-जुल रही हों, लेकिन मुस्लिम मतदाता अंततः ममता बनर्जी के साथ ही खड़े रहेंगे। वहीं भवानीपुर के मोचिनपाड़ा निवासी दुकानदार मोहम्मद अशफाक का कहना है कि फातिमा खातून लोगों के बीच सक्रिय हैं और उन्हें स्थानीय समर्थन मिल रहा है। दूसरी ओर, कांग्रेस की अपेक्षाकृत चुप्पी और वाम मोर्चे की सुस्ती भी राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बनी हुई है। हालांकि तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता मुख्यमंत्री की जीत को लेकर आश्वस्त नजर आ रहे हैं। पार्टी से जुड़े कार्यकर्ता सुमित का कहना है कि बंगाल की जनता चाहे किसी भी धर्म की हो ममता बनर्जी के नेतृत्व पर भरोसा करती है। गौरतलब है कि पिछले विधानसभा चुनाव में नंदीग्राम सीट पर शुभेंदु अधिकारी से हार के बाद ममता बनर्जी ने भवानीपुर से उपचुनाव जीतकर विधानसभा में वापसी की थी। फिलहाल भाजपा की ओर से संभावित उम्मीदवारों के रूप में सुवेंदु अधिकारी, प्रियंका टिबरेवाल और अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती के नाम भी चर्चा में हैं। ऐसे में स्पष्ट है कि अगर मुख्यमंत्री भवानीपुर से मैदान में उतरती हैं, तो इस बार उनकी जीत की राह पहले जितनी आसान नहीं मानी जा रही है।

## आदित्य सम्राट और खुशी कक्कर का नया भोजपुरी गाना रिलीज



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**।भोजपुरी म्यूजिक इंडस्ट्री में एक और नया धमाकेदार गाना रिलीज हो गया है। अभिनेता व गायक आदित्य सम्राट और लोकप्रिय गायिका खुशी कक्कर की आवाज में सजा यह नया भोजपुरी गाना दर्शकों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। गाने में अभिनेता आदित्य सम्राट के साथ अभिनेत्री दिव्या यादव की शानदार केमिस्ट्री देखने को मिल रही है, जो दर्शकों को खासा आकर्षित कर रही है। इस गाने को नेहा म्यूजिक वर्ल्ड के बैनर तले रिलीज किया गया है, जबकि इसके निर्माता रत्नेश कुमार हैं। रिलीज होते ही यह गाना सोशल मीडिया और यूट्यूब पर दर्शकों का भरपूर प्यार बटोर रहा है। गाने में आधुनिक संगीत और भोजपुरी लोक शैली का सुंदर समन्वय देखने को मिलता है, जो इसे और भी खास बनाता है। गाने का फिल्मांकन और प्रस्तुति भी काफी आकर्षक है, जिससे दर्शकों को भरपूर मनोरंजन मिल रहा है। नाचाइब जबरी गाने को लिखा है साजन सवारियां ने जबकि संगीत दिया है संगीतकार श्याम सुंदर ने। वहीं इस गाने के विडिओ डाइरेक्टर हैं धर्मेन्द्र यादव। निर्माता रत्नेश कुमार ने बताया कि पूरी टीम ने इस गाने को बेहतर बनाने के लिए काफी मेहनत की है और उन्हें विश्वास है कि यह गाना भोजपुरी संगीत प्रेमियों को जरूर पसंद आएगा। वहीं अभिनेता व गायक आदित्य सम्राट, दिव्या यादव और खुशी कक्कर ने दर्शकों से गाने को सुनने और अपना प्यार देने की अपील की है। मौके पर 200 से अधिक सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर की मौजूदगी रही जिन्होंने रील्स बनाकर गाने को प्रमोट किया।

## तरुण खटीक हत्याकांड के विरोध में कोलकाता की सड़कों पर विशाल केंडल मार्च का आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस




**नई दिल्ली**।कोलकाता की राजधानी में तमाम हिंदू संगठनों ने आज एक विशाल जैन समूह के साथ कैंडल मार्च का आयोजन किया गया जिसमें दिल्ली में जिहादियों द्वारा धोखे से तरुण खटीक निवासी उत्तम नगर दिल्ली की बेहरमी से मार मार कर हत्या कर दी तमाम हिंदू संगठनों की मांग है कि अब कट्टरपंथी लगातार हिंदुओं को जगह-जगह निशाना बना रहे हैं और उनकी हत्या कर रहे हैं कट्टरपंथी लव जिहाद की आड़ में धर्म परिवर्तन कर रहे हैं निर्दोष हिंदुओं की हत्या कर रहे हैं अब यह बर्दाश्त नहीं होगा हिंदुओं को आत्मरक्षा के लिए अमेरिका की तर्ज पर लाइसेंसी हथियार दिए जाएं आज कट्टरपंथियों के दबदबे के कारण कई राज्यों में हिंदू अल्पसंख्यक बनकर रह गया है अब हमें जात-पात में नहीं बटना है एक होकर इन कट्टरपंथियों का जिहादियों का डटकर मुकाबला करना है कैंडल मार्च कर रहे तमाम हिंदू संगठनों को अपना समर्थन देते हुए कोलकाता चुनाव सह प्रभारी एवं लोकसभा सांसद भोला सिंह ने तमाम कैंडल मार्च कर रहे लोगों की भावनाओं का समर्थन करते हुए कहा कि अब हिंदुओं की दलितों की रक्षा के लिए सरकार ठोस कदम उठाएगी क्योंकि दिल्ली से लेकर कोलकाता में इन जिहादियों घुसपैठियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है और यह मिलकर हिंदू दलित की बेवजह हत्या कर रहे हैं अब इन हत्यारे जिहादियों का मिलकर मुकाबला करना है और जितने भी बांग्लादेश म्यांमार के घुसपैठ दिए कट्टरपंथी जिहादी कोलकाता में छिपे बैठे हैं और ममता दीदी की शरण में मौज उड़ा रहे हैं इन्हें सभी को यहां से निकल भगाएंगे और जल्द ही हमारी भाजपा की सरकार कोलकाता में बनेगी और हिंदू जिस प्रकार यहां भी मारे जा रहे हैं उन्हें पूर्ण रूप से सुरक्षा प्रदान की जाएगी

» ममता दीदी ने सर्वाधिक कट्टरपंथी जिहादी यो को कोलकाता में शरण दे रखी है जल्द ही यहां से सभी घुस पत्तियां को भगाया जाएगा -- लोकसभा सांसद डॉ भोला सिंह

## सिलेंडर को लेकर अफवाहों के बीच सच सामने आया, जरूरतमंदों तक पहुंचने दें योजना का लाभ

नई सोच एक्सप्रेस



**उत्तर प्रदेश**। रसोई गैस सिलेंडर की कमी को लेकर फैल रही अफवाहों के बीच समाजसेवियों ने लोगों से संयम बरतने और सरकार की योजनाओं का लाभ वास्तविक गरीब परिवारों तक पहुंचाने की अपील की है। उनका कहना है कि फिलहाल गैस सिलेंडर की कोई वास्तविक कमी नहीं है, इसलिए अफवाहों पर ध्यान न दिया जाए। वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. राजेश खुराना ने कहा कि कई जगहों पर गरीबों के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ आर्थिक रूप से सक्षम लोग उठा रहे हैं, जिससे वास्तविक जरूरतमंद परिवार वंचित रह जाते हैं। उन्होंने लोगों से गरीब महिलाओं के अधिकारों का सम्मान करने और उनका हक न छीनने की अपील की। डॉ. उमेश शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गरीब परिवारों को रियायती या मुफ्त गैस कनेक्शन दिया जाता है, लेकिन कई जगह अपात्र लोग इसका लाभ ले रहे हैं। उन्होंने समाज से जिम्मेदारी और संवेदनशीलता दिखाने की अपील की। वहीं एडवोकेट अरविंद पुष्कर ने बताया कि 2016 में शुरू हुई उज्ज्वला योजना के तहत अब तक 10 करोड़ से अधिक गरीब परिवारों को गैस कनेक्शन मिल चुका है। इस योजना का उद्देश्य गरीब महिलाओं को धुआं-रहित रसोई ईंधन उपलब्ध कराना है। चन्द्रवीर सिंह फौजदार ने लोगों से अफवाहों से बचने और शांति बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि किसी गैस एजेंसी द्वारा सिलेंडर देने में आनाकानी की जाती है तो उपभोक्ता संबंधित कंपनियों के हेल्पलाइन नंबरों पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

# फ़िल्म "लव ऐंड घोस्ट" के ट्रेलर लांच पर पहुंचे कॉमेडियन सुनील पाल, निर्देशक श्रीपती मिश्रा,निर्माता गौरव मिश्रा

नई सोच एक्सप्रेस



**मुम्बई**।बॉलीवुड मे हॉरर फ़िल्मों के चलन के बीच अब एक और प्यार भरी हॉरर फ़िल्म "लव ऐंड घोस्ट" जल्द आने वाली है. निर्देशक श्रीपती मिश्रा और प्रोड्यूसर गौरव मिश्रा की इस फिल्म का दमदार ट्रेलर मुम्बई के इंपा थिएटर में भव्य रूप से लॉन्च किया गया जहां मुख्य अतिथि के रूप में कॉमेडियन सुनील पाल भी मौजूद रहे. इस अवसर पर फिल्म के हीरो अजीत पंडित, अभिनेत्री मधुलग्ना दास, उर्मिला शर्मा भी उपस्थित थीं. चीफ गेस्ट कॉमेडियन सुनील पाल ने फिल्म के ट्रेलर को बहुत पसन्द किया और इस फ़िल्म की सफ़लता के लिए पूरी टीम को अपनी शुभकामनाएं दीं. निर्देशक श्रीपती मिश्रा ने कहा कि उत्तराखंड के देहरादून मे पूरी फिल्म शूट की. मैं हमेशा कुछ अलग करना चाहता हूं. ये फिल्म भी दूसरी हॉरर फ़िल्मों से अलग है. 25-30 साल से इंडस्ट्री से जुड़ा हूं. इसलिए वह तमाम अनुभव काम आए. एहसान खान फिल्म मे एक तांत्रिक की महत्वपूर्ण भूमिका में हैं. फिल्म मे 2 गाने हैं. फिल्म के नायक अजीत पंडित ने कहा कि मेरा किरदार ऐसा है जिसपर आप को कभी प्यार आएगा तो कभी गुस्सा भी आएगा. वह आपको कभी सही तो कभी गलत लगेगा. यही इस कैरेक्टर की खासियत है. फिल्म मे सस्पेंस थ्रिल और भूत भी है मुझे उम्मीद है जिस तरह ट्रेलर को पसन्द किया जा रहा है उसी तरह फिल्म को सिनेमाघरों मे सराहा जाएगा." साउथ मे कई फ़िल्में कर चुकी नायिका मधुलग्ना दास इस बॉलीवुड फिल्म का हिस्सा बनकर खुद को काफी भाग्यशाली मानती हैं. उन्होने निर्माता निर्देशक का आभार जताया कि उन्हें इस रोल के लिए सेलेक्ट किया गया. हमने फिल्म के कुछ दृश्य पानी के अंदर और कुछ पहाड़ों पत्थर पे शूट किए हैं जो बेहद चुनौतियों भरे थे. प्रोड्यूसर गौरव मिश्रा ने रूद्राक्ष मूवीज ऐंड एंटरटेनमेंट के बैनर तले लव ऐंड घोस्ट को प्रेजेंट किया है. उन्होने कहा कि हम डायरेक्टर के साथ एक और फिल्म "असली चेहरा" भी बना रहे हैं. बी एल फिल्मस ऐंड टीवी प्रॉडक्शन के सहयोग से रत्ना श्री फिल्मस के बैनर तले बनी फिल्म लव ऐंड घोस्ट के निर्माता गौरव मिश्रा, अनंत सिंह, क्षत्रपति मिश्रा और प्रदीप सिंह है. इपी शिव नारायण रावत, चंद्रमोहन पांडेय, संगीतकार केशव आनंद, गीतकार वर्षा सक्सेना, लाइन प्रोड्यूसर संजय मैथानी, डीओपी उमेश चंद राय, एक्शन डायरेक्टर इरफान खान हैं. फिल्म मे अजीत पंडित, मधुलग्ना दास, एहसान खान, उर्मिला शर्मा, मोहित पांडे, कौशल शर्मा, शिवनारायण रावत और कुलदीप असवल ने अभिनय किया है. फिल्म जल्द सिनेमाघरों मे रिलीज की जाएगी.

## धनौली में भूमि प्रबंधन के लंबित मामलों पर बढ़ी सक्रियता, LMC बैठक कराने की उठी मांग

नई सोच एक्सप्रेस



**आगरा**।संजय साग़र सिंह। विकास खंड अकोला की ग्राम पंचायत धनौली में भूमि प्रबंधन से जुड़े लंबे समय से लंबित मामलों के समाधान को लेकर आज़ एक महत्वपूर्ण पहल देखने को मिली। वरिष्ठ भाजपा नेता उपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में ग्रामवासियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने उपजिलाधिकारी सदर सचिन राजपूत से मुलाकात कर भूमि प्रबंधन समिति (LMC) की बैठक शीघ्र आयोजित कराने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने इस संबंध में उपजिलाधिकारी को एक ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता के अंतर्गत भूमि प्रबंधन से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषय ग्राम पंचायत धनौली में लंबे समय से लंबित हैं, जिनका निस्तारण न होने से ग्राम विकास की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। ऐसे में भूमि की वर्तमान स्थिति की समीक्षा और लंबित मामलों के समाधान के लिए भूमि प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित किया जाना अत्यंत आवश्यक है। वरिष्ठ भाजपा नेता उपेन्द्र सिंह ने उपजिलाधिकारी से अनुरोध किया कि बैठक की वैधानिक गरिमा को ध्यान में रखते हुए शीघ्र तिथि और समय निर्धारित किया जाए। साथ ही संबंधित राजस्व निरीक्षक (कानूनगो) एवं हल्का लेखपाल को आवश्यक अभिलेखों के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए जाएं, ताकि बैठक की कार्यवाही व्यवस्थित और प्रभावी ढंग से संपन्न हो सके। श्री सिंह ने आशा जताई कि प्रशासन इस विषय को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही बैठक आयोजित करेगा, जिससे ग्राम पंचायत धनौली में भूमि प्रबंधन से जुड़े लंबित मामलों का समाधान हो सके और ग्राम के विकास कार्यों को शीघ्र नई गति मिल सके। इस अवसर पर ग्राम प्रधान लोकेश सिंह, मोहर सिंह खैर सहित कई सम्मानित ग्रामवासी भी मौजूद रहे।

» वरिष्ठ भाजपा नेता उपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने उपजिलाधिकारी सदर से की मुलाकात, शीघ्र तिथि तय कर बैठक कराने का सौंपा ज्ञापन

## श्रीनगर फ्लाईओवर परियोजना पर पुनर्विचार की मांग, हितधारकों से परामर्श का आह्वान

नई सोच एक्सप्रेस



**श्रीनगर**। जम्मू-कश्मीर के चिंतित नागरिकों के समूह (जीसीसी) ने केंद्र शासित प्रदेश सरकार से पोलो व्यू में झेलम नदी पर प्रस्तावित पुल-सह-फ्लाईओवर परियोजना को रोककर उस पर पुनर्विचार करने की मांग की है। समूह ने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और मुख्य सचिव अटल दुल्लू से इस परियोजना पर आगे बढ़ने से पहले सभी संबंधित हितधारकों से परामर्श करने का आग्रह किया है। जीसीसी ने एक बयान में कहा कि प्रस्तावित परियोजना की दीर्घकालिक प्रभावशीलता और शहर के यातायात पर इसके वास्तविक प्रभाव को लेकर गंभीर चिंताएं हैं। संगठन के अनुसार, यह स्पष्ट नहीं है कि पुल और फ्लाईओवर से यातायात जाम की समस्या का स्थायी समाधान होगा या समस्या केवल एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित हो जाएगी। समूह ने पोलो व्यू क्षेत्र की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत पर संभावित प्रभाव को लेकर भी चिंता जताई है। उनका कहना है कि निर्माण कार्य से पोलो ग्राउंड के सीमित हरित क्षेत्र पर असर पड़ सकता है, जिससे शहर के पर्यावरण और सौंदर्य को नुकसान पहुंचने की आशंका है। जीसीसी ने बताया कि इन चिंताओं को पहले भी मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया था, लेकिन अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। संगठन ने सरकार से टिकाऊ और संतुलित शहरी नियोजन को प्राथमिकता देते हुए विशेषज्ञों, व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों से व्यापक परामर्श के बाद ही निर्णय लेने की अपील की है।

हर खबर पर पैनी नजर
नई सोच एक्सप्रेस
(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)



## सोच प्रतिबिंबित हुई

मार्क कार्नी की सोच है कि जब बड़ी ताकतें अंतरराष्ट्रीय व्यवहार के कायदों को ठोकर मार रही हैं, मध्यम दर्जे की ताकतों को आपस में मिलकर अपने हितों की रक्षा करनी चाहिए। भारत यात्रा में उनकी ये सोच प्रतिबिंबित हुई।

मार्क कार्नी की भारत यात्रा का सार है कि नए हालात के बीच भारत और कनाडा ने अपने रिश्तों में फंसे कांटे को निकाल कर आगे की दिशा तय की है। कनाडा के प्रधानमंत्री की यात्रा के दौरान तीन प्रमुख फैसले हुए। इसके तहत कनाडा 2.6 बिलियन डॉलर के यूरेनियम की आपूर्ति करने पर राजी हुआ है, दोनों देशों ने इस वर्ष के अंत तक व्यापक आर्थिक सहभागिता समझौते को अंतिम रूप देने का लक्ष्य तय किया है, और उन्होंने 2030 तक आपसी व्यापार को (पिछले साल के 23 बिलियन डॉलर से बढ़ा कर) 30 बिलियन डॉलर तक ले जाने का इरादा जताया है।

जिस दौर में व्यापार की पुरानी व्यवस्थाएं टूट चुकी हैं, दोनों देशों का अपने संबंध के व्यापारिक पहलुओं पर इस तरह ध्यान केंद्रित करना लाजिमी ही है। इसके पहले मार्क कार्नी अपनी यह सोच सामने रख चुके हैं कि जब बड़ी ताकतें अंतरराष्ट्रीय व्यवहार के कायदों को ठोकर मार रही हैं, तब मध्यम दर्जे की ताकतों को आपस में मिलकर अपने हितों की रक्षा करनी चाहिए। भारत यात्रा के दौरान उनकी ये सोच प्रतिबिंबित हुई। मगर ऐसे संकेत भी मिले कि कांटा निकलने के बावजूद उसके हुआ जख्म अभी पूरी तरह भरा नहीं है। कार्नी की यात्रा के दौरान ही कनाडा की खुफिया एजेंसियों ने सिख आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय अधिकारियों के कथित हाथ से संबंधित सूचनाएं फिर मीडिया को लीक कीं।

उधर ये खबर भी चर्चित हुई कि कनाडा के नागरिक एक अन्य सिख चरमपंथी को उसकी जान का खतरा होने को लेकर आगाह किया गया है। इन खबरों को लेकर कनाडाई खुफिया एजेंसी के इरादों पर कूटनीतिक हलकों में कयास लगते रहे। सवाल उठा कि क्या कनाडा के सरकारी दायरे में कुछ ताकतें भारत से अपने देश के सुधरते संबंध को लेकर खुश नहीं हैं? जिस समय भारत और कनाडा ने पुरानी बातों को भूल कर आगे बढ़ने का फैसला किया है, दोनों देशों की सरकारों को ऐसी कोशिशों से सावधान रहना होगा। उन्हें दोनों देशों को जोड़ने वाले पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करना होगा, जिनमें भारतीय प्रवासी एक महत्त्वूपूर्ण कड़ी हैं।

# सियासी जंग की शुरुआत, लोकतांत्रिक मर्यादाएं फिर सवालों के घेरे में



आरती कुमारी

भारत जैसे विशाल लोकतांत्रिक देश में चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन की प्रक्रिया नहीं होते, बल्कि वे लोकतंत्र की परिपक्वता, जनविश्वास और राजनीतिक संस्कृति की परीक्षा भी होते हैं। जब किसी राज्य या क्षेत्र में चुनाव की घोषणा होती है तो स्वाभाविक रूप से राजनीतिक गतिविधियां तेज हो जाती हैं, आरोप-प्रत्यारोप का दौर चलता है और दल अपने-अपने एजेंडे को लेकर जनता के बीच पहुंचते हैं। किंतु इस पूरी प्रक्रिया के केंद्र में एक संस्था की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है-भारत का चुनाव आयोग। यही संस्था सुनिश्चित करती है कि चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष और हिंसा-मुक्त वातावरण में संपन्न हों। इस बार असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल जैसे चार बड़े राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी में विधानसभा चुनावों की घोषणा के साथ ही देश की राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इन पांचों स्थानों की कुल 824 विधानसभा सीटों पर मतदान होना है और देश के 17.4 करोड मतदाताओं के मन एवं मानसिकता की जानकारी भी मिलेगी। पिछली बार की तुलना में इस बार मतदान कम चरणों में संपन्न कराया जा रहा है, जो प्रशासनिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण परिवर्तन माना जा सकता है। असम, केरल और पुडुचेरी में जहां 9 अप्रैल को मतदान प्रस्तावित है, वहीं तमिलनाडु की सभी 234 सीटों पर 23 अप्रैल को मतदान होना है। दूसरी ओर पश्चिम बंगाल में चुनाव दो चरणों में आयोजित किए जा रहे हैं-पहले चरण में 23 अप्रैल को 152 सीटों पर और दूसरे चरण में 29 अप्रैल को 142 सीटों पर मतदान होगा। इन चुनावों की ओर पूरे देश की निगाहें लगी हुई हैं, क्योंकि इनके परिणाम केवल इन राज्यों की राजनीति ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय राजनीतिक परिदृश्य को भी प्रभावित कर सकते हैं। इन चुनावों का महत्व केवल राजनीतिक सत्ता परिवर्तन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देश के लोकतांत्रिक स्वास्थ्य की भी परीक्षा है। विशेष रूप से पश्चिम बंगाल में लंबे समय से राजनीतिक संघर्ष और टकराव की स्थिति देखने को मिलती रही है। वहां सत्तारूढ़ दल तृणमूल कांग्रेस और मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी के बीच तीखी राजनीतिक प्रतिस्पर्धा है। इस प्रतिस्पर्धा के कारण कई बार चुनावी हिंसा और राजनीतिक तनाव की घटनाएं भी सामने आती रही हैं। इसलिए यह चुनाव केवल सत्ता की लड़ाई नहीं बल्कि यह भी एक कसौटी है कि क्या लोकतांत्रिक प्रक्रिया हिंसा और भय से मुक्त रहकर संपन्न हो सकती है। लोकतंत्र का मूल आधार यह है कि प्रत्येक मतदाता बिना किसी दबाव, भय या प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में इस आदर्श को बनाए रखना आसान नहीं है। चुनाव आयोग के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही होती है कि चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी बनी रहे। इसके लिए आयोग को सुरक्षा बलों की तैनाती, मतदान केंद्रों की व्यवस्था, इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीनों की सुरक्षा और मतदाता सूची की शुद्धता जैसे अनेक पहलुओं पर लगातार निगरानी रखनी पड़ती है। इसके अतिरिक्त राजनीतिक दलों और उनके कार्यकर्ताओं के आचरण पर भी नजर रखना जरूरी होता है ताकि चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन न हो। इन चुनावों के संदर्भ में पश्चिम बंगाल विशेष चर्चा का विषय बना हुआ है। लंबे समय से वहां राजनीतिक हिंसा और टकराव की घटनाएं सामने आती रही हैं। कई विश्लेषकों का मानना है कि इस बार वहां सत्ता परिवर्तन की संभावना के कारण राजनीतिक संघर्ष और तीखा हो सकता है। सत्तारूढ़ नेतृत्व का प्रतिनिधित्व करने वाली ममता बनर्जी की सरकार के सामने सत्ता बनाए रखने की चुनौती है, वहीं विपक्ष अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रहा है। इस परिस्थिति में चुनाव आयोग की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है कि वह मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण बनाए रखे। दूसरी ओर केरल और तमिलनाडु की राजनीति भी अपने विशिष्ट स्वरूप के कारण चर्चा में रहती है। केरल में आमतौर पर सत्ता दो प्रमुख राजनीतिक मोर्चों के बीच बदलती रही है, जबकि तमिलनाडु की राजनीति क्षेत्रीय दलों के प्रभाव के लिए जानी जाती है। इन राज्यों में चुनावी प्रतिस्पर्धा तीव्र होती है, किंतु अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण वातावरण में मतदान की परंपरा भी देखने को मिलती है। असम की स्थिति भी अलग है, जहां पूर्वोत्तर भारत की राजनीति के संदर्भ में चुनाव के परिणाम महत्वपूर्ण माने जाते हैं। यदि वहां सत्तारूढ़ दल फिर से सत्ता में लौटता है तो यह क्षेत्रीय राजनीति के लिए एक महत्वपूर्ण संकेत माना जाएगा। हालांकि इन सभी चुनावों के संदर्भ में एक प्रश्न लगातार उठता है कि क्या राजनीतिक दल लोकतंत्र की मर्यादाओं का पालन करने के लिए पर्याप्त गंभीर हैं। चुनावी राजनीति में प्रतिस्पर्धा स्वाभाविक है, किंतु जब यह प्रतिस्पर्धा हिंसा, घृणा और असहिष्णुता में बदल जाती है तो लोकतंत्र की मूल भावना को चोट पहुंचती है। दुर्भाग्य से कई बार राजनीतिक दल चुनाव जीतने की होड़ में लोकतांत्रिक शालीनता को नजरअंदाज कर देते हैं। आरोप-प्रत्यारोप, व्यक्तिगत हमले और हिंसक घटनाएं इस प्रवृत्ति के उदाहरण हैं। इस स्थिति में यह केवल चुनाव आयोग की जिम्मेदारी नहीं रह जाती कि वह चुनाव को निष्पक्ष बनाए। राजनीतिक दलों और उनके नेताओं की भी उतनी ही जिम्मेदारी है कि वे लोकतंत्र की गरिमा को बनाए रखें। यदि दल स्वयं ही आचार संहिता का सम्मान करें और अपने कार्यकर्ताओं को संयमित आचरण के लिए प्रेरित करें तो चुनावी प्रक्रिया कहीं अधिक स्वस्थ और सकारात्मक बन सकती है। लोकतंत्र की सफलता केवल संस्थाओं पर निर्भर नहीं करती, बल्कि राजनीतिक संस्कृति और सामाजिक चेतना पर भी निर्भर करती है। इसके साथ ही मतदाताओं की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। लोकतंत्र में अंतिम निर्णय जनता के हाथ में होता है। यदि मतदाता जागरूक और सजग हों तो वे ऐसे नेताओं और दलों को प्रोत्साहित करेंगे जो लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान करते हैं। मतदाताओं को यह समझना होगा कि उनका वोट केवल एक राजनीतिक विकल्प नहीं बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की दिशा तय करने वाला निर्णय भी है। इन पांच क्षेत्रों में होने वाले चुनाव इसलिए भी महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वे यह संदेश देंगे कि भारत का लोकतंत्र किस दिशा में आगे बढ़ रहा है। यदि ये चुनाव शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न होते हैं तो यह न केवल देश के लिए बल्कि दुनिया के लिए भी एक सकारात्मक उदाहरण होगा। भारत को अक्सर दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में देखा जाता है, इसलिए यहां होने वाली चुनावी प्रक्रिया पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी नजर रहती है। निश्चित तसौर पर यह कहा जा सकता है कि चुनाव केवल राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का मंच नहीं हैं, बल्कि वे लोकतंत्र के मूल्यों की परीक्षा भी हैं। असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में होने वाले चुनाव इस दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। यदि इन चुनावों में राजनीतिक दल संयम और जिम्मेदारी का परिचय दें, चुनाव आयोग अपनी निष्पक्षता और दृढ़ता बनाए रखे तथा मतदाता जागरूकता के साथ मतदान करें, तो यह लोकतंत्र की शक्ति को और अधिक सुदृढ़ करेगा। प्रश्न यह है कि क्या हम इन चुनावों के माध्यम से एक ऐसा आदर्श प्रस्तुत कर पाएंगे, जिसमें लोकतंत्र केवल मतपेटियों तक सीमित न रहकर शालीनता, सहिष्णुता और जनविश्वास की भावना को भी मजबूत करे। यही वह कसौटी है जिस पर इन चुनावों की सफलता या असफलता का वास्तविक मूल्यांकन किया जाएगा।

# भारत की ऊर्जा - सुरक्षा और चुनौतियाँ



जितेन्द्र कुमार सिन्हा, पटना

आधुनिक दुनिया की अर्थव्यवस्था सबसे महत्वपूर्ण संसाधन पर टिकी हुई है, वह है ऊर्जा। ऊर्जा के बिना आज का कोई भी समाज, उद्योग या आर्थिक गतिविधि संभव नहीं है। बिजली, पेट्रोलियम, गैस, कोयला और नवीकरणीय ऊर्जा के विभिन्न स्रोत आधुनिक जीवन की आधारशिला बन चुका है। भारत जैसे तेजी से विकसित हो रहे देश के लिए ऊर्जा की आवश्यकता लगातार बढ़ती जा रही है। बढ़ती आबादी, बढ़ते शहर, उद्योगों का विस्तार और परिवहन व्यवस्था। इन सबके कारण ऊर्जा की मांग हर साल बढ़ती जा रही है। लेकिन इसी के साथ एक बड़ी चुनौती भी सामने है ऊर्जा सुरक्षा। ऊर्जा सुरक्षा का अर्थ है कि किसी देश के पास अपनी जरूरत के अनुसार पर्याप्त और स्थिर ऊर्जा स्रोत उपलब्ध हों और उनकी आपूर्ति किसी बाहरी संकट से बाधित न हो। आज भारत के सामने यही चुनौती सबसे बड़ी है। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। इस आर्थिक विकास के साथ ऊर्जा की खपत भी तेजी से बढ़ रही है। कुछ प्रमुख तथ्य इस स्थिति को स्पष्ट करते हैं कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता है। देश अपनी जरूरत का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है। प्राकृतिक गैस की मांग भी लगातार बढ़ रही है और बिजली की खपत हर वर्ष नए रिकॉर्ड बना रही है। यह स्थिति बताती है कि भारत की अर्थव्यवस्था ऊर्जा पर कितनी निर्भर है। भारत की ऊर्जा सुरक्षा की सबसे बड़ी कमजोरी है आयात पर अत्यधिक निर्भरता। देश में तेल और गैस के भंडार सीमित हैं। इस कारण भारत को अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए विदेशों पर निर्भर रहना पड़ता है। विशेष रूप से मिडिल ईस्ट के देशों से भारत बड़ी मात्रा में कच्चा तेल आयात करता है। इन देशों में शामिल हैं सऊदी अरब, इराक, यूएई, कुवैत, कतर। अगर इन क्षेत्रों में राजनीतिक अस्थिरता या युद्ध होता है तो उसका असर सीधे भारत की ऊर्जा आपूर्ति पर पड़ता है। मिडिल ईस्ट दुनिया के सबसे बड़े तेल भंडार का क्षेत्र है। दुनिया के कुल तेल भंडार का लगभग 48 प्रतिशत हिस्सा इसी क्षेत्र में है। यही कारण है कि वैश्विक ऊर्जा बाजार में मिडिल ईस्ट की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। जब भी इस क्षेत्र में युद्ध या तनाव बढ़ता है तो तेल की कीमतों में उछाल आ जाता है और इसका असर दुनिया की हर अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। मिडिल ईस्ट में चल रहे युद्ध का असर भारत पर कई तरीकों से पड़ सकता है। युद्ध के कारण तेल की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। इससे कीमतें बढ़ती हैं। अगर समुद्री मार्गों पर तनाव बढ़ता है तो तेल परिवहन प्रभावित हो सकता है। तेल महंगा होने से भारत का आयात बिल बढ़ जाता है। ऊर्जा महंगी होने से परिवहन और उत्पादन लागत बढ़ती है। इन चुनौतियों को देखते हुए भारत ने पिछले कुछ वर्षों में अपनी ऊर्जा कूटनीति को मजबूत किया है। ऊर्जा कूटनीति का मतलब है कि देश विभिन्न देशों के साथ ऐसे संबंध बनाए जिससे ऊर्जा आपूर्ति सुरक्षित रहे। भारत ने इस दिशा में कई कदम उठाए हैं। पहले भारत मुख्य रूप से मिडिल ईस्ट से तेल आयात करता था। लेकिन अब भारत ने अपने आयात स्रोतों का विस्तार किया है। आज भारत तेल आयात करता है रूस से, अमेरिका से, अफ्रीकी देशों से और लैटिन अमेरिकी देशों से। इससे ऊर्जा आपूर्ति का जोखिम कम होता है। हाल के वर्षों में भारत ने रूस से तेल आयात में काफी वृद्धि की है। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिमी देशों द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के कारण रूस ने तेल कम कीमत पर बेचना शुरू किया। भारत ने इस अवसर का लाभ उठाया और बड़ी मात्रा में रूसी तेल खरीदना शुरू किया। इससे भारत को दो फायदे हुए। पहला सस्ता तेल मिला और दूसरा ऊर्जा आपूर्ति सुरक्षित हुई। ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए भारत ने रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार (Strategic Petroleum Reserve) भी बनाया है। यह भंडार आपातकालीन स्थिति के लिए होता है। अगर किसी कारण से तेल की आपूर्ति बाधित हो जाए तो इन भंडारों का उपयोग किया जा सकता है। भारत ने ऐसे भंडार बनाए हैं विशाखापत्तनम, मंगलुरु और पाडुर। भविष्य में इन भंडारों का विस्तार करने की योजना है। ऊर्जा सुरक्षा का एक और महत्वपूर्ण रास्ता है नवीकरणीय ऊर्जा। नवीकरणीय ऊर्जा वह स्रोत हैं जो कभी खत्म नहीं होते। जैसे सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, जल ऊर्जा और बायो ऊर्जा। भारत ने पिछले एक दशक में नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में काफी प्रगति की है। भारत आज दुनिया के प्रमुख सौर ऊर्जा उत्पादक देशों में शामिल हो चुका है। सरकार ने राष्ट्रीय सौर मिशन के तहत सौर ऊर्जा उत्पादन को तेजी से बढ़ाया है। आज देश के कई राज्यों में बड़े-बड़े सौर ऊर्जा पार्क स्थापित किए जा चुके हैं। राजस्थान और गुजरात इस क्षेत्र में अग्रणी हैं। पेट्रोल और डीजल पर निर्भरता कम करने के लिए भारत इलेक्ट्रिक वाहनों को भी बढ़ावा दे रहा है। सरकार ने कई योजनाएँ शुरू की हैं। FAME योजना, इलेक्ट्रिक बस परियोजनाएँ और चार्जिंग स्टेशन नेटवर्क। अगर आने वाले वर्षों में इलेक्ट्रिक वाहन तेजी से बढ़ते हैं तो पेट्रोलियम उत्पादों की मांग में कमी आ सकती है। हालांकि ऊर्जा सुरक्षा के क्षेत्र में भारत ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, लेकिन चुनौतियाँ अभी भी बड़ी हैं। आयात पर निर्भरता, ऊर्जा की बढ़ती मांग, वैश्विक बाजार की अस्थिरता और युद्ध और भू-राजनीतिक तनाव प्रमुख हैं। इन चुनौतियों से निपटने के लिए दीर्घकालिक रणनीति की जरूरत है। विशेषज्ञों का मानना है कि भारत को ऊर्जा सुरक्षा के लिए तीन प्रमुख रणनीतियों पर ध्यान देना होगा। पहला जितने अधिक देशों से तेल आयात होगा, जोखिम उतना कम होगा। दूसरा देश में तेल और गैस की खोज को बढ़ावा देना होगा और तीसरा सौर और पवन ऊर्जा को तेजी से बढ़ाना होगा। आज की दुनिया में ऊर्जा सुरक्षा केवल एक आर्थिक मुद्दा नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा का भी विषय बन चुका है। जिस देश के पास स्थिर ऊर्जा आपूर्ति होती है, वही देश आर्थिक रूप से मजबूत और राजनीतिक रूप से प्रभावशाली बन सकता है। भारत के सामने चुनौती बड़ी है, लेकिन संभावनाएँ भी उतनी ही बड़ी हैं। अगर सही नीतियाँ और दीर्घकालिक योजनाएँ अपनाई जाएँ तो भारत न केवल अपनी ऊर्जा जरूरतों को सुरक्षित कर सकता है, बल्कि भविष्य में स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व भी हासिल कर सकता है।

## आज का राशिफल




**मेष राशिः** मेष राशि वालों आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। कृषकों के लिए दिन बेहतर रहेगा। सरकार द्वारा कृषि संसाधनों की प्राप्ति होने से कृषि कार्यों में प्रगति होगी। दांपत्य जीवन में खुशियों का आगाज होगा। आज अगर नया काम शुरू करना चाहते हैं तो आपको सफलता जरूर मिलेगी। प्रतियोगी क्षेत्र में आपको आगे बढ़ने का मौका मिलेगा।

**वृष राशिः** वृष राशि वालों आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। पिछले कुछ दिनों में स्वास्थ्य से परेशान लोगों को आज काफी राहत होगी। आज ऑफिस में आपके प्रमोशन होने की खुशखबरी मिलेगी। आज घरवालों के साथ ख़ुशी का वातावरण रहेगा। आज किसी बात पर अधिक गौर न करें अन्यथा आपको उलझने होंगी। आज आपका स्वास्थ्य फिट रहेगा। काम में आपका मन लगेगा।

**मिथुन राशिः** मिथुन राशि वालों आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। भौतिक सुख सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। बिजनेस में तरक्की के योग बन रहे हैं। आज अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों को बखूबी निभायेंगे, परिवार के लोग आपकी सराहना करेंगे। दांपत्य जीवन में सुख शांति बनी रहेगी। राजनीतिक क्षेत्र में लोगों के साथ बेहतर तालमेल बना कर रखें लोग आपका समर्थन करेंगे।

**कर्क राशिः** कर्क राशि वालों आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज बड़ों की राय मानना आपके लिए बेहतर साबित हो सकता है। कॉम्पिटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों की मेहनत जल्द रंग लाएगी। इस राशि के इलेक्ट्रीशियन और अनाज के कारोबारियों को आज अधिक लाभ मिलने की संभावना है। आपके वैवाहिक जीवन में मधुरता बनी रहेगी। सामाजिक क्षेत्र में आपका मान सम्मान बढ़ेगा। लोग आपके सरल स्वभाव की तारीफ करेंगे।

**सिंह राशिः** सिंह राशि वालों आज आपका दिन अच्छा गुजरने वाला है। इस राशि के टेक्नॉलॉजी के छात्र किसी टॉपिक में उलझ सकते हैं, बेहतर रहेगा आप किसी सीनियर से राय ले लें। आज कार्य क्षेत्र में कुछ नए लोगों से मुलाकात हो सकती है। उनसे महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। आज आपके मन में शुभ विचारों का उदय होगा। आपमें कुछ नया करने की उत्सुकता बढ़ेगी।

**कन्या राशिः**कन्या राशि वालों आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज अनावश्यक विवाद में पड़ने से बचें वरना आपकी उलझनें बढ़ सकती हैं। आज दोस्तों का भरपूर सहयोग आपको मिलेगा। पारिवारिक संबंधों में पहले की अपेक्षा अधिक गहराई और अपनापन आपको महसूस हो सकता है। आपके व्यवहार में विनम्रता और लचीलापन ही समाज में आपको सम्मान बढ़ाएगा।

**तुला राशिः** तुला राशि वालों आज आपका दिन अच्छा जाने वाला है। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों के बॉस उनकी सैलरी में इन्क्रीमेंट करने घोषणा करेंगे, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आज पारिवारिक सुख समृद्धि में वृद्धि होगी। आज किसी धार्मिक स्थल पर जाने का प्रोग्राम बना सकते हैं।

**वृश्चिक राशिः** वृश्चिक राशि वालों आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। कार्य क्षेत्र में आपकी कड़ी मेहनत सफलता दिलाएगी जिससे आपके मनोबल में वृद्धि होगी और व्यापार की शिथिलता से आपको राहत मिलेगी। होटल रेस्टॉरेंट के बिजनेस में आज सेल दोगुनी होगी। आज शाम आप दोस्तों के साथ डिनर पार्टी का आयोजन कर सकते हैं। आज आपके स्वभाव में सकारात्मक परिवर्तन आएगा।

**धनु राशिः** धनु राशि वालों आज आपका दिन शुभ फलदायक साबित होगा। किसी काम के लिए आज आप कई बड़े फैसले ले सकते हैं। आज आपकी सूझबूझ और मेहनत से पड़ोस में चल रहे काफी पुराने विवाद का निपटारा हो जायेगा। रुकी हुई पेमेंट मिलने से आर्थिक पक्ष बेहतर होगा। अपने जीवनसाथी को किसी मामूली बात पर डांटने की बजाय विनम्रता से समझाएं इससे आप दोनों के बीच भरोसा और अंडरस्टैंडिंग बेहतर होगी।

**मकर राशिः** मकर राशि वालों आज आपका दिन सकारात्मक ऊर्जा से भरा रहेगा। आज मनपसंद कपड़े लेने की ओर आपका ध्यान आकर्षित होगा। बेटी का उसके मनचाहे फील्ड में सेलेक्शन होने के योग बन रहे हैं। आपके वैवाहिक जीवन में खुशियों का आगमन होगा। आज जल्दबाजी के चक्कर में काम गलत हो सकता है। ध्यान से काम करने की आवश्यकता है। आपकी जीवनशैली में पहले से अनुकूल परिवर्तन आएगा। मैकेनिकल इंजीनियर्स पुराना काम पूरा करके नए टारगेट की जिम्मेदारी मिल सकती है।

**कुम्भ राशिः** कुम्भ राशि वालों आज आपका दिन मिला जुला अनुभव देने वाला रहेगा। राजनीति में आज आपके कार्यभार की जिम्मेदारी बढ़ सकती है। दांपत्य जीवन की अनबन आज समाप्त होगी। आज बड़ों की बात ध्यान से सुनें बात को बीच में न काटें। इस राशि के लव मेट शाम को शॉपिंग पर जायेंगे। दिन मनोरंजन से भरपूर रहेगा। कपड़े के व्यापार में पहले से अधिक लाभ होने के आसार हैं। ग्राहकों के प्रति अपने व्यवहार को मधुर बनाना चाहिए। सामाजिक सेवा क्षेत्र में आपको नई जान पहचान मिलेगी। ऑइली खान पान को अवॉयड करें स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से राहत मिलेगी।

**मीन राशिः**मीन राशि वालों आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। आज सबके प्रति स्नेह पूर्वक रहें। आज समझदारी से बातों को समझेंगे। आज आपके लिए आय के नए मार्ग प्रदर्शित होंगे। विद्यार्थियों की आज लेखन कार्य में रुचि बढ़ेगी। आप किसी प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं। हार्डवेयर के कारोबारियों का काम अच्छा चलेगा। आज कुछ जानकार लोगों से आपकी जान पहचान बढ़ेगी। दांपत्य जीवन की अनबन आज समाप्त होगी। टेक्निकल क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन फायदेमंद रहेगा।

# अफवाह, अफरातफरी और व्यवस्था पर विश्वास : रसोई गैस संकट की मनोवैज्ञानिक राजनीति

आचार्य अशोक चौधरी प्रियदर्शी
कटिहार, बिहार

भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में सार्वजनिक वितरण प्रणालियाँ केवल प्रशासनिक व्यवस्थाएँ नहीं होतीं, बल्कि वे समाज के करोड़ों लोगों के दैनिक जीवन से सीधे जुड़ी होती हैं। रसोई गैस सिलेंडर भी ऐसी ही एक व्यवस्था है, जो आज लगभग हर घर की आवश्यकता बन चुकी है। लेकिन जब किसी व्यवस्था को लेकर अचानक अफवाहें फैलती हैं या लोगों के बीच भय का वातावरण बनता है, तब अक्सर वास्तविक समस्या से अधिक गंभीर स्थिति उस मनोवैज्ञानिक प्रतिक्रिया से पैदा होती है जो समाज में फैल जाती है। हाल के दिनों में रसोई गैस सिलेंडर को लेकर जो अफरातफरी दिखाई दे रही है, उसे इसी दृष्टिकोण से समझने की आवश्यकता है। यह बात समझना आवश्यक है कि किसी भी आधुनिक आर्थिक व्यवस्था का संचालन विश्वास के आधार पर होता है। यदि विश्वास कायम रहे तो व्यवस्था सुचारु रूप से चलती रहती है, लेकिन यदि अचानक अविश्वास फैल जाए तो मजबूत से मजबूत प्रणाली भी दबाव में आ सकती है। इस संदर्भ में एक सरल उदाहरण हमारे बैंकिंग तंत्र का है। भारत का सबसे बड़ा बैंक भारतीय स्टेट बैंक देश की वित्तीय व्यवस्था का प्रमुख स्तंभ माना जाता है। करोड़ों ग्राहक इसमें अपना धन सुरक्षित रखते हैं। देश के बैंकिंग तंत्र में लाखों करोड़ रुपये जमा रहते हैं और करोड़ों लोग प्रतिदिन बैंकिंग सेवाओं का उपयोग करते हैं। लेकिन कल्पना कीजिए कि यदि अचानक यह अफवाह फैल जाए कि बैंक बंद होने वाला है या बैंक के पास पैसा नहीं है और उसी समय करोड़ों ग्राहक एक साथ बैंक पहुँचकर अपनी जमा राशि निकालने का प्रयास करें तो क्या होगा? वास्तविकता यह है कि दुनिया का कोई भी बैंक ऐसी स्थिति में तुरंत सभी ग्राहकों को उनकी पूरी राशि एक साथ उपलब्ध नहीं करा सकता। इसका कारण यह नहीं है कि बैंक दिवालिया हो गया है, बल्कि इसका कारण यह है कि बैंकिंग प्रणाली इस सिद्धांत पर आधारित होती है कि सभी ग्राहक एक साथ अपना धन नहीं निकालते। यदि अचानक ऐसा हो जाए तो मजबूत से मजबूत बैंकिंग प्रणाली भी दबाव में आ सकती है। इसे अर्थशास्त्र की भाषा में "बैंक रन" कहा जाता है। कई देशों में ऐसी घटनाएँ देखी गई हैं जहाँ केवल अफवाहों के कारण मजबूत बैंक भी संकट में आ गए। यह उदाहरण इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे यह समझने में मदद मिलती है कि व्यवस्था की स्थिरता केवल संसाधनों पर नहीं बल्कि समाज के विश्वास और संयम पर भी निर्भर करती है। ठीक इसी प्रकार रसोई गैस सिलेंडर की आपूर्ति व्यवस्था भी एक सुव्यवस्थित वितरण प्रणाली के आधार पर संचालित होती है। भारत में करोड़ों परिवार घरेलू रसोई गैस का उपयोग करते हैं और यह आपूर्ति देशभर में फैले वितरण नेटवर्क के माध्यम से की जाती है। भारत की ऊर्जा कंपनियाँ, तेल विपणन कंपनियाँ और गैस एजेंसियाँ मिलकर यह सुनिश्चित करती हैं कि प्रत्येक उपभोक्ता को निर्धारित समय पर सिलेंडर उपलब्ध हो सके। सामान्य परिस्थितियों में यह व्यवस्था बिना किसी बाधा के चलती रहती है। लेकिन समस्या तब उत्पन्न होती है जब अचानक बड़ी संख्या में लोग एक साथ सिलेंडर लेने की कोशिश करने लगते हैं। ऐसी स्थिति में वितरण तंत्र पर दबाव बढ़ जाता है और लोगों को लगता है कि आपूर्ति में कमी हो गई है, जबकि वास्तविकता में



समस्या केवल अस्थायी दबाव की होती है। यह स्थिति उसी प्रकार की है जैसे किसी शहर में अचानक सभी लोग एक ही दिन बस या ट्रेन से यात्रा करने निकल पड़ें। उस समय परिवहन व्यवस्था पर अत्यधिक दबाव पड़ सकता है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि पूरी व्यवस्था समाप्त हो गई है। भारत जैसे विशाल देश में किसी भी सेवा को व्यवस्थित रूप से संचालित करने के लिए एक निश्चित योजना और समयबद्ध वितरण प्रणाली आवश्यक होती है। यदि लोग संयम बनाए रखें और अपनी आवश्यकता के अनुसार सेवाओं का उपयोग करें तो व्यवस्था सुचारु रूप से चलती रहती है। रसोई गैस को लेकर हाल में जो चिंता या अफरातफरी दिखाई दे रही है, उसका एक बड़ा कारण अफवाहें भी हैं। आधुनिक संचार माध्यमों और सामाजिक मीडिया के दौर में सूचनाएँ बहुत तेजी से फैलती हैं। कई बार अपुष्ट या भ्रामक जानकारी भी लोगों तक पहुँच जाती है और वह भय का कारण बन जाती है। ऐसी स्थिति में समाज के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह होती है कि वह तथ्यों और अफवाहों के बीच अंतर कर सके। भारत में रसोई गैस वितरण प्रणाली पिछले कई वर्षों में काफी मजबूत हुई है। उज्ज्वला योजना जैसी पहलों के माध्यम से करोड़ों गरीब परिवारों को गैस कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है। इससे ग्रामीण और गरीब परिवारों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है और पारंपरिक ईंधनों पर निर्भरता कम हुई है। आज देश में रसोई गैस का वितरण एक बड़े नेटवर्क के माध्यम से होता है जिसमें तेल कंपनियाँ, परिवहन तंत्र और स्थानीय गैस एजेंसियाँ शामिल हैं। यह प्रणाली प्रतिदिन लाखों सिलेंडरों की आपूर्ति करती है। इसलिए यह मान लेना कि अचानक गैस की आपूर्ति पूरी तरह समाप्त हो जाएगी या सभी उपभोक्ताओं को सिलेंडर नहीं मिलेगा, वास्तविकता से परे है। हाँ, यह संभव है कि यदि अचानक बहुत बड़ी संख्या में लोग एक साथ सिलेंडर लेने पहुँच जाएँ तो अस्थायी कठिनाई उत्पन्न हो सकती है। लेकिन यह समस्या स्थायी नहीं होती।

**ऐसी परिस्थितियों में सबसे महत्वपूर्ण बात है संयम और धैर्य-** यदि लोग घबराकर अनावश्यक रूप से अतिरिक्त सिलेंडर लेने लगते हैं तो इससे वितरण प्रणाली पर अनावश्यक दबाव पड़ता है और वास्तविक जरूरतमंद लोगों को परेशानी हो सकती है। इसलिए आवश्यक है कि समाज अफवाहों से दूर रहे और केवल आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करे। भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में राजनीतिक बहस और आलोचना स्वाभाविक है। विभिन्न राजनीतिक दल सरकार की नीतियों पर प्रश्न उठाते हैं और अपनी दृष्टि प्रस्तुत करते हैं। लेकिन किसी भी राष्ट्रीय व्यवस्था को लेकर भय और अव्यवस्था का वातावरण बनाना समाज के लिए उचित नहीं माना जा सकता। लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकार और जनता के बीच विश्वास का संबंध महत्वपूर्ण होता है। यदि नागरिक संयम और समझदारी के साथ व्यवहार करें तो किसी भी अस्थायी समस्या का समाधान आसानी से किया जा सकता है। भारत की प्रशासनिक और आपूर्ति व्यवस्था अनेक संकटों से गुजर चुकी है—चाहे वह प्राकृतिक आपदाएँ हों, महामारी का दौर हो या आर्थिक चुनौतियाँ। इन सभी परिस्थितियों में देश की संस्थाओं और जनता ने मिलकर समस्याओं का समाधान किया है। रसोई गैस से जुड़ी वर्तमान चिंता को भी इसी दृष्टिकोण से देखने की आवश्यकता है। यह कोई असाधारण या असंभव संकट नहीं है, बल्कि एक ऐसी स्थिति है जिसे सही जानकारी, संयम और प्रशासनिक प्रबंधन के माध्यम से आसानी से नियंत्रित किया जा सकता है। समाज के जिम्मेदार नागरिकों की भी यह भूमिका होती है कि वे अफवाहों को आगे बढ़ाने के बजाय सही जानकारी फैलाएँ और दूसरों को भी संयम बनाए रखने के लिए प्रेरित करें। यदि प्रत्येक व्यक्ति केवल अपनी वास्तविक आवश्यकता के अनुसार सिलेंडर ले और अनावश्यक घबराहट से बचे तो वितरण व्यवस्था सामान्य रूप से काम करती रहेगी। भारत जैसे विशाल देश में संसाधनों का संतुलित उपयोग और सामाजिक अनुशासन अत्यंत महत्वपूर्ण है। जब नागरिक और प्रशासन मिलकर जिम्मेदारी निभाते हैं तो बड़ी से बड़ी चुनौती भी अवसर में बदल सकती है। अंततः यह समझना आवश्यक है कि किसी भी व्यवस्था की मजबूती केवल उसके संसाधनों पर नहीं बल्कि समाज के विश्वास और धैर्य पर भी निर्भर करती है। रसोई गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए देश की ऊर्जा व्यवस्था और वितरण तंत्र लगातार कार्य कर रहा है। इसलिए अफवाहों से दूर रहना, संयम बनाए रखना और व्यवस्था पर विश्वास रखना ही इस समय सबसे समझदारीपूर्ण कदम है। समाज में अनावश्यक अफरातफरी से बचना और धैर्यपूर्वक परिस्थितियों का सामना करना ही किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की परिपक्वता का संकेत होता है।

# महेशपुरः इफ्तार पार्टी में दिखा सांप्रदायिक सौहार्द, एक दस्तरखान पर सजी मजहबी एकता की तस्वीर

नई सोच एक्सप्रेस

**महेशपुर(पाकुड़)।**पवित्र रमजान के महीने के अवसर पर रविवार की शाम महेशपुर एसडीपीओ विजय कुमार के आवास परिसर में भव्य इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था की झलक पेश की, बल्कि समाज में आपसी भाईचारे और 'अनेकता में एकता' के संदेश को भी जीवंत कर दिया। इफ्तार में प्रखंड क्षेत्र के हजारों रोजेदारों के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारी और विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एक साथ शामिल हुए।



**दुआओं में मांगा क्षेत्र का अमन और भाईचारा**

जैसे ही इफ्तार का समय हुआ, एसडीपीओ आवास परिसर 'आमीन' की गूंज से भर गया। रोजेदारों ने खजूर और पारंपरिक व्यंजनों के साथ अपना रोजा खोला। इस दौरान झामुमो जिलाध्यक्ष अजीजुल इस्लाम, एसडीओ साईमन मरांडी और एसडीपीओ विजय कुमार सहित सभी गणमान्य लोगों ने एक साथ बैठकर क्षेत्र में शांति, तरक्की और आपसी सद्भाव के लिए दुआ मांगी।

**प्रशासनिक और राजनीतिक हस्तियों की रही गरिमामयी उपस्थिति**

» एसडीपीओ आवास पर उमड़ा जनसैलाब, रोजेदारों के साथ अधिकारियों और नेताओं ने की अमन-चैन की दुआ

कार्यक्रम में मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष अजीजुल इस्लाम मौजूद रहे। उनके साथ जिला उपाध्यक्ष हाजी समद अली, केंद्रीय समिति सदस्य पिंकु शेख, जिला संगठन सचिव अनारूद्दीन मियां, सांसद प्रतिनिधि कुणाल अल्फ्रेड हेंब्रम और महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष जोसेफिना हेम्ब्रम ने भी शिरकत की। प्रशासनिक खेमे से अंचल अधिकारी संजय कुमार सिन्हा और थाना प्रभारी रवि शर्मा सहित कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे, जिन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ-साथ इबादत के इस पल में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

**"इंसानियत और प्रेम का संदेश है रमजान"**

मेजबान एसडीपीओ विजय कुमार ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि रमजान का यह पाक महीना हमें धैर्य और परोपकार की सीख देता है। ऐसे आयोजनों का उद्देश्य समाज के हर वर्ग को एक सूत्र में पिरोना है। वहीं, झामुमो जिलाध्यक्ष अजीजुल इस्लाम ने कहा कि यह महीना रहमतों का है, जो हमें जरूरतमंदों की सेवा और इंसानियत का पैगाम देता है।

**महत्वपूर्ण भागीदारीः**

प्रखंड उपाध्यक्ष एनामुल हक, मो. असद और पप्पू अंसारी की रही सक्रिय भूमिका।

निरोज मड़ैया, बाबु शेख, शाहलुम शेख और केताबुल शेख सहित कई कार्यकर्ता रहे उपस्थित। राजेंद्र हांसदा, शिवानी टुडू और सेनेली मुर्मू ने भी सामाजिक एकता के इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। हजारों की संख्या में पहुँचे लोगों के लिए फल, शरबत और कई प्रकार के व्यंजनों का व्यापक प्रबंध किया गया था। इफ्तार के बाद सभी ने एक-दूसरे को रमजान की बधाई दी, जिससे पूरा माहौल उत्सव और सौहार्द में बदल गया।

## संक्षिप्त समाचार

### आपसी सौहार्द और शांति के साथ मनाएं ईद का त्योहारः सीओ

» ईद को लेकर प्रशासन अलर्ट; ईदगाहों पर तैनात रहेंगे जवान, अफवाह फैलाने वालों पर होगी नजर

**महेशपुर (पाकुड़)।** आगामी ईद-उल-फितर के त्योहार को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और भाईचारे के वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से सोमवार को महेशपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। अंचलाधिकारी (सीओ) संजय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों और क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया।

**सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, ईदगाहों पर रहेगी पुलिस**

बैठक को संबोधित करते हुए अंचलाधिकारी संजय कुमार सिन्हा ने कहा कि ईद खुशियों और भाईचारे का त्योहार है। इसे शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि नमाज के दौरान सभी प्रमुख ईदगाहों और मस्जिदों के बाहर पुलिस जवानों की तैनाती की जाएगी, ताकि अकीदतमंदों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

**अफवाहों से बचें, प्रशासन का करें सहयोग**

थाना प्रभारी रवि शर्मा ने उपस्थित लोगों से अपील की कि वे त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की भ्रामक खबरों या सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने स्पष्ट किया कि शांति भंग करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने आग्रह किया कि यदि कोई संदिग्ध गतिविधि दिखे, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

**गणमान्य लोगों ने दिया एकजुटता का संदेश**

बैठक में उपस्थित हिंदू-मुस्लिम समुदाय के प्रतिनिधियों और शांति समिति के सदस्यों ने एक स्वर में त्योहार को आपसी प्रेम और सामाजिक समरसता के साथ मनाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि महेशपुर की परंपरा हमेशा से मिल-जुलकर त्योहार मनाने की रही है।

**ये रहे उपस्थितः**

इस अवसर पर एसआई अजय महतो, एएसआई अनिल सिंह, सांसद प्रतिनिधि कुणाल अल्फ्रेड हेम्ब्रम, अनारूद्दीन मियां, कलीमुद्दीन शेख, विजय भंडारी, सद्दाम हुसैन सहित कई गणमान्य नागरिक और ग्रामीण उपस्थित थे।

### खेती में तकनीक का कमालः कोड़ाइन की कहानी, आत्मनिर्भरता की नई जुबानी

» टपक सिंचाई तकनीक ने बदली सीतारामपुर की कोनिका दीदी की तकदीर, तरबूज और खीरे की खेती से बनीं मिसाल



**महेशपुर(पाकुड़)।** प्रखंड के सीतारामपुर गांव की कोनिका कोड़ाइन ने यह साबित कर दिया है कि यदि इरादे मजबूत हों और सही तकनीक का साथ मिले, तो ग्रामीण महिलाएं भी सफलता के नए आयाम गढ़ सकती हैं। कभी घर की चारदीवारी तक सीमित रहने वाली कोनिका दीदी आज 'सूक्ष्म टपक सिंचाई तकनीक' (Drip Irrigation) के जरिए सफल खेती कर पूरे इलाके के किसानों के लिए प्रेरणा स्रोत बन गई हैं।

**सखी मंडल से शुरू हुआ बदलाव का सफर**

कोनिका दीदी का बदलाव का सफर साल 2021 में शुरू हुआ, जब वे 'दीदी सागेन साकाम आजीविका सखी मंडल' से जुड़ीं। स्वयं सहायता समूह (SHG) के माध्यम से बचत की आदत और झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (JSLPS) के मार्गदर्शन ने उनके भीतर आत्मनिर्भर बनने का आत्मविश्वास जगाया। उन्हें जापान इंटरनेशनल कॉर्पोरेशन एजेंसी (JICA) परियोजना के तहत सूक्ष्म टपक सिंचाई यंत्र, वर्मी कम्पोस्ट यूनिट और पॉली नर्सरी हाउस उपलब्ध कराया गया।

**झिझक से सफलता तक का सफर**

शुरुआत में नई तकनीक को लेकर कोनिका आशंकित थीं, लेकिन JSLPS द्वारा रांची के ओरमांझी और अनगड़ा में कराए गए एक्सपोजर विजिट ने उनका नजरिया बदल दिया। प्रगतिशील किसानों को देख उन्होंने पहली बार 25 डिसमिल जमीन पर तरबूज की खेती की और 47,400 रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया। इस पहली सफलता ने उनके हौसलों को पंख लगा दिए।

**लाखों की कमाई की उम्मीद**

जनवरी 2026 में कोनिका ने अपने एक एकड़ खेत में खीरा और तरबूज की खेती शुरू की। वर्तमान स्थिति उत्साहजनक हैः

खीरे की बिक्रीः अब तक करीब 5 क्विंटल खीरा मुरारई और नलहट्टी बाजार में 65 रुपये प्रति किलो की दर से बेचकर 32,500 रुपये की आय प्राप्त कर चुकी हैं।

अनुमानित आयः आने वाले दिनों में खीरे की फसल से 1 लाख से 1.20 लाख रुपये तक की आय होने की संभावना है।

तरबूज की फसलः खेत में तरबूज की फसल में फूल आ चुके हैं, जिससे बंपर पैदावार की उम्मीद है।

**तकनीक बनी तरक्की का आधार**

कोनिका दीदी अपनी सफलता का पूरा श्रेय JSLPS और JICA परियोजना को देती हैं। उनका कहना है, "समूह से जुड़ने और सही प्रशिक्षण मिलने के कारण ही मैं आज इस मुकाम पर हूँ।" उनकी इस उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारी है, बल्कि आसपास की ग्रामीण महिलाओं में भी यह संदेश दिया है कि खेती अब केवल परंपरागत मेहनत नहीं, बल्कि तकनीक और योजना के साथ मुनाफे का सौदा है।

### विधानसभा के समक्ष छात्रों पर लाठीचार्ज गलत : आजसू पार्टी



आजसू पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने झारखंड विधानसभा के समक्ष छात्र आजसू के कार्यकारी अध्यक्ष बबलू महतो तथा आंदोलनरत छात्रों पर लाठी चार्ज करने की निंदा की है और दोषी पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि JTET परीक्षा अविलंब आयोजित करने की मांग को लेकर विधानसभा के समक्ष शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान छात्र नेता बबलू महतो सहित सभी छात्रों पर लाठी चार्ज किया गया है, जिसमें बबलू महतो समेत कई छात्र घायल हुए हैं, जो अति दुर्भाग्यपूर्ण है। आजसू पार्टी इसका पुरजोर विरोध करती है और यथाशीघ्र जेटेट परीक्षा आयोजित करने की मांग करती है। डॉ भगत ने कहा कि राज्य सरकार के इशारे पर पुलिस प्रशासन द्वारा लाठी चार्ज कर छात्रों की आवाज़ को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। राज्य सरकार लाठीचार्ज कर अपनी छात्रों विरोधी होने का प्रमाण दे रही है। राज्य सरकार से अभिलम्ब मांग करती है। जिस अधिकारी के आदेश पर लाठी चार्ज किया गया है अविलंब कार्रवाई की जाय और छात्रों की मांग के अनुरूप यथाशीघ्र जेटेट परीक्षा आयोजित की जाए।

## कोल्हू में मंदिर उद्घाटन सह हनुमान प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ का आयोजन, ध्वजारोहण के साथ हुआ शुभारंभ

नई सोच एक्सप्रेस

**टाटीझरिया।**प्रखंड क्षेत्र के कोल्हू गांव में नव निर्मित मंदिर उद्घाटन के अवसर पर हनुमान प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ का भव्य आयोजन प्रमुख सह यज्ञ समिति अध्यक्ष संतोष मंडल,उपाध्यक्ष मुकेश मंडल,कोषाध्यक्ष डीलो साव , सचिव प्रकाश प्रसाद संग समिति एवं ग्रामीणों के नेतृत्व में मार्च से किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ध्वजारोहण किया गया । इस अवसर पर गांव एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर पूजा-अर्चना में शामिल हुए। आचार्य विद्वान पंडितों द्वारा विधि-विधान के साथ हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा करवाने को लेकर श्रद्धालुओं में काफी हर्षोल्लास देखा जा रहा है। पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल जय श्री राम के जय घोष से गुंजायमान उठा। यज्ञ स्थल पर श्रद्धालुओं ने हवन में आहुति देकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि



एवं शांति की कामना की। कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन एवं धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन भी किया जा रहा है। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे तथा श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की गई है। इस मौके पर समिति सदस्यों में नारायण महतो ,लालचंद प्रसाद,पंकज मंडल,शंकर प्रसाद,अशोक , अ मृ त , अ खि ले श , अ जी त ,राजेंद्र,फूलचंद मंडल,शंभु प्रसाद गणमान्य लोग, सामाजिक कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष श्रद्धालु उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्रामीणों एवं समिति के सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका देखी जा रही है।

## मरहन्द की जनसमस्याओं को विधानसभा में उठाने पर विक्की कुमार धान ने विधायक मथुरा प्रसाद महतो का जताया आभार

नई सोच एक्सप्रेस

**हजारीबाग।** कटकमदाग प्रखंड के बेस पंचायत के पूर्व मुखिया प्रत्याशी विक्की कुमार धान ने टुंडी विधायक सह झामुमो के मुख्य सचेतक मथुरा प्रसाद महतो के और बाल संरक्षण आयोग की सदस्य रुचि कुजुर प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि 12 मार्च 2026 को उन्होंने झारखंड विधानसभा में विधायक महतो से औपचारिक मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा था। विक्की कुमार धान ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से हजारीबाग जिले के कटकमदाग प्रखंड अंतर्गत बेस पंचायत के मरहन्द क्षेत्र में संचालित विभिन्न फैक्ट्रियों से उत्पन्न हो रही गंभीर समस्याओं की जानकारी विधायक को दी गई। उन्होंने कहा कि नरसिंम्हा आयरन स्पंज, झारखंड सेल्स, जगतारनी तथा हिंदुस्तान जैसी फैक्ट्रियों के कारण क्षेत्र में लगातार अत्यधिक प्रदुषण, दुर्घटनाएं हो रही हैं और ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल



प्रभाव पड़ रहा है। इसके साथ ही क्षेत्र में विभिन्न बीमारियों का खतरा तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि फैक्ट्रियों के कारण मरहन्द क्षेत्र के जंगल तेजी से नष्ट हो रहे हैं और खेती योग्य भूमि धीरे-धीरे बंजर होती जा रही है, जिससे स्थानीय लोगों की आजीविका और पर्यावरण दोनों प्रभावित हो रहे हैं। इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने विधायक से इस मुद्दे को विधानसभा में प्रमुखता से उठाने का आग्रह किया था।विक्की ने कहा कि क्षेत्र की जनसमस्याओं और पर्यावरण से जुड़े इस महत्वपूर्ण मुद्दे को विधानसभा तक पहुंचाने के लिए वे विधायक मथुरा प्रसाद महतो

» विगत 12 मार्च को विधानसभा में मुलाकात कर झारखण्ड विधानसभा में उठाने का किया था आग्रह- विक्की कुमार धान

के प्रति हृदय से आभार प्रकट करते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार इस मामले पर गंभीरता से संज्ञान लेकर आवश्यक कदम उठाएगी, जिससे क्षेत्र के लोगों को राहत मिल सके और पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। जिसमें बाल संरक्षण आयोग की सदस्य रूचि कुजूर जी रोजर नाइट धर्मेंद्र ठाकुर , मुख्तार अंसारी देहाती लोगों पर स्थित थे।

## ईद, सरहुल एवं रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

नई सोच एक्सप्रेस

**हजारीबाग।**ईद, सरहुल एवं रामनवमी पर्व के अवसर पर विधि-व्यवस्था संधारण एवं शांतिपूर्ण आयोजन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज दिनांक 16 मार्च को स्थानीय पैराडाइज रिजॉर्ट, हजारीबाग में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की संयुक्त अध्यक्षता जिला उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने की।महापौर अरविंद राणा, उप महापौर अविनाश यादव, उप विकास आयुक्त रिया सिंह, नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता, सदर अनुमंडल पदाधिकारी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष, शांति समिति एवं सद्भावना समिति के अध्यक्ष तथा सदस्य उपस्थित थे।आगामी त्योहारों के शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित संपादन के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर पूजा अखाड़ा समितियों के प्रतिनिधियों द्वारा भी प्रशासन का



ध्यान आवश्यक व्यवस्थाओं की ओर आकृष्ट कराया गया। उन्होंने शोभा यात्रा के दौरान नशामुक्त अभियान चलाने, जुलूस मार्गों पर बिजली की समुचित व्यवस्था, एम्बुलेंस एवं मेडिकल टीम की प्रतिनियुक्ति, शौचालय एवं पेयजल की व्यवस्था, एम्बुलेंस के लिए वैकल्पिक मार्ग, पेड़ों की छंटाई तथा महिला पुलिस बल की तैनाती जैसे विषयों पर अपने सुझाव रखे। बैठक के दौरान उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने कहा कि हजारीबाग की रामनवमी अपने वैभव एवं अनुशासन के लिए विख्यात है। इसकी गरिमा एवं परंपरा को बनाए रखने के लिए सभी को मिलकर एक सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं तथा पर्व-त्योहारों को परंपरागत एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने का प्रयास किया जाना चाहिए। उपायुक्त ने लोगों से नशामुक्त वातावरण में त्योहार मनाने तथा विधि-व्यवस्था में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न नहीं करने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि डीजे के प्रयोग पर प्रशासन की सख्त मनाही है, क्योंकि अत्यधिक ध्वनि से वृद्ध, मरीज एवं अन्य संवेदनशील वर्गों को परेशानी होती है। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने कहा कि हजारीबाग की रामनवमी काफी प्रसिद्ध है और इसमें लाखों श्रद्धालु जुलूस में शामिल होते हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस प्रशासन द्वारा जुलूस के सुचारू संचालन हेतु व्यापक व्यवस्था की जा रही है। प्रत्येक प्रमुख चौराहे पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी तथा ड्रोन एवं सीसीटीवी के माध्यम से गतिविधियों की निगरानी की जाएगी। प्रत्येक जुलूस की नंबरिंग की जाएगी तथा रियल टाइम मॉनिटरिंग की व्यवस्था भी की जाएगी।उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर तीन नियंत्रण कक्ष हजारीबाग, बड़कागांव एवं बरही में संचालित किए जाएंगे, जहां से विधि-व्यवस्था की निरंतर निगरानी की जाएगी। साथ ही उन्होंने आम लोगों से सोशल मीडिया का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने की अपील करते हुए सभी से मिल-जुलकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व-त्योहार मनाने की अपील किया।

## पीएम श्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय मेड़कुरी में वार्षिक महोत्सव का भव्य आयोजन




नई सोच एक्सप्रेस

**दारू ( हजारीबाग)।**हजारीबाग जिला अंतर्गत दारू प्रखंड स्थित पीएम श्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय मेड़कुरी में सोमवार को वार्षिक महोत्सव एवं खेलकूद समारोह बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों और खेलकूद प्रतियोगिताओं की रंगारंग प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद विद्यार्थियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। समारोह में विशिष्ठ अतिथि जिला परिषद सदस्य गीता देवी, सांसद प्रतिनिधि बलदेव बाबू, दारू मंडल अध्यक्ष अशोक कुशवाहा, विद्यालय के प्रधानाचार्य रविकांत वर्मा, विद्यालय अध्यक्ष मुनिलाल पांडेय, तुलेश्वर पाण्डेय, विद्यालय के सभी शिक्षक, विद्यार्थी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने कत्थक नृत्य, पंजाबी भांगड़ा सहित कई आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनकी उपस्थित लोगों ने खूब सराहना की। वहीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को अतिथियों के हाथों पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन उपेंद्र पांडे ने किया। पूरे आयोजन के दौरान विद्यालय का माहौल उत्साह और तालियों की गूंज से भरा रहा।

## स्वस्थ जीवनशैली की ओर पाकुड़ के बढ़ते कदमः 32 स्थानों पर आयोजित हुआ विशेष योग प्रशिक्षण

नई सोच एक्सप्रेस

**पाकुड़।**भागदौड़ भरी जिंदगी में प्राकृतिक चिकित्सा और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सोमवार को आयुष विभाग, पाकुड़ द्वारा जिले भर में व्यापक स्तर पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत पाकुड़ मुख्यालय सहित पाकुड़िया, हिरणपुर, महेशपुर, लिट्टीपाड़ा और अमड़ापाड़ा जैसे प्रखंडों के कुल 32 चयनित स्थानों पर आमजन को योग और आयुष पद्धति की बारीकियों से अवगत कराया गया।

**योग से निरोग होने का संकल्प**

प्रशिक्षण शिविरों में योग प्रशिक्षकों ने उपस्थित लोगों को विभिन्न योगासनों, प्राणायाम और ध्यान की तकनीकों का गहन अभ्यास कराया। प्रशिक्षकों ने विस्तार से बताया कि कैसे नियमित योगाभ्यास न केवल शरीर को लचीला बनाता है, बल्कि रोग-प्रतिरोधक क्षमता (Immunity) को मजबूत करने और मानसिक तनाव को कम करने में भी रामबाण सिद्ध होता है।



**आयुष पद्धतिः सफल जीवन की आधारशिला**

कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए आयुष विभाग के पदाधिकारी ने कहा कि एक स्वस्थ शरीर ही सफल जीवन की नींव है। उन्होंने जोर देते हुए कहा, "योग मात्र एक शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह बेहतर और संतुलित जीवन जीने की एक संपूर्ण कला है। आयुष और प्राकृतिक चिकित्सा पद्धतियों को अपनाकर हम अपनी दिनचर्या में सकारात्मक सुधार ला सकते हैं।"

**सामाजिक जागरूकता पर जोर**

इस विशेष पहल का मुख्य उद्देश्य लोगों को उनकी जड़ों और प्राकृतिक उपचार पद्धतियों की ओर वापस लाना है। विभाग ने आम जनता से अपील की है कि वे योग को केवल एक दिन का कार्यक्रम न मानकर अपनी दैनिक जीवनशैली का अनिवार्य हिस्सा बनाएं। सोमवार को हुए इस कार्यक्रम में युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जो स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में एक सकारात्मक संकेत है।

» जिले के 32 केंद्रों पर आयुष विभाग का विशेष प्रशिक्षण, योग और प्राणायाम से स्वस्थ रहने का मंत्र

## आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाएं त्योहार, अफवाहों से रहें दूरः नगर थाना में हुई शांति समिति की बैठक

नई सोच एक्सप्रेस

**पाकुड़।**आगामी ईद, सरहुल और रामनवमी के त्योहारों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और भाईचारे के माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से सोमवार को नगर थाना परिसर में शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अंचलाधिकारी (CO), नगर प्रशासक, नगर परिषद अध्यक्ष सबरी पाल, उपाध्यक्ष राणा ओझा, विभिन्न वार्डों के पार्षदों सहित शहर के गणमान्य लोग और शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

**निर्धारित रूट से ही निकलेगा रामनवमी जुलूस**

बैठक में आगामी त्योहारों की तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा हुई। रामनवमी जुलूस को लेकर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जुलूस केवल पूर्व से निर्धारित मार्गों से ही निकाला जाएगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि मार्ग परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी ताकि यातायात और सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे और आमजन को किसी






प्रकार की असुविधा न हो।

**प्रशासन के कड़े दिशा-निर्देशः डीजे और शराब पर पाबंदी**

बैठक के दौरान अधिकारियों ने पर्व की गरिमा बनाए रखने के लिए कई आवश्यक निर्देश जारी किएः

डीजे पर रोकः त्योहारों के दौरान डीजे के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

**नशा मुक्ति की अपीलः** सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए लोगों से त्योहार के अवसर पर शराब से परहेज करने की अपील की गई।

**अफवाहों पर लगामः** सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से फैलने वाली किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने और संदिग्ध सूचना की तुरंत पुलिस को जानकारी देने का निर्देश दिया गया।

» ईद, सरहुल और रामनवमी को लेकर प्रशासन सतर्क; डीजे पर पाबंदी और निर्धारित रूट का पालन अनिवार्य

**सामाजिक समरसता ही त्योहारों का मूल**

नगर परिषद अध्यक्ष और उपस्थित अधिकारियों ने एक स्वर में कहा कि त्योहारों का वास्तविक उद्देश्य प्रेम, भाईचारा और सामाजिक एकता को मजबूत करना है। नगर प्रशासन और पुलिस ने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि पाकुड़ की गंगा-जमुनी तहजीब को बरकरार रखना हम सबकी संयुक्त जिम्मेदारी है। बैठक में मौजूद सभी प्रतिनिधियों ने प्रशासन को आश्वस्त किया कि सभी पर्व आपसी सद्भाव और उत्साह के साथ मनाए जाएंगे।

हर खबर पर पैनी नजर
नई सोच एक्सप्रेस
(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)



## संक्षिप्त समाचार

### पाकुड़ः सफाई में लापरवाही पर बरसे नगर परिषद उपाध्यक्ष, बोले- स्वच्छ शहर हमारी प्राथमिकता

» उपाध्यक्ष राणा ओझा का औचक निरीक्षण, गंदगी देख कर्मियों को लगाई फटकार



**पाकुड़।**शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने और वार्डों में स्वच्छता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को नगर परिषद के उपाध्यक्ष राणा ओझा ने मोर्चा संभाला। उन्होंने किशना कॉलोनी और वार्ड संख्या 5 समेत कई इलाकों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जमीनी हकीकत देख उपाध्यक्ष ने नाराजगी जाहिर की और मौके पर मौजूद सफाई कर्मियों व अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए।

**नालों की स्थिति देख जताई नाराजगी, तत्काल कराई सफाई**

उपाध्यक्ष ने जब किशना कॉलोनी और आसपास के क्षेत्रों का भ्रमण किया, तो कई स्थानों पर नाले कचरे से पटे मिले। गंदगी के कारण पानी का बहाव बाधित हो रहा था, जिससे स्थानीय निवासियों को दुर्गंध और जलजमाव की समस्या का सामना करना पड़ रहा था। इस स्थिति को देख राणा ओझा ने नगर परिषद के कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाई। उनके निर्देश पर तुरंत सफाई गैंग को बुलाया गया और कई अवरुद्ध नालों की मौके पर ही सफाई कराकर पानी की निकासी सुनिश्चित की गई।

**"लापरवाही बर्दाश्त नहीं, नियमित हो मॉनिटरिंग"**

निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष ने स्पष्ट संदेश दिया कि शहर की सुंदरता और स्वच्छता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा, "नगर परिषद का प्राथमिक दायित्व नागरिकों को स्वच्छ वातावरण देना है। अगर सफाई व्यवस्था में ढिलाई बरती गई, तो संबंधित कर्मियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।" उन्होंने सफाई पर्यवेक्षकों को निर्देश दिया कि वे केवल कागजों पर नहीं, बल्कि धरातल पर उतरकर रोजाना मॉनिटरिंग करें।

**वार्डवासियों को बेहतर सुविधा का भरोसा**

राणा ओझा ने निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों से भी बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने वार्ड पार्षदों और सफाई प्रभारियों को समन्वय बनाकर काम करने को कहा ताकि कूड़ा उठाने वाली गाड़ियाँ समय पर पहुँचें और सार्वजनिक स्थानों पर कचरा जमा न हो। उन्होंने जोर देकर कहा कि सभी वार्डों में चरणबद्ध तरीके से इसी तरह औचक निरीक्षण जारी रहेगा ताकि व्यवस्था को स्थायी रूप से सुधारा जा सके।

**निरीक्षण की मुख्य बातें:**

किशना कॉलोनी और वार्ड 5 में सफाई व्यवस्था की हुई समीक्षा। नालों में जमा सिल्ट और कचरे को तुरंत हटाने का आदेश। डस्टबिन के सही रखरखाव और नियमित कूड़ा उठाव पर जोर। सफाई कर्मियों को समयबद्ध तरीके से ड्यूटी करने की हिदायत। इस निरीक्षण के बाद शहरवासियों में यह उम्मीद जगी है कि आने वाले दिनों में पाकुड़ की सफाई व्यवस्था में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा।

### पाकुड़ः जाम के झाम में फंसी शहर की धड़कन, रेलवे फाटक के दोनों ओर घंटों मशक्कत कर रहे राहगीर

» रेलवे फाटक से गांधी चौक और मालगोदाम रोड तक टोटो और अतिक्रमण का कब्जा, राहगीर हलकान



**पाकुड़।** जिला मुख्यालय की यातायात व्यवस्था इन दिनों पूरी तरह चरमरा गई है। रेलवे फाटक के पूर्वी और पश्चिमी, दोनों छोरों पर सुबह से शाम तक लगने वाले जाम ने आम जनता का जीना मुहाल कर दिया है। विशेष रूप से रेलवे फाटक पूर्वी भाग से मालगोदाम रोड और पश्चिमी भाग से गांधी चौक तक की सड़क पर पैदल चलना भी दूभर हो गया है। प्रशासन की उदासीनता और अव्यवस्थित यातायात के कारण स्थिति दिन-प्रतिदिन भयावह होती जा रही है।

**टोटो स्टैंड और फुटपाथ पर अतिक्रमण बना मुख्य कारणः**जाम का सबसे बड़ा कारण ई-रिक्शा (टोटो) चालकों की मनमानी है। रेलवे फाटक के आसपास चालकों ने अपनी सुविधानुसार कहीं भी अवैध स्टैंड बना लिया है। टोटो के सड़क के बीचों-बीच खड़े रहने से पीछे आने वाले वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। इसके साथ ही, पूर्वी भाग से मालगोदाम रोड तक फुटपाथ पर दुकानदारों ने स्थायी रूप से अतिक्रमण कर लिया है। सड़क की चौड़ाई कम होने और फुटपाथ गायब होने से पैदल यात्रियों को मुख्य सड़क पर चलने को मजबूर होना पड़ता है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

**रेलवे यात्रियों की बढ़ती मुसीबतें:**रेलवे द्वारा मालगोदाम रोड की ओर उतरने वाले दो पैदल पुल (FOB) बनाए गए हैं। ट्रेन आने के बाद इन पुलों से उतरने वाले यात्रियों की भारी भीड़ मालगोदाम रोड पर आती है। इनमें पाकुड़ से डाक बंगला, इलामी और संग्रामपुर गाँव की ओर जाने वाले यात्रियों की संख्या सबसे अधिक होती है। ट्रेन से उतरते ही यात्रियों को सड़क पर पसरे जाम और टोटो की बेतरतीब कतारों से दो-चार होना पड़ता है।

**ग्रामीण क्षेत्रों का संपर्क हो रहा प्रभावित:**यह सड़क न केवल शहर के लिए, बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों जैसे इलामी और संग्रामपुर के लिए भी मुख्य संपर्क मार्ग है। जाम के कारण एम्बुलेंस, स्कूली बसें और आवश्यक सेवाओं के वाहन घंटों फंसे रहते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर समय रहते टोटो स्टैंड को व्यवस्थित नहीं किया गया और फुटपाथ से अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो आने वाले दिनों में स्थिति और भी खराब हो जाएगी।

**परेशानी के मुख्य बिंदु:**

रेलवे फाटक के दोनों ओर टोटो चालकों द्वारा सड़क घेरा जाना।

फुटपाथ पर दुकानदारों का कब्जा, जिससे पैदल यात्रियों को परेशानी।

ट्रेन आने के समय पैदल पुल से उतरने वाली भीड़ और वाहनों का टकराव।

मालगोदाम रोड पर ड्रेनेज और संकरी सड़क के कारण बढ़ता दबाव।

स्थानीय निवासियों और राहगीरों ने जिला प्रशासन और नगर परिषद से मांग की है कि टोटो के लिए एक निश्चित स्टैंड चिन्हित किया जाए और सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराकर यातायात पुलिस की तैनाती सुनिश्चित की जाए।

# पाकुड़ः पत्थर खदान में बड़ा हादसा, मलबे में दबे कई मजदूर; मौत की आशंका के बीच साक्ष्यों को मिटाने का आरोप

नई सोच एक्सप्रेस

**पाकुड़।**जिला मुख्यालय के मालपहाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत कानूपुर गांव के समीप झारखंड-बंगाल सीमा पर स्थित एक पत्थर खदान में सोमवार सुबह दिल दहला देने वाली घटना घटी। खदान के ऊपरी हिस्से से मिट्टी और चट्टानी मलबे का एक बड़ा हिस्सा अचानक भरभराकर नीचे गिर गया, जिसकी चपेट में वहां काम कर रहे मजदूर आ गए। अपुष्ट सूत्रों के अनुसार, इस हादसे में 3 से 5 मजदूरों की मौत की आशंका जताई जा रही है, हालांकि प्रशासन ने अभी तक किसी हताहत की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।



» अवैध खनन की भेंट चढ़ी कई जिंदगी! झारखंड-बंगाल सीमा पर मलबा गिरने से मजदूरों के दबने की आशंका

**मलबे के ढेर में दबीं उम्मीदें, सीमा विवाद में उलझा मामला**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जब यह हादसा हुआ तब खदान में करीब 3 से 8 मजदूर काम कर रहे थे। अचानक ऊपर से जमा मलबे का विशाल ढेर नीचे आ गिरा, जिससे मजदूरों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। घटना के बाद सबसे बड़ा विवाद खदान की भौगोलिक स्थिति को लेकर खड़ा हो गया है। खदान प्रबंधन का दावा है कि यह क्षेत्र पश्चिम बंगाल की सीमा में आता है, जबकि स्थानीय ग्रामीणों और सूत्रों का कहना है कि खनन कार्य झारखंड की जमीन पर धड़ल्ले से चल रहा था। अब यह जांच का विषय है कि दुर्घटना स्थल वास्तव में किस राज्य के अधिकार क्षेत्र में है।

**साक्ष्य मिटाने और शवों को गायब करने का गंभीर आरोप**

घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने खदान प्रबंधन पर बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जैसे ही हादसा हुआ, प्रबंधन ने आनन-फानन में बड़ी मशीनों (पोकलेन और जेसीबी) को लगाकर मलबा हटाना शुरू कर दिया। आरोप है कि मलबे में दबे शवों को निकालकर जल्दबाजी में कहीं अज्ञात स्थान पर भेज दिया गया ताकि कानूनी कार्रवाई से बचा जा सके। फिलहाल, उन मजदूरों और उनके शवों की स्थिति को लेकर रहस्य बना हुआ है।

**प्रशासनिक निगरानी पर उठे सवाल**

स्थानीय लोगों में प्रशासन के प्रति भारी आक्रोश है। उनका आरोप है कि इस क्षेत्र में लंबे समय से अवैध खनन की शिकायतें जिला प्रशासन और टास्क फोर्स को दी जा रही थीं। पूर्व में टास्क फोर्स द्वारा निरीक्षण किए जाने के बावजूद अवैध खनन का जारी रहना प्रशासनिक मिलीभगत या बड़ी लापरवाही की ओर इशारा करता है। ग्रामीणों का सवाल है कि यदि प्रशासन सतर्क था, तो प्रतिबंधित या असुरक्षित क्षेत्रों में काम कैसे चल रहा था?

**हादसे के अनसुलझे सवालः**

क्या खदान सुरक्षा मानकों (Mines Safety) की अनदेखी कर ढलान (Bench) नहीं बनाई गई थी?

हादसे के बाद मलबे और शवों को आनन-फानन में कहाँ हटाया गया?

सीमा विवाद की आड़ में क्या अवैध खनन को संरक्षण मिल रहा था?

यह घटना एक बार फिर खनन क्षेत्रों में सुरक्षा और अवैध उत्खनन की भयावह तस्वीर पेश करती है। यदि मजदूरों की मौत की पुष्टि होती है, तो यह केवल एक दुर्घटना नहीं बल्कि प्रशासनिक उदासीनता से उपजी एक 'हत्या' मानी जाएगी। फिलहाल, पूरा क्षेत्र पुलिस छावनी में तब्दील है और जांच रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

## लोकसभा में सांसद मनीष जायसवाल ने उठाया हाथियों के हमले का मुद्दा

नई सोच एक्सप्रेस

**हजारीबाग।**हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने लोकसभा में नियम 377 के तहत झारखंड में बढ़ती हाथियों के हमलों की घटनाओं का गंभीर मुद्दा उठाया। उन्होंने सदन का ध्यान इस ओर आकृष्ट करते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों में हाथियों के हमलों की घटनाओं में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिसके कारण बड़ी संख्या में लोगों की जान गई है तथा ग्रामीण क्षेत्रों में घरों और खड़ी फसलों को भारी नुकसान हुआ है। सांसद मनीष जायसवाल ने उपलब्ध रिपोर्टों का हवाला देते हुए बताया कि वर्ष 2019-20 से अब तक हाथियों के हमलों में 450 से अधिक लोगों की मृत्यु हो चुकी है। वहीं पिछले 18–20 वर्षों में यह संख्या लगभग 1200 से 1300 के बीच आंकी गई है। हाल के महीनों में रामगढ़, बोकारो, पश्चिमी सिंहभूम तथा विशेष रूप से हजारीबाग जिले में 25 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। उन्होंने कहा कि हाथियों



के झुंडों की लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में आवाजाही से लोगों के बीच भय और असुरक्षा का वातावरण बन गया है। इस समस्या के प्रमुख कारणों में वन क्षेत्रों एवं पारंपरिक हाथी कॉरिडोर पर अतिक्रमण, अवैध खनन और विकास गतिविधियों के कारण प्राकृतिक आवास में कमी, जंगलों में भोजन और जल स्रोतों की कमी तथा प्रभावी चेतावनी और त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र का अभाव शामिल हैं। सांसद मनीष जायसवाल ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि झारखंड के लिए विशेष केंद्रीय सहायता पैकेज उपलब्ध कराया जाए। साथ ही प्रभावित परिवारों को समयबद्ध और पारदर्शी मुआवजा सुनिश्चित किया जाए, आधुनिक अर्ली वार्निंग सिस्टम लागू किए जाएं तथा हाथियों की आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए अंतर-राज्यीय समन्वय तंत्र स्थापित किया जाए। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए केंद्र और राज्य सरकारों के समन्वित प्रयास बेहद जरूरी हैं, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम किया जा सके।

## मलेरिया और कालाजार उन्मूलन के लिए विभागों में आपसी तालमेल जरूरीः सिविल सर्जन

नई सोच एक्सप्रेस

**पाकुड़।**जिले में मलेरिया, कालाजार और अन्य वेक्टर जनित रोगों के प्रभावी नियंत्रण को लेकर सोमवार को सिविल सर्जन कार्यालय में जिला समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत इंटेंसिफाइड मलेरिया एलिमिनेशन प्रोजेक्ट-3 (IMEP-3) के अंतर्गत हुई इस बैठक में रोगों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। कार्यक्रम का आयोजन चाइल्ड इन नीड इंस्टिट्यूट (CINI) के सहयोग से किया गया।

**संयुक्त जिम्मेदारी से थमेगी बीमारी**

बैठक की अध्यक्षता करते हुए सिविल सर्जन डॉ. एस. के. मिश्रा ने स्पष्ट किया कि मलेरिया और कालाजार जैसे रोगों का उन्मूलन केवल स्वास्थ्य विभाग के बूते संभव नहीं है। उन्होंने कहा, "इन बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सभी संबंधित विभागों की सक्रिय भागीदारी, साझा प्रयास और निरंतर निगरानी अनिवार्य है। जब सभी विभाग मिलकर जिम्मेदारी निभाएंगे, तभी हम उन्मूलन के लक्ष्य को हासिल कर पाएंगे।"



**IMEP-3 और तकनीकी सहयोग पर चर्चा**

बैठक में जिला वीबीडी पदाधिकारी डॉ. अमित कुमार और CINI के प्रतिनिधि अमित अग्रवाल ने IMEP-3 के तहत जिले में संचालित गतिविधियों की जानकारी दी। इस दौरान मलेरिया नियंत्रण की रणनीति, त्वरित जांच और उपचार व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा हुई। डब्ल्यूएचओ के जोनल कोऑर्डिनेटर डॉ. हसीब ने मलेरिया के परजीवी विज्ञान और क्लिनिकल लक्षणों के बारे में तकनीकी जानकारी साझा की। उन्होंने जोर दिया कि शुरुआती स्तर पर मरीज की पहचान और तत्काल उपचार ही इस लड़ाई का सबसे मजबूत हथियार है।

» सिविल सर्जन कार्यालय में जिला समन्वय समिति की बैठक, IMEP-3 और टीकाकरण पर जोर

**किशोरियों को लगेगा सर्वाइकल कैंसर से बचाव का टीका**

बैठक के अंतिम चरण में HPV (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण कार्यक्रम पर विशेष चर्चा की गई। डीआरसीएचओ डॉ. एस. के. झा और एनएचएम के जिला कार्यक्रम प्रबंधक ने बताया किः

**लक्षित समूहः 14 से 15 वर्ष की आयु की किशोरियां।**

उद्देश्यः भविष्य में होने वाले सर्वाइकल कैंसर के खतरे को कम करना।

प्रभावः इस टीकाकरण अभियान से जिले की बड़ी आबादी को स्वास्थ्य सुरक्षा मिलेगी।

**बैठक में मौजूद रहे अधिकारीः**

इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, अमड़ापाड़ा व लिट्टीपाड़ा के एमओईसी, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. के. के. सिंह समेत विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# लिट्टीपाड़ाः तेज आंधी में ढहा गरीब का आशियाना, खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हुआ पीड़ित परिवार

नई सोच एक्सप्रेस

**लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)।** प्रखंड क्षेत्र के बांडू पंचायत अंतर्गत त्रिकोणी गांव में रविवार की रात कुदरत ने जमकर कहर बरपाया। देर रात अचानक आए मौसम के बदलाव, तेज आंधी और मूसलाधार बारिश के कारण सोम किस्कू का मिट्टी और टीन (चदरा) से बना कच्चा घर पूरी तरह धराशायी हो गया। इस हादसे में घर का सारा सामान मलबे में तब्दील हो गया है, हालांकि परिवार के सभी सदस्य सुरक्षित हैं।

**मौत को मात देकर बाहर निकला परिवार**

मिली जानकारी के अनुसार, रविवार की रात जब पूरा परिवार सो रहा था, तभी अचानक मौसम का मिजाज बिगड़ गया। तेज हवाओं के साथ शुरू हुई बारिश ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। पीड़ित सोम किस्कू ने बताया कि आधी रात को अचानक घर की दीवारों से चटकने की आवाज आने लगी। खतरे को भांपते हुए परिवार के सदस्य तुरंत



घर से बाहर की ओर भागे। उनके बाहर निकलते ही पूरा मकान भरभराकर गिर पड़ा। गनीमत रही कि समय रहते सतर्कता बरतने से किसी की जान नहीं गई, वरना एक बड़ा हादसा हो सकता था।

» त्रिकोणी गांव में आंधी-बारिश ने मचाई तबाही, सोम किस्कू का घर जमींदोज, बाल-बाल बचा परिवार

**अनाज और बर्तन मलबे में दबे, हजारों का नुकसान**

सोम किस्कू ने नम आंखों से बताया कि घर गिरने से उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। घर के अंदर रखा साल भर का अनाज, बर्तन, कपड़े और अन्य जरूरी घरेलू सामान मलबे में दबकर नष्ट हो गए हैं। इस प्राकृतिक आपदा में उन्हें हजारों रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। सिर छुपाने की छत छीन जाने के बाद अब पूरा परिवार इस कड़ाके की ठंड और बारिश के बीच खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है।

**प्रशासन से मदद की गुहार**

बेघर हुए पीड़ित परिवार ने स्थानीय प्रशासन और अंचल अधिकारी से इस आपदा की घड़ी में आर्थिक सहायता और आवास की गुहार लगाई है। ग्रामीणों ने भी मांग की है कि पीड़ित परिवार को सरकारी योजना के तहत अविलंब राहत सामग्री और नया घर उपलब्ध कराया जाए, ताकि वे दोबारा अपना जीवन पटरी पर ला सकें।

**मुख्य क्षतिः**

मिट्टी की दीवारें और टीन का छप्पर पूरी तरह ध्वस्त।

घर में रखा अनाज और कीमती सामान नष्ट।

परिवार के पास अब रहने के लिए कोई सुरक्षित स्थान नहीं।

अब देखना यह है कि प्रशासन इस गरीब परिवार की सुध कब तक लेता है और उन्हें इस संकट से उबारने के लिए क्या कदम उठाता है।


## प्रकृति के संरक्षण और सामाजिक एकता का संदेश दे गया 'बाहा पर्व', सखुआ फूलों से हुई पूजा-अर्चना

नई सोच एक्सप्रेस

**पाकुड़।**शहर के केकेएम कॉलेज स्थित आदिवासी कल्याण बालक छात्रावास परिसर में सोमवार को आदिवासी समाज का पारंपरिक 'बाहा पर्व' पूरी श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रकृति पूजा को समर्पित इस उत्सव में छात्र-छात्राओं और समाज के गणमान्य लोगों का सैलाब उमड़ पड़ा। पूरा परिसर पारंपरिक गीतों और मांदर की गूंज से सराबोर रहा।

**जाहेर थान में विधि-विधान से हुई पूजा**

उत्सव का शुभारंभ पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ हुआ। नायकी छोटू मरांडी, कुडाम नायकी राजेन मरांडी और गुडीत बड़का मुर्मू ने 'जाहेर थान' में प्रकृति की आराधना की। इस दौरान सखुआ (साल)



के फूलों की विशेष पूजा की गई। परंपरा के अनुसार, पूजा के पश्चात उपस्थित पुरुषों और महिलाओं के बीच सखुआ के फूल वितरित किए गए। लोगों ने एक-दूसरे पर पानी छिड़क कर खुशियां बांटीं, जो शुद्धता और नई शुरुआत का प्रतीक माना जाता है।

**"प्रकृति और मनुष्य के अटूट संबंध का प्रतीक है बाहा"**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मसीह मरांडी ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि बाहा पर्व हमें प्रकृति के करीब लाता है। यह त्योहार सिखाता है कि जल, जंगल और जमीन का संरक्षण ही हमारे अस्तित्व की नींव है। वहीं, आयोजन समिति के अध्यक्ष अंशु टुडू ने पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि फागुन माह में जब पेड़ों पर नए पत्ते आते हैं और सखुआ के फूल खिलते हैं, तब संथाल समुदाय नवजीवन के आगमन की खुशी में यह उत्सव मनाता है।

» मांदर की थाप और सखुआ फूलों की महक के साथ केकेएम कॉलेज छात्रावास में मना बाहा पर्व

**मांदर की थाप पर थिरके छात्र-छात्राएं**

पूजा के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का दौर चला। पारंपरिक परिधानों में सजे छात्र-छात्राओं ने मांदर और नगाड़ों की थाप पर सामूहिक नृत्य पेश किया। उत्सव का आकर्षण इतना था कि राहगीर भी रुककर इस सांस्कृतिक झलक को निहारते रहे। इस दौरान समाज की एकजुटता और सांस्कृतिक गौरव की अनूठी तस्वीर देखने को मिली।

**उत्सव की झलकियां:**

सखुआ के फूलों को शुभता के प्रतीक के रूप में किया गया साझा।

जाहेर थान में सुख-समृद्धि और शांति के लिए की गई प्रार्थना।

पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ देर शाम तक चला नृत्य-संगीत।

**उपस्थितिः** इस अवसर पर सीबू टुडू, कमल मुर्मू, नवीन हांसदा, नवीन सोरेन, जैसन सोरेन, सबीना मुर्मू, रेनू मरांडी, पूनम हेंब्रम, अजय हेंब्रम, रोजत मरांडी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग और छात्र मौजूद थे।


## आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं ईद व रामनवमीः बीडीओ

नई सोच एक्सप्रेस

**हिरणपुर (पाकुड़)।**आगामी रामनवमी और ईद के त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से सोमवार को हिरणपुर थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों और स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और त्योहारों के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने पर विचार-विमर्श किया।

**सामाजिक एकता का प्रतीक हैं त्योहार**

बैठक को संबोधित करते हुए बीडीओ टुडू दिलीप ने कहा कि पर्व और त्योहार हमारी सामाजिक एकता,



आपसी भाईचारे और सौहार्द के प्रतीक हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि "यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम मिलजुल कर शांति और सद्भाव के साथ इन खुशियों को साझा करें।"

**अफवाहों से रहें सावधान**

अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने ग्रामीणों से अपील की कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि भाईचारा कायम रखते हुए पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाना ही हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

» हिरणपुर थाना परिसर में ईद और रामनवमी को लेकर बनी रणनीति, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**सुरक्षा और प्रशासनिक निर्देश**

थाना प्रभारी विनय कुमार ने सुरक्षा व्यवस्था, जुलूस के नियमों और अफवाहों पर रोक लगाने के संबंध में विस्तार से निर्देश दिए। बैठक में लिए गए मुख्य निर्णय और निर्देश निम्नलिखित हैं:

**नो एंट्रीः** ईद के मद्देनजर सुबह 10 बजे तक भारी वाहनों की नो एंट्री का निर्णय लिया गया है।

**त्वरित सूचनाः** किसी भी विवाद या संदिग्ध गतिविधि की स्थिति में तुरंत पुलिस प्रशासन को सूचित करें।

**पुलिस की तैनातीः** विधि-व्यवस्था को लेकर पुलिस बल सभी महत्वपूर्ण स्थलों पर मुस्तैदी से तैनात रहेगा।

**जुलूस नियमः** रामनवमी पूजा और जुलूस को लेकर निर्धारित रूट और सरकारी दिशा-निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

**उपस्थिति**

इस अवसर पर मुख्य रूप से एसआई अमरजीत मिश्रा, मुकुंद महतो, बापी यादव, पिंटू भगत, पवन साहा, लखी साहा सहित क्षेत्र के कई अन्य जनप्रतिनिधि और समाज सेवी उपस्थित थे। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि शांति भंग करने वाले तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### मनेर बाजार के व्यापारियों ने थामा फेडरेशन का दामन, बंटी बघेल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ली सदस्यता

» जिला अध्यक्ष डॉ. राजेश खुराना की उपस्थिति में हुआ आयोजन, व्यापारियों ने एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया



**आगरा।** नामनेर बाजार के व्यापारियों ने एकजुटता का परिचय देते हुए आज़ बड़ी संख्या में फेडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया व्यापार मंडल की सदस्यता ग्रहण की। यह सदस्यता अभियान व्यापारी नेता बंटी बघेल के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें व्यापारियों का उत्साह देखने लायक रहा। इस अवसर पर फेडरेशन के जिला अध्यक्ष डॉ. राजेश खुराना की गरिमामयी उपस्थिति में व्यापारियों को सदस्यता दिलाई गई। कार्यक्रम में फेडरेशन के कार्यकारिणी सदस्य दीप बघेल तथा मंत्री प्रेम शर्मा भी विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान व्यापारियों ने संगठन से जुड़कर व्यापारिक हितों की रक्षा करने और आपसी एकजुटता को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया। फेडरेशन की सदस्यता लेने वाले प्रमुख व्यापारियों में बंटी बघेल, अरुण अग्रवाल, राकेश चौधरी, अनुराग अग्रवाल, विमल प्रजापति, दिनेश अग्रवाल, दिव्यांशु मित्तल, सौरभ अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, अमित अग्रवाल, रोहित मित्तल, संजय अग्रवाल, रोहित चंदेल, रमेश प्रजापति, गौरव अग्रवाल, हेमसिंह बघेल, हरीश कपूर, संजीव अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, भगवान दास भल्ला, वरुण सिंघल, नितिन बंसल, विपुल बघेल, आनंद स्वरूप पंडित और दानिस खान सहित अनेक व्यापारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित व्यापारियों ने कहा कि फेडरेशन से जुड़कर वे अपने व्यापारिक हितों की रक्षा और बाजार की समस्याओं के समाधान के लिए संगठित रूप से कार्य करेंगे।

### काशी से पूरे विश्व में स्थापित होगा सनातन धर्म का दूतावास - डाक्टर संतोष आचार्य

» काशी से विश्व में फैलेगा सनातन धर्म का संदेश,विश्व सनातन संस्थानम न्यास का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित
» वाराणसी में बनेगा सनातन धर्म का वैश्विक केंद्र,विश्व सनातन संस्थानम न्यास की बड़ी घोषणा
» रामनगर में विश्व सनातन संस्थानम न्यास का सम्मेलन,देश-विदेश के श्रद्धालुओं के लिए बनेगा शिव शक्ति साधना केंद्र
» संयुक्त राष्ट्र में पंजीकरण की तैयारी,काशी से विश्व स्तर पर सनातन संगठन विस्तार की योजना



**वाराणसी।**विश्व सनातन संस्थानम न्यास की ओर से रामनगर टेंगरा मोड़ स्थित पालकी गेस्ट हॉउस मे कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन कर किया गया | कार्यकर्ता सम्मेलन कार्यक्रम के दौरान डाक्टर संतोष आचार्य ने पत्रकार वार्ता मे मीडिया को बताया कि यह संस्था पूरे विश्व में सनातन धर्म का एक दूतावास बनाने जा रहा रहा है जिसका केंद्र विश्व की सांस्कृतिक एवं धार्मिक और प्राचीन नगरी काशी (वाराणसी) में होगा | जल्द ही इसे संयुक्त राष्ट्र संघ से भी रजिस्ट्रेशन कराने का कार्य किया जाएगा इसके साथ ही पूरे भारत वर्ष के हर प्रान्तों में इसकी शाखाएँ होंगी जिसमें साधना, ध्यान,योग और साथ में आधुनिक एवं पारंपरिक विषयों की शिक्षा,स्वास्थ्य, चिकित्सा,वृद्धाश्रम,गौशाला के साथ पूरे भारत में संगठनात्मक विस्तार भी किये जायेंगें जिसमें संस्था के सारे सदस्य आदिगुरु शंकराचार्य एवं स्वामी विवेकानंद सरस्वती को आदर्श मानकर पूरे भारत में सनातन धर्म को और मजबूत करने का कार्य करेंगे | विश्व सनातन संस्थानम के आश्रमों का जो निर्माण होगा वो शिव शक्ति साधना केंद्र के नाम से जाना जाएगा | इस आश्रम में देश विदेश से आए श्रद्धालुओं और दार्शनिकों को आश्रम में रहने से लेकर भोजन तक कि सारी सुविधाएं निशुल्क दी जाएंगी | इस संस्था के संरक्षक मंडल में जिला जज श्याम बाबू,आइएएस अभिषेक सिंह, आइपीएस कृपाशंकर सिंह,प्रोफेसर शंकर कुमार मिश्र तथा न्यास के अध्यक्ष डाक्टर संतोष आचार्य,उपाध्यक्ष अंजू सिंह,सचिव शुभा सूर्यवंश,कोषाध्यक्ष डाक्टर हिमांशु शेखर सिंह तथा सदस्य के रूप में गुजरात से यशराज जी गोहिल एवं असम से लीमा महानता हैं ||

### अवैध कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ दो युवक गिरफ्तार



**मोतिहारी/कोटवा।** थाना क्षेत्र के जसौली पट्टी पंचायत से कोटवा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दो लोगों को अवैध हथियार और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष करण सिंह के नेतृत्व में जसौली पट्टी निवासी पवन कुमार तथा मुनीक पासवान को गिरफ्तार किया गया है।बताया गया कि तलाशी के क्रम में उनके पास से एक देशी कट्टा तथा एक जिंदा कारतूस पुलिस द्वारा बरामद किया गया ।पुलिस ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष करण सिंह ने बताया कि बरामद हथियार को जब्त कर लिया गया है और दोनों के विरुद्ध मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# मानव रक्त फाउंडेशन ने आयोजित किया रोजा इफ्तार व होली मिलन समारोह,दिया भाईचारे का संदेश

नई सोच एक्सप्रेस



» वाराणसी में रोजा इफ्तार और होली मिलन कार्यक्रम, एकता और प्रेम का दिखा संदेश
» मानव रक्त फाउंडेशन के कार्यक्रम में गूँज़ा भाईचारे का संदेश,रोजा इफ्तार व होली मिलन साथ-साथ
» नफरतों के खिलाफ मोहब्बत की मुहिम जारी रहेगी अधिवक्ता अब्दुल्लाह बिन गफर
» रोजा इफ्तार व होली मिलन समारोह में जुटे शहर के बुद्धिजीवी, दिया सौहार्द का संदेश

**वाराणसी।**मानव रक्त फाउंडेशन के तत्वावधान में रविवार को रोजा इफ्तार एवं होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया | कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक क्षेत्रों से जुड़े लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर आपसी भाईचारे और सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया | इस अवसर पर मानव रक्त फाउंडेशन के सचिव एवं अधिवक्ता अब्दुल्लाह बिन गफर ने उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वरिष्ठ अधिवक्ताओं,मशहूर शायरों व कवियों,सामाजिक कार्यकर्ताओं, विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों तथा अलग-अलग राजनीतिक दलों के नेताओं की गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम अत्यंत सफल और यादगार बना उन्होंने कहा कि मानव रक्त फाउंडेशन सदैव समाज में आपसी प्रेम,भाईचारा और एकता को मजबूत करने के लिए कार्य करता रहा है ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं और लोगों को एक मंच पर जोड़ने का कार्य करते हैं | अधिवक्ता अब्दुल्लाह बिन गफर ने कहा कि हमारी आपसी भाईचारे और प्रेम की यह मुहिम आगे भी जारी रहेगी | नफरतों के खिलाफ यह एक सकारात्मक जंग है उन्होंने भावुक अंदाज में कहा कि "नफरतों से कह दो कि मोहब्बतों ने तुम्हें हारने की ठान ली है और यह सिलसिला आगे भी चलता रहेगा | कार्यक्रम के दौरान सभी ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं और रोजा इफ्तार में शामिल होकर सांप्रदायिक सौहार्द,भाईचारे और एकता का संदेश दिया | उक्त अवसर पर पूर्व महामंत्री सेंटर बार संजय सिंह दाढ़ी,वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश भारती,वरिष्ठ अधिवक्ता सैयद नदीम साहब, एडवोकेट सत्येंद्र,एडवोकेट अंकित फादर,आनंद फादर,मजनू मुनिजा, रफी खान,जागृति रही,हाजी इश्तियाक,मास्टर साहब सरफराज, मास्टर शहाबुद्दीन,कांग्रेस नेता फसत हुसैन बाबू,फिरोज अली खान,सरफराज साहब,जुबेरा दिल, शाहिद सर,इशरत उस्मानी,पार्षद हाजी ओकास अंसारी,फादर प्रवीण प्रेरणा और कला मंच के भारत भूषण यादव,जुनैद कबीर हाफिज, अहमद आज़मी,निजाम बनारसी, अजफर बनारसी,शमीम गाजीपुर, कुंवर सिंह,कुंवर अतुल जायसवाल, एडवोकेट अनवर जमाल,एडवोकेट सुरेंद्र शरण,एडवोकेट दिनेश सहित इत्यादि लोग शामिल हुए ||

# कैलाश नगर में जलजमाव से जनजीवन बेहाल, समस्या देखने पहुँचे जनप्रतिनिधि

**नगर परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और पार्षद ने किया कैलाश नगर का दौरा, स्थायी समाधान का दिया भरोसा**

नई सोच एक्सप्रेस



**पाकुड़।** नगर परिषद क्षेत्र के कैलाश नगर में सोमवार को जलजमाव की विकराल समस्या का जायजा लेने के लिए नगर परिषद की टीम जमीन पर उतरी। अध्यक्ष शबरी पाल, उपाध्यक्ष राणा ओझा और वार्ड पार्षद निभा देवी ने प्रभावित इलाकों का सघन दौरा किया। निरीक्षण के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि हल्की बारिश भी इस क्षेत्र के लिए आफत बन जाती है और पूरी सड़कें व गलियां दरिया में तब्दील हो जाती हैं।

**हल्की बारिश में भी बन जाती है बाढ़ जैसी स्थिति:**स्थानीय निवासियों ने जनप्रतिनिधियों को अपना दर्द सुनाते हुए बताया कि क्षेत्र के निचले हिस्से में होने के कारण आसपास का सारा पानी यहीं जमा हो जाता है। जल निकासी की कोई ठोस व्यवस्था न होने से गंदा पानी लोगों के बेडरूम और रसोई तक पहुँच जाता है। इससे न केवल घरेलू सामान बर्बाद हो रहा है, बल्कि बच्चों और बुजुर्गों के लिए घर से बाहर निकलना भी दूभर हो गया है। जलजमाव के कारण क्षेत्र में संक्रामक बीमारियों और मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है।

**स्थायी समाधान के लिए बोर्ड बैठक में बनेगा प्लान:**निरीक्षण के बाद अध्यक्ष शबरी पाल ने स्थिति को गंभीर बताते हुए कहा, "कैलाश नगर की समस्या पुरानी है, लेकिन अब इसका स्थायी समाधान निकाला जाएगा। नगर परिषद की आगामी बोर्ड बैठक में विशेषज्ञों के साथ मिलकर ड्रेनेज सिस्टम का मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा।" उन्होंने तत्काल राहत के लिए सफाई पर्यवेक्षकों को नालियों की सफाई कर पानी निकालने के निर्देश दिए हैं।

**"चार महीने तक टापू बना रहता है इलाका" - निभा देवी**

वार्ड पार्षद निभा देवी ने कहा कि साल के लगभग चार महीने यहाँ के लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। उन्होंने प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि वे जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से भी इस मुद्दे पर वार्ता करेंगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क, नाली और साफ-सफाई जैसे बुनियादी मुद्दों पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा और कैलाश नगर को एक आदर्श वार्ड बनाने के लिए वे निरंतर प्रयासरत रहेंगी।

**मुख्य बिंदु:**

निचले इलाके के कारण पूरे शहर का पानी कैलाश नगर में होता है जमा।

जलजमाव से आवागमन ठप, शिक्षा और स्वास्थ्य पर बुरा असर।

जनप्रतिनिधियों ने तकनीकी विशेषज्ञों से सलाह लेकर नाला निर्माण का दिया आश्वासन।

स्थानीय लोगों को अब उम्मीद है कि इस बार के निरीक्षण के बाद कागजी कार्रवाई से इतर धरातल पर काम होगा, ताकि उन्हें हर साल मानसून में मिलने वाली इस प्रताड़ना से मुक्ति मिल सके।

### दिल्ली के कनॉट प्लेस में रोज़ा इफ्तार का आयोजन,देश की तरक्की अमन-चैन और भाईचारे के लिए की गई दुआ



नई सोच एक्सप्रेस

» रमज़ान के पाक महीने में सीपी में भव्य इफ्तार,बड़ी संख्या में रोज़ेदार हुए शामिल
» मोहम्मद स्वालेह अंसारी की ओर से दिल्ली में रोज़ा इफ्तार,देश की तरक्की के लिए की गई दुआ
» दिल्ली में इफ्तार के साथ भाईचारे का संदेश,नमाज़ के बाद देश की खुशहाली की दुआ
» कनॉट प्लेस में रोज़ा इफ्तार कार्यक्रम, समाज में एकता और प्रेम बढ़ाने का संदेश

**वाराणसी /दिल्ली।**दिल्ली में रमज़ान के पाक महीने के मौके पर कनॉट प्लेस (सीपी) में रोज़ा इफ्तार का आयोजन किया गया | यह आयोजन बजरडीहा हथकरघा क्लस्टर विकास संस्थान के अध्यक्ष मोहम्मद स्वालेह अंसारी की ओर से किया गया | इफ्तार के बाद नमाज़ अदा की गई जिसके बाद देश में अमन- चैन,तरक्की और भाईचारे के लिए खास दुआ की गई | इस मौके पर हांजी अब्दुल आहद उर्फ हादे पहलवान,बाबू भाई,सगीर अहमद,जुल्फ़ेकार आलम, हामिद, सलमान,बिचिल उस्ताद,मोहम्मद आरिफ,नूरुद्दीन,अलीमुद्दीन,बिमल, इमरान,राकेश, मोहम्मद क़ासिम,गौरो भाई,सुल्तान,इरफ़ान अरसद कय्यूम, मोहम्मद इलियास,अब्दुल अलीम, अब्दुल्लाह अंसारी,तौसीफ आलम, नूरुद्दीन,अलीमुद्दीन,अब्दुल कलाम आज़ाद,जमील अहमद,राजू हकीम तथा नेसार अहमद सहित कई गणमान्य लोग और बड़ी संख्या में रोज़ेदार मौजूद रहे | आयोजन का उद्देश्य समाज में भाईचारा, एकता और आपसी प्रेम को बढ़ावा देना बताया गया | उपस्थित लोगों ने रमज़ान के इस मुबारक महीने में देश और समाज की खुशहाली के लिए दुआ की ||

## चित्रांशी महिला संगठन के होली मिलन समारोह में नशा मुक्ति का संदेश, महिलाओं का हुआ सम्मान

नई सोच एक्सप्रेस




» होली मिलन में गूंजे फगुआ-चैता के गीत, चित्रांशी महिला संगठन ने दिया नशा मुक्ति का संदेश
» रंग,संगीत और सामाजिक संदेश के साथ मनाया गया चित्रांशी महिला संगठन का होली मिलन समारोह
» सफेद ड्रेस कोड और रंगबिरंगे दुपट्टों के साथ महिलाओं ने मनाया होली मिलन, समाज को दिया नशा मुक्ति का संदेश
» चित्रांशी महिला संगठन के समारोह में कार्यरत महिलाओं का सम्मान,होली पर नशा मुक्ति का आह्वान

**वाराणसी।**चित्रांशी महिला संगठन द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन कैंटोनमेंट स्थित एक होटल में किया गया | कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ.रितु खन्ना रही | कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नशा मुक्ति पर रहा जो हमारे समाज के लिए अभिशाप बनता जा रहा है लोग होली जैसे पावन त्यौहार को नशे से जोड़कर देखते हैं जिसका गलत मैसेज हमारे समाज में जाता है | कार्यक्रम में सभी सखियों ने फगुआ,चैता,जैसे पारंपरिक गीतों से किया फिल्मी गीतों पर नृत्य और हास्य कविता और नशा मुक्ति पर किए गए नाटक ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया सभी सखियों ने एक दूसरे को गुलाल लगा कर आपस में बधाइयां दी | कार्यक्रम की अध्यक्षता रंजना श्रीवास्तव के द्वारा किया गया | कार्यक्रम का ड्रेस कोड सफेद था और रंगबिरंगे दुप्पटा ,सभी सदस्य ड्रेस कोड में नजर आ रहे थे | सफेद रंग शान्ति का प्रतीक है और रंगबिरंगा दुपट्टा जिसका ये संदेश है की सभी का जीवन रंगों से भरा रहे। महिला दिवस के उपलक्ष्य में जो कार्यरत महिलाएं हैं उनको डॉ रितु खन्ना के द्वारा सम्मानित भी किया गया जिसमें डॉ.वंदना सिन्हा डीन समाजिक विज्ञान यूपी कॉलेज, प्रोफेसर रंजना श्रीवास्तव,पुष्पा नवोदय विद्यालय खेल टीचर,योगा टीचर रीती श्रीवास्तव,मेडिटेशन टीचर वर्षा प्रधान, प्रिंसिपल रेड रोज आईटीआई कॉलेज रंजना श्रीवास्तव,सामाजिक कार्यकर्ता अंजू श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया | होली मिलन समारोह मे सैकड़ों महिला सदस्य शामिल रही | कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष रंजना श्रीवास्तव, सचिव, वंदना श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष रीती श्रीवास्तव,पूर्व अध्यक्ष वर्षा प्रधान,मिडिया प्रभारी रंजना श्रीवास्तव सहित इत्यादि सदस्य व पदाधिकारीगण शामिल रही ||

## पांच दिवसीय राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव ' प्रस्तुति उत्सव - 2026 ' का शुभारंभ, पहले दिन नाटक ' होम इन ए सूटकेस ' का मंचन

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।**संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार व कला संस्कृति एवं युवा विभाग बिहार सरकार के सहयोग से प्रस्तुति, पटना द्वारा आयोजित पांच दिवसीय राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव " प्रस्तुति उत्सव 2026 - अकेली औरत का नाट्य " का शुभारंभ सोमवार को राजेंद्र नगर स्थित प्रेमचंद रंगशाला में किया गया। इस महोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार, वरिष्ठ थिएटर निदेशक व एनएसडी, दिल्ली के पूर्व निदेशक प्रो. देवेंद्र राज अंकुर, वरिष्ठ रंगकर्मी कुणाल झा, परवेज़ अख्तर, नीलेश मिश्रा, आर्ट क्रिटिक संगम पांडेय, प्रस्तुति की सचिव शारदा सिंह व भाजपा बिहार प्रदेश के कला एवं संस्कृति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष वरुण कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर रमेश प्रसाद सिंह स्मृति सम्मान से वरिष्ठ रंग-निर्देशक व प्रशिक्षक प्रो. देवेंद्र राज अंकुर (पूर्व निदेशक राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय) को सम्मानित किया गया। समारोह की पहली नाट्य प्रस्तुति होम इन ए सूटकेस का मंचन किया गया। रूहानी सिंह द्वारा अभिनीत व रमनजीत कौर द्वारा निर्देशित कोलकाता की संस्था क्रियेटिव आर्ट्स की प्रस्तुति होम इन ए सूटकेस को स्थानीय दर्शकों की भरपूर सराहना मिली। होम इन ए सूटकेस एक काव्यात्मक एकल प्रदर्शन है जो एक मार्मिक प्रश्न पूछता है - क्या हम कभी घर पाते हैं, या उसे अपने साथ लेकर चलते हैं? यह नाटक तारिणी की यात्रा का वर्णन करता है, जो लगभग 20 वर्ष की एक महिला है, जिसे अपने शहर को छोड़कर जाने के लिए बाध्य किया जाता है। कहानी की पृष्ठभूमि में एक अनाम शहर का एयरपोर्ट है। यह कहानी स्मृति, गति और रूपक के टुकड़ों के माध्यम से सामने आती है। आज के युवाओं को समर्पित - जो लगातार शहरों, अपेक्षाओं और पहचानों के बीच तालमेल बिठाने की कोशिश कर रहे हैं - यह कहानी उनके जीवन को दर्शाती है। ज्ञात हो कि इस महोत्सव के अंतर्गत पांच दिवसीय नाट्य कार्यशाला का भी आयोजन किया जा रहा है जिसमें मुख्य प्रशिक्षक के रूप में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के पूर्व निदेशक देवेन्द्र राज अंकुर को आमंत्रित किया गया है। साथ ही प्रतिदिन रंग-संवाद का भी आयोजन किया जा रहा है जिसका संचालन वरिष्ठ रंग समीक्षक संगम पांडे द्वारा किया गया। साथ ही नाटक के पूर्व बाह्य परिसर में दर्शकों ने रंग- संगीत के आयोजन का आनंद लिया। प्रस्तुति की सचिव शारदा सिंह ने बताया कि 17 मार्च 2026 को महोत्सव के दूसरे दिन ऊर्जा, नई दिल्ली की प्रस्तुति, त्रिपुरारी शर्मा द्वारा निर्देशित स्त्री सुबोधिनी का मंचन किया जाएगा।

## देश राज्यों से बड़ी खबरें

1 जंग के बीच LPG लेकर भारत आ रहा शिवालिक जहाज,, कुछ घंटे में गुजरात के मुंद्रा पोर्ट पहुंचेगा;कल नंदा देवी-जग लाडकी शिप भी पहुंचेंगे

2 ओडिशा-कटक के सरकारी हॉस्पिटल में आग,10 मरीजों की मौत,11 कर्मचारी भी झुलसे;मृतकों के परिजन को 25-25 लाख मुआवजा

3 राज्यसभा में LPG संकट पर हंगामा,खड़गे बोले-सरकार को पहले से पता था,इंतजाम क्यों नहीं किया;लोकसभा में बिना हंगामे के प्रश्नकाल पूरा

4 'अराजकता फैलाने की कोशिश कर रही कांग्रेस'...राज्यसभा में LPG संकट पर संग्राम,खरगे-नड्डा के बीच तीखी नोकझोंक

5 राज्यसभा चुनाव- हरियाणा में इनेलो विधायक वोट नहीं करेंगे,ओडिशा में 3 कांग्रेस विधायकों की क्रॉस वोटिंग;बिहार में 3 कांग्रेस विधायक मतदान करने नहीं पहुंचे

6 बंगाल में चुनाव से पहले मुख्य सचिव-DGP को हटाया,कोलकाता पुलिस कमिश्नर समेत 6 अधिकारी बदले; आयोग बोला-ये अफसर चुनाव से दूर रहेंगे

7 पश्चिम एशिया संकट के चलते 4,335 भारतीय और 1,187 विदेशी उड़ानें रद्द,राज्यसभा में सरकार का जवाब

8 पूर्व PM देवगौड़ा ने राहुल के प्रदर्शन की आलोचना की,सोनिया को लेटर लिखकर कहा-संसद की सीढ़ियों पर चाय-नाश्ते करना उसकी गरिमा कम करता है

9 ईरान से हमारी दोस्ती':जयशंकर बोले-भारतीय झंडे वाले जहाजों को निकालने के लिए कोई समझौता नहीं,पुराना सहयोग

10 देश में आगामी विधानसभा चुनावों की तारीखों के एलान के बाद सियासत तेज हो गई है। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने चुनाव कार्यक्रम पर सवाल उठाते हुए कहा है कि मतदान की तारीखें और चरणों का ढांचा ऐसा लगता है जैसे सत्तारूढ़ भाजपा की सुविधा को ध्यान में रखकर तय किया गया हो। उनके इस बयान के बाद चुनाव कार्यक्रम को लेकर राजनीतिक बहस और तेज हो गई

11 क्या ईरान युद्ध में फंसकर घरेलू मोर्चे पर घिर गए हैं ट्रंप? कमजोर जनसमर्थन और बढ़ती महंगाई बनी बड़ी चुनौती

12 ईरान युद्ध को लेकर डोनाल्ड ट्रंप घरेलू दबाव में हैं,क्योंकि इस सैन्य कार्रवाई को अमेरिकी जनता का मजबूत समर्थन नहीं मिला है। युद्ध के उद्देश्य,इजरायल से जुड़ी धारणा और तेल कीमतों में उथल-पुथल ने उनकी मुश्किलें बढ़ा दी हैं। अगर यह संघर्ष लंबा खिंचता है,तो ट्रंप के लिए यह बड़ा राजनीतिक संकट बन सकता है

13 थोक महंगाई 12 महीने में सबसे ज्यादा,फरवरी में ये 2.13% पर पहुंची,खाने-पीने की चीजें और रोजाना जरूरत का सामान महंगा हुआ

14 सोना 2 हजार गिरकर 1.56 लाख पर आया,चांदी दो दिन में 16 हजार सस्ती होकर 2.53 लाख पर आई,ईरान जंग का असर

15 फोनपे की शेयर बाजार में IPO लिस्टिंग टली,जियो-पॉलिटिकल तनाव और ग्लोबल मार्केट में उतार-चढ़ाव के कारण फैसला लिया

16 सेंसेक्स 938 अंक चढ़कर 75,502 पर बंद हुआ,निफ्टी भी 257 अंक चढ़ा,ऑटो और प्राइवेट बैंक शेयर्स में सबसे ज्यादा तेजी रही

17 70 से ज्यादा घर तबाह,2 लोगों की मौत... ओडिशा में भयंकर तूफान ने मचाई तबाही

18 ईद से पहले बांग्लादेश में ईंधन की कमी बढ़ी,भारत से 45 हजार टन डीज़ल करेगा आयात

19 सबको माफ करते जाओ;'इच्छामृत्यु' के लिए जाते हुए हरीश राणा का वीडियो रुला देगा

20 नेतन्याहू की हत्या की अफवाहें वायरल,पीएम कार्यालय ने कहा-प्रधानमंत्री बिल्कुल ठीक'

21 'इसराइली पीएम ज़िंदा हैं तो ढूंढकर मारेंगे':ईरान के बयान के बाद नेतन्याहू ने जारी किया अपना वीडियो

22 गैस संकट पर राहत:एलपीजी बुकिंग घटकर 77 लाख,पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति स्थिर सरकार ने दोहराया-ईंधन की कमी नहीं

23 Iran War:यूएई में 35 लोग गिरफ्तार, 19 भारतीय भी शामिल;सोशल मीडिया पर ईरानी हमले के फेक वीडियो फैलाने का आरोप

24 ईरान के 'खारग द्वीप' पर अमेरिका ने किया हमला:फौजी ठिकानों को बनाया निशाना,लेबनान में 12 चिकित्साकर्मियों की मौत

25 अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की कट्टर समर्थक लारा लूमर ने भारत विरोधी टिप्पणियों के लिए मांगी माफी

26 UAE ने उड़ानों पर लगाया प्रतिबंध,Air India ने रद्द कीं कई फ्लाइट्स;IndiGo ने बदला शेड्यूल

27 ईरान का बड़ा बयान:बिना गारंटी और हर्जाने के युद्ध का अंत संभव नहीं

28 कश्मीर के उरी सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, पाकिस्तानी आतंकवादी मारा गया:सेना

29 ट्रंप ने मांगा साथ,लेकिन कोई तैयार नहीं,होर्मुज पर अमेरिका पड़ा अकेला

30 विधानसभा चुनाव 2026:मतदान की अवधि कम की गई लेकिन मतगणना में होगी देरी,विपक्ष ने उठाए सवाल

31 राजस्थान दिवस पर ओडीओपी' और 'जयपुर रत्नम्' प्रदर्शनी का आगाज़,120 स्टॉल पर सजे प्रदेश के अनूठे उत्पाद

32 ड्रग्स लैब का पर्दाफाश:बाड़मेर में सिंथेटिक नशे की लैब पर एएनटीएफ का छापा,करोड़ों की एमडी ड्रग बनाने की तैयारी नाकाम

33 ईरान के 'क्राउन ज्वेल' खारग द्वीप पर अमेरिका की बड़ी स्ट्राइक:ट्रंप बोले-मजे के लिए कर सकते हैं और हमले'

34 BAN vs PAK 3rd ODI Highlights: बांग्लादेश ने 11 रनों से जीता मैच,सीरीज 2-1 से की अपने नाम

35 BCCI Naman Awards:विश्वकप विजेताओं को बीसीसीआई का 'नमन',गिल-मंधाना वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

36 पीएम मोदी बोले-अविश्वास प्रस्ताव के पीछे कुछ निजी स्वार्थ थे,बिरला को लेटर लिखा;स्पीकर ने सांसदों को लिखा-संसद में बैनर चिंता का विषय

37 ओपिनियन पोल में बंगाल में ममता सरकार,असम में हिमंता की वापसी;केरल में कांग्रेस-लेफ्ट, तमिलनाडु में स्टालिन-AIADMK में कड़ा मुकाबला

38 राज्यसभा की 11 सीटों पर चुनाव,37 में 26 पर उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए,NDA को 8 सीटों का फायदा हो सकता है;नीतीश राज्यसभा जाएंगे

39 उरी में घुसपैठ की कोशिश नाकाम,एक पाकिस्तानी आतंकी ढेर,बुछार में ऑपरेशन DIGGI-2 जारी;पुंछ में ऑपरेशन शेरीकलां के दौरान जवान शहीद

40 गैस संकट पर राहत:एलपीजी बुकिंग घटकर 77 लाख,पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति स्थिर;सरकार ने दोहराया-ईंधन की कमी नहीं

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार ने राज्यसभा चुनाव में जीत पर दी बधाई



**नई दिल्ली**।जनता दल (यू) दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार ने राज्यसभा चुनाव में जीत हासिल करने पर माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, नितिन नवीन, रामनाथ ठाकुर, उपेंद्र कुशवाहा, शिवेश राम को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है और उन्होंने खास तौर पर बिहार के माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व और राजनीतिक अनुभव की सराहना की। साथ ही शैलेंद्र कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में बिहार ने विकास, सुशासन और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि राज्यसभा में उनके अनुभव और दूरदर्शिता से देश को भी लाभ मिलेगा। आगे उन्होंने कहा कि जनता दल यू का पूरा परिवार इस जीत से उत्साहित है और पार्टी आगे भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में जन सेवा और विकास के कार्यों को और मजबूती से आगे बढ़ाएगी।

### दिव्यांगजनों के लिए विशेष जॉब कैम्प



**मुजफ्फरपुर**। बिहार सरकार, युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के तत्वावधान में अवर प्रादेशिक नियोजनालय, मुजफ्फरपुर के द्वारा दिनांक-16.03.2026 को अवर प्रादेशिक नियोजनालय, मुजफ्फरपुर में दिव्यांगजनों के लिए विशेष जॉब कैम्प का आयोजन किया गया सहायक निदेशक नियोजन जैनेंद्र कुमार द्वारा विधिवत शुभारंभ किया गया।इस जॉब कैम्प में Youth 4 Jobs Foundation, RTD, एवं Jss संस्थाओं ने भाग लिया, जिसमें नौकरी के साथ साथ व्यवसायिक प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु अवसर उपलब्ध कराए गये। युथ फार जाब के मैनेजर कुमार गौरव के साथ विनोद कुमार एवं दिव्यांग जन रहे उपस्थित।

### फरार अभियुक्त को चौतरवा थाना क्षेत्र से किया गिरफ्तार



**बेतिया/मझौलिया।** पुलिस ने थाना क्षेत्र के माधोपुर में वार्ड नंबर 2 निवासी उमेश शर्मा के पुत्र शिवम कुमार को चौतरवा थाना क्षेत्र के कोल्हुआ गांव से किया गिरफ्तार । उक्त जानकारी पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष अमर कुमार ने दी। उन्होंने थाना कांड संख्या 70/26 नामजद अभियुक्त शिवम कुमार शर्मा पिता उमेश कुमार शर्मा साकिन माधोपुर वार्ड नंबर दो निवासी को चौतरवा थाना क्षेत्र से किया गया गिरफ्तार। मेडिकल जांचो उपरांत जेल भेज दिया गया। बाकी अभियुक्तों के गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

### लापता निखिल के लिए सड़क जाम करने वाले 19 नामजद व 35 अज्ञात पर मामला दर्ज

**चतरा**। लापता छात्र निखिल कुमार की खोजबीन की मांग को लेकर शनिवार की रात केशरी चौक पर सड़क जाम करने के मामले में सदर थाना में 19 नामजद समेत 30-35 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिसमें बिंड मुहल्ला निवासी कृष्णा मालाकार, उनकी पत्नी, अनुराग वर्मा, सुनील माली, अनिल माली, महेंद्र माली, अजय डोम, राजा माली, सुशील कुमार, योगेश लोहार, जितेंद्र कुमार, चिंटू वर्मा, विशाल प्रजापति, रहमतिया मस्जिद निवासी मो. फैसल, शकलैन, रहमत नगर निवासी शकील, अंसार नगर निवासी इरशाद, लाईन मुहल्ला निवासी अहमद अली व मोनू मियां को नामजद आरोपी बनाया गया है, जबकि 30-35 अज्ञात लोगों को भी आरोपी बनाया गया है। इन सभी के खिलाफ सदर थाना कांड संख्या 80/26 के तहत सार्वजनिक मार्ग बाधित करने, सार्वजनिक उपद्रव करने, सरकारी कार्य में जानबूझकर बाधा डालने तथा लोक सेवकों के साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया गया है।

### सिलेंडर ब्लास्ट मामले में एसपी ने किया टीओपी-3 प्रभारी सहित 09 को सस्पेंड

**पलामू**। जिला मुख्यालय मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के बैरिया चौक पर एक गैस एजेंसी में एलपीजी सिलेंडर ब्लास्ट मामले में कार्रवाई की गई है।एसपी रीष्मा रमेशन ने सोमवार को टीओपी-3 प्रभारी अजय गुप्ता, एएसआई अजय कुमार राय, आरक्षी लाडले हसन, मार्कंडेय राय, पंडित कौतुक कुमार, श्रवण यादव, सुनील कुमार, जगदीश पासवान एवं गोपाल दुबे को सस्पेंड कर दिया है। जिले के पथरा ओपी प्रभारी मंटू कुमार को टीओपी-3 का नया प्रभारी बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि रविवार को बैरिया चौक के पास अवैध रूप से संचालित एक गैस गोदाम में एलपीजी सिलेंडर विस्फोट हो गया था और आग लग गई थी। एजेंसी के अंदर मौजूद चार कर्मी बुरी तरह झुलस गए थे। उन्हें इलाज के लिए मेदिनीनगर के ही डॉ राहुल अग्रवाल के निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।इधर, ब्लास्ट की घटना के बाद गैस एजेंसी से बड़ी संख्या में एलपीजी सिलेंडर गायब कर दिये गये। इस मामले को पुलिस अधीक्षक ने बड़ी लापरवाही माना और टीओपी-3 प्रभारी, एक एएसआई और सात जवानों पर कार्रवाई की।इधर, जिला प्रशासन की ओर से मामले में जांच तेज है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू ने एजेंसी का लाइसेंस निलंबित करने के लिए पेट्रोलियम कंपनी को पत्र लिखा है।

### गैस सिलेंडर की बुकिंग और वितरण में तिथि की बाध्यता खत्म हो : दिलीप

**खूंटी**। सामाजिक कार्यकर्ता दिलीप मिश्रा ने एलपीजी गैस सिलेंडर की बुकिंग और वितरण में लागू 25 दिन (शहरी क्षेत्र) और 45 दिन (ग्रामीण क्षेत्र) की समय-सीमा समाप्त करने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री को पत्र लिखकर जनहित में व्यवस्था में बदलाव करने का आग्रह किया है।पत्र में दिलीप मिश्रा ने कहा है कि वर्तमान में शहरी क्षेत्रों में 25 दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन के बाद ही दोबारा गैस सिलेंडर बुक करने की अनुमति मिलती है। इससे खासकर ग्रामीण क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि गांवों में अधिकतर संयुक्त परिवार रहते हैं, जिसके कारण गैस की खपत अधिक होती है और एक सिलेंडर 45 दिनों तक चल पाना कई परिवारों के लिए मुश्किल हो जाता है।उन्होंने यह भी कहा कि शहरों में कई स्थानों पर गैस पाइपलाइन की सुविधा उपलब्ध है और बिजली आपूर्ति भी अपेक्षाकृत बेहतर होती है, जिससे लोग इंडक्शन चूल्हा या माइक्रोवेव जैसे विकल्पों का उपयोग कर लेते हैं। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की अनियमित आपूर्ति के कारण लोग इन विकल्पों का उपयोग नहीं कर पाते और पूरी तरह रसोई गैस पर निर्भर रहते हैं।

# विद्वतजनों ने किया व्रत पर्व त्योहारों की तिथि पत्र पंचांग का विमोचन

नई सोच एक्सप्रेस



**गोरखपुर**।विद्वत् जनकल्याण समिति गोरखपुर द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी व्रत पर्व व त्यौहार कि तिथि पत्र पंचांग कलेंडर का लोकार्पण अँधियारीबाग मानसरोवर मंदिर पर किया गया। मुख्य अतिथि भारत स्वाभिमान पतंजलि योगपीठ के जिला प्रभारी वरिष्ठ अधिवक्ता हरिनारायण धर दूबे जी रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष पं रविन्द्र नाथ मिश्र तथा संचालन महामंत्री पं बृजेश पाण्डेय ज्योतिषाचार्य व सह-संचालन मंत्री पं रमेश पाण्डेय द्वारा किया गया इस दौरान सर्व प्रथम चाणक्य जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया गया, तत्पश्चात उपस्थित पदाधिकारियों व विद्वत् जनों ने शांति पाठ व मंत्रोचार कर विधि विधान पूर्वक नव निर्मित पंचांग का तिलक चन्दन कर लोकार्पण किया गया। इसके पूर्व मुख्य अतिथि का समिति के पदाधिकारियों व विद्वतजनों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि हरिनारायण धर दूबे ने कहा कि इस प्रकार से समाज सेवा व सनातन धर्म का प्रचार प्रसार के कार्य बहुत ही पुनीत व सराहनीय है। पंचांग स्वरुप यह कैलेंडर सनातनियों के लिए बहुत ही उपयोगी है। व्रत एवं त्योहारों की तिथि को लेकर कभी कभार असमंजस की स्थिति उत्तपन्न हो जाती है,जिसका निवारण करने हेतु विद्वत जनों के अथक प्रयास से धार्मिक संस्था विद्वत जनकल्याण समिति द्वारा विगत कई वर्षों से पंचांग को निर्मित कर जनमानस मे सेवा भाव से निःशुल्क वितरित किया जाता है। कार्यक्रम को संरक्षक सदस्य पं अश्वनी कुमार मिश्र, उपाध्यक्ष पं राजेश कुमार मिश्र,महामंत्री पं बृजेश पाण्डेय ज्योतिषाचार्य ने भी संबोधन करते हुए कहा कि इस पंचांग को धर्मग्रंथों एवं काशी से प्रकाशित पंचांगों का अनुसरण कर तैयार किया जाता है,जिससे जनमानस में किसी प्रकार से व्रत त्योहारों को लेकर भ्रान्तियां ना पैदा हो सके। लोकार्पण समारोह में मुख्य रूप से पं रविद्रनाथ मिश्र,पं राजेश मिश्र ,पं बृजेश पाण्डेय,पं शेषमणि पाण्डेय,पं रमेश पाण्डेय,पं नवरत्न द्विवेदी,पं अश्वनी कुमार त्रिपाठी ,पं मनोज कुमार तिवारी,पं अजीत कुमार मिश्र,पं धनंजय द्विवेदी,पं अनुराग मिश्र,पं अनुराग तिवारी,पं अखिलेश द्विवेदी,पं गणेश तिवारी,पं राममगन पाण्डेय,पं ब्रह्मानंद मिश्र,पं धनंजय मिश्र,प्रेमलता गिरि अध्यक्ष विद्वत महिला संघ,पं मुक्तिनाथ उपाध्याय, पं शंभूनाथ तिवारी, पं सुमित शुक्ल,पं अरुणेश मिश्र,डा. राजेन्द्र शुक्ल,पं विष्णुदत उपाध्याय,पं लालजी उपाध्याय ,पं पवन मिश्र,पं विभूति दूबे,राजकुमार लाल श्रीवास्तव,पं उपेन्द्र मणि त्रिपाठी,पं बुद्धेश्वर मिश्र,पं अशोक मिश्र,पं आशुतोष पाठक,पं अभिषेक तिवारी आदि विद्वतजन उपस्थित रहे ।

## द्वितीय बिहार महिला कबड्डी लीग में मगध वॉरियर्स की टीम पहुंची फाइनल में

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। 11 से 17 मार्च तक पाटलिपुत्र खेल परिसर के इंडोर स्टेडियम में आयोजित द्वितीय बिहार महिला कबड्डी लीग के छठे दिन मगध वॉरियर्स और सिवान टाइटंस के बीच हुए पहले क्वालीफायर मैच में मगध वॉरियर्स ने रोमांचक मुकाबले में सिवान टाइटंस को 22-20 से हरा कर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। सारण तथा सीतामढ़ी के बीच हुए एलिमिनेटर मैच में सारण स्ट्राइकर्स ने 39- 18 से सीतामढ़ी सेंटिनल्स को हरा दिया। कल सुबह दूसरे क्वालीफायर मैच में सिवान और सारण के बीच होगा मुकाबला और जीतने वाली टीम बनेगी दूसरी फाइनलिस्ट।आज खेले गए दोनों रोमांचक मैच के परिणाम और बेस्ट रेडर और बेस्ट डिफेंडर इस प्रकार रहे। क्वालीफायर 1 के तहत मगध वॉरियर्स एवं सिवान टाइटंस के बीच का मैच में विजेता मगध वॉरियर्स की टीम रही।इस मैच में बेस्ट रेडर इंदु कुमारी ( सिवान टाइटंस ) और

**बेस्ट डिफेंडर**:- नैंसी प्रिया ( मगध वॉरियर्स ) रही।एलिमिनेटर मैच सारण स्ट्राइकर्स एवं सीतामढ़ी सेंटिनल्स मेंविजेता :- सारण स्ट्राइकर्स की टीम रही। इस मौके पर बेस्ट रेडर मुस्कान ( सारण स्ट्राइकर्स ) और बेस्ट डिफेंडर सुमन कुमारी ( सारण स्ट्राइकर्स ) रही।

- पहले क्वालीफायर में मगध वॉरियर्स ने रोमांचक मुकाबले में सिवान टाइटंस को 22-20 से हराया
- एलिमिनेटर मैच में सारण स्ट्राइकर्स ने 39- 18 से सीतामढ़ी सेंटिनल्स को हरा कर सीतामढ़ी को रेस से बाहर कर दिया
- सिवान और सारण के बीच दूसरा क्वालीफायर कल सुबह, शाम को होगा फाइनल

# स्कूल क्रिकेट लीग अंडर-15 और अंडर-12 की जर्सी का हुआ अनावरण

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। टर्निंग प्वाइंट के तत्वावधान में स्थानीय कृष्णा क्रिकेट ग्राउंड (खेमनीचक) पर आईपीएल की तर्ज पर आगामी 22 मार्च से आयोजित होने वाली कासा पिकोला स्कूल क्रिकेट लीग अंडर-15 सीजन-6 और अंडर-12 सीजन-1 में खेलने वाले खिलाड़ियों के लिए रंग-बिरंगे जर्सी का अनावरण सोमवार को राजधानी के कासा-पिकोला रेस्टूरेंट के हॉल में गरिमामयी समारोह में किया गया।टीमों की जर्सियों का अनावरण मृत्युंजय तिवारी राष्ट्रीय प्रवक्ता राष्ट्रीय, सौरभ चक्रवर्ती पूर्व क्रिकेटर, राजेश शर्मा एमडी कासा पिकोला एवं विजय शर्मा एमडी टर्निंग प्वाइंट सह आयोजन अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से किया।लीग के आयोजन अध्यक्ष विजय शर्मा ने बताया कि अंडर-15 लीग में जीएनआईओटी ब्लास्टर, आरआईटी चैंपियंस, क्वाटंम वारियर्स, ऑक्सफोर्ड सुपर किंग्स, बिहर्स नाइटराइड्स, अरका जैन टाइटंस, आदित्य दबंग, मानव रचना लायंस, एसआरयू फाइटर्स, वीजीयू थंडरबोल्ट, आंजिक्या डीवाई पाटिल बांबर्स, संत जोसेफ चेंजर्स टीमें भाग लेंगी। इस मौके पर भारत के विभिन्न राज्यों से से कॉलेज, विश्वविद्यालय एवं अन्य शिक्षण संस्थान के प्रतिनिधि उपस्थित रहे ।अंडर-12 लीग में आठ टीमें न्यूटन विक्टर, मगध तूफान, आईआईटी कंप्यूटर पैंथर्स, कुसुमराज टाइगर, महाविधा योद्धा, सुमित शर्मा स्पोर्ट्स एवेंजर्स, डायगोकेयर परफेक्टर्स और अगस्त्या स्ट्राइकर्स भाग लेंगी।कासा पिकोला रेस्टूरेंट के प्रबंध निदेशक राजेश शर्मा ने कहा कि हमारी कंपनी अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए यह आयोजन करा रहा हूं। उन्होंने कहा कि बिहार के खेल को आगे बढ़ाने के लिए हम तत्पर हैं। संयोजक सुमित शर्मा ने कहा कि मैचों का संचालन सरदार पटेल स्पोर्ट्स फाउंडेशन के तकनीकी अधिकारियों द्वारा किया जायेगा। सभी मैच सफेद गेंद से खेले जायेंगे। गेंदों का निर्माण इस लीग के लिए विशेष रूप से कराया गया जा रहा है। तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। आयोजन सचिव नवीन कुमार ने बताया कि प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द मैच के अलावा मैन ऑफ द लीग, बेस्ट बैट्समैन, बेस्ट बॉलर, बेस्ट विकेटकीपर, बेस्ट फील्डरत समेत कई आकर्षक पुरस्कार दिये जायेंगे।

# पशु मेला सह प्रदर्शनी में पशुपालकों को किया गया सम्मानित

संवाददाता



**खूंटी**। उपायुक्त आर रॉनिटा के निर्देश पर जिला पशुपालन पिरसर में सोमवार को जिला स्तरीय पशु मेला सह पशु प्रदर्शनी–2026 का आयोजन किया गया।मेले में जिले के विभिन्न प्रखंडों से कुल 209 पशुपालकों ने भाग लिया। इस अवसर पर पशुपालकों को उन्नत और वैज्ञानिक तरीके से पशुपालन करने एवं पशु-पक्षियों के नियमित टीकाकरण के महत्व की जानकारी दी गई।कार्यक्रम के दौरान पशुपालकों को राज्य सरकार की मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना तथा केंद्र सरकार की योजनाओं—एनएलएम, एलएचडीसीपी, एनएआईपी और एबीआईपी-एसएस सॉर्टेड सीमेन मादा पशु गर्भाधान योजना के बारे में अवगत कराया गया। साथ ही एलएचडीसीपी के तहत एफएमडी, पीपीआर, ब्रूसेलोसिस, एलएसडी एवं सीएसएफ जैसे रोगों से बचाव के लिए समय पर टीकाकरण कराने पर जोर दिया गया।कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया सिहत अन्य जनप्रतिनिधियों ने भाग लेते हुए पशुपालकों को वैज्ञानिक पद्धति अपनाकर आर्थिक रूप से सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया। विभागीय संयुक्त निदेशक डॉ विपिन बिहारी महथा ने भी पशुपालकों को आधुनिक तकनीकों से पशुपालन करने की जानकारी दी।कार्यक्रम में प्रखंड स्तर पर चयनित प्रगतिशील पशुपालकों प्रिया मिंज (कर्रा), निमिषान मुंडा (तोरपा), गोमा हस्सा (खूंटी), मनोज कुमार मांझी (मुरहू) तथा नगर पंचायत क्षेत्र खूंटी के उमेश कुमार महतो और कार्तिक राम गोंझू को सम्मानित किया गया। पशु प्रदर्शनी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पशुपालकों को भी पुरस्कृत किया गया। बकरी पालन में सचिन कुमार (मुरहू) को प्रथम, रामेश्वर गोप (कर्रा) को द्वितीय और रामधन काशी (तोरपा) को तृतीय पुरस्कार मिला। सूकर पालन में बहालेन भेंगरा (कर्रा), भेड़ पालन में सावित्री देवी (अड़की) और कुक्कुट पालन में कैलाश काशी (तोरपा) को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ अभिमन्यु प्रसाद, पशु शल्य चिकित्सक डॉ संजय प्रसाद, अवर प्रमंडल पशुपालन पदाधिकारी डॉ नवीन कुमार आर्य, आदर्श ग्राम पदाधिकारी डॉ जेनेट भगत सहित सभी प्रखंडों के पशुपालन पदाधिकारी और एमवीयू पशु चिकित्सक उपस्थित थे।

## प्रेमचंद साव ने रचा इतिहास,बस एजेंट से नगर परिषद उपाध्यक्ष तक का सफर

नई सोच एक्सप्रेस



**चतरा**। नगर परिषद के उपाध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में वार्ड संख्या 18 के पार्षद प्रेमचंद साव विजयी घोषित हुए हैं। उन्हें कुल 13 वोट मिले, जबकि वार्ड संख्या 11 की पार्षद वेदवती जायसवाल को 9 वोट प्राप्त हुए। बताया गया कि उपाध्यक्ष पद के लिए इन दो प्रत्याशियों ने ही नामांकन किया था। मतदान के बाद मतगणना में प्रेमचंद साव को बहुमत मिलने पर विजयी किया गया। उपाध्यक्ष चुनाव से पूर्व नवनिर्वाचित नगर परिषद अध्यक्ष अताउर रहमान उर्फ बाबू भाई सहित सभी 22 वार्ड पार्षदों को शपथ दिलाई गई। इसके बाद उपाध्यक्ष पद के लिए मतदान की प्रक्रिया पूरी कराई गई।प्रेमचंद साव का जीवन संघर्ष और मेहनत की मिसाल माना जा रहा है। वे करीब 40 वर्षों तक बस एजेंट के रूप में कार्य करते रहे और लोगों के बीच अपनी पहचान बनाई। इस बार तीसरी बार वार्ड पार्षद निर्वाचित हुए हैं। लंबे सामाजिक जुड़ाव और जनसंपर्क के बल पर उन्होंने वार्ड पार्षद का चुनाव जीता और अब नगर परिषद के उपाध्यक्ष पद तक पहुंचकर एक नया मुकाम हासिल किया है। लोगों का कहना है कि प्रेमचंद साव की सादगी और लंबे समय से लोगों के बीच सक्रियता ही उनकी जीत की सबसे बड़ी वजह बनी। उनके उपाध्यक्ष बनने से समर्थकों में खुशी का माहौल है।

# शैक्षणिक वातावरण बेहतर बनाने को लेकर शिक्षकों का प्रशिक्षण

नई सोच एक्सप्रेस



**धनबाद**। उपायुक्त आदित्य रंजन ने विद्यालयों में शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाने और बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के उद्देश्य से सोमवार को धनबाद के पॉलीटेक्निक संस्थान में विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों और प्रधानाध्यापक के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया।प्रशिक्षण के दौरान विद्यालय की व्यवस्था को बेहतर बनाने, बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रेरित करने और शिक्षण वातावरण को सकारात्मक बनाने के विभिन्न उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। शिक्षकों को बताया गया कि विद्यालय में आने वाले बच्चों का स्वागत करना, उनका जन्मदिन मनाना और विद्यालय में अपनापन का माहौल बनाना बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने में सहायक होगा।प्रशिक्षण में नो कॉस्ट – लो कॉस्ट गतिविधियों पर विशेष जोर दिया गया। इसके लिए शिक्षकों को एक विशेष फॉर्म उपलब्ध कराया जाएगा। इसके आधार पर विद्यालयों का आकलन किया जाएगा और जिले के लगभग 1700 विद्यालयों का मूल्यांकन किया जाएगा और जिन विद्यालयों को 90 से अधिक अंक प्राप्त होंगे उन्हें हाई असेसमेंट की श्रेणी में रखा जाएगा।मौके पर शिक्षकों को जिम्मेवारी पंजी रखने का भी निर्देश दिया गया, जिसमें विद्यालय से संबंधित सभी गतिविधियों एवं कार्यों का रिकॉर्ड संधारित किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि प्रशिक्षण के लगभग दो महीने बाद विद्यालयों का एक सर्वे कराया जाएगा। सर्वे के दौरान नो कॉस्ट – लो कॉस्ट फॉर्म के आधार पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा और उन्हें आगे और बेहतर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

## डाक विभाग ने डीसी और एसपी को दी योजनाओं की जानकारी

नई सोच एक्सप्रेस



**रामगढ़**। डाक अधीक्षक, हज़ारीबाग़ डिवीजन निरंजन कुमार, सहायक डाक अधीक्षक ब्रजेश कुमार पासवान और डाक निरीक्षक आशीष कुमार पांडे के निर्देश पर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव रविशंकर राय ने सोमवार को रामगढ़ जिले के प्रशासनिक अधिकारियों से मिलकर डाक विभाग की सभी जन कल्याणकारी योजनाओं को साझा किया।इस दौरान मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव ने डीसी फैज अक अहमद मुमताज और एसपी अजय कुमार को डाक विभाग का वार्षिक कैलेंडर और गंगाजल भेंट किया। वहीं, प्रशासनिक अधिकारियों ने डाक विभाग की सभी योजनाओं को जन कल्याणकारी बताया और कहा कि जिले के सभी डाकघरों में डाक विभाग की सभी सेवाओं को डाक कर्मचारी तन मन से कर रहे हैं।यही कारण है कि हजारीबाग डिवीज़न का स्थान देश में अव्वल रहा है। देश की सबसे पुरानी बीमा डाक जीवन बीमा योजना का लाभ जहां शहरी क्षेत्रों में रहनेवाले लोग उठा रहे हैं, वहीं सुदूरवर्ती इलाक़ों में रहने वाले लोगों को ग्रामीण डाक जीवन बीमा का लाभ मिल रहा है। डाकघर में लोग अपने पैसों को लेकर सुरक्षित महसूस करते हैं। वहीं, अन्य सभी योजनाओं में लोगों को ज़्यादा लाभ मिलता है।मौके पर प्रशासनिक अधिकारियों ने डाक विभाग को हर संभव सहायता देने की बात कही।इस दौरान मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव रविशंकर राय और सहयोगी डाक सहायक शुभम सौरव ने कई लोगों का डाक जीवन बीमा किया और लोगों को डाक विभाग की योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

## जुगसलाई नगर परिषद की उपाध्यक्ष बनीं अर्चना दुबे

नई सोच एक्सप्रेस



**पूर्वी सिंहभूम**। जुगसलाई नगर परिषद में सोमवार को उपाध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में अर्चना दुबे ने जीत हासिल की है। जमशेदपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सबसे पहले नगर परिषद की नवनिर्वाचित चेयरमैन नौशीन खान और सभी 22 वार्ड सदस्यों को शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह में जमशेदपुर के उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी ने सभी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।शपथ ग्रहण के बाद उपाध्यक्ष पद के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई। इस पद के लिए राहत हुसैन, इरशाद हैदर, अर्चना दुबे और सुरेश शर्मा उर्फ लिपु ने अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन के बाद पार्षदों का गुप्त मतदान कराया गया, जिसमें सभी सदस्यों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।मतदान के बाद मतगणना की गई, जिसमें अर्चना दुबे को सर्वाधिक 11 वोट मिले। वहीं सुरेश शर्मा उर्फ लिपु को 06 मत, इरशाद हैदर को 03 मत और राहत हुसैन को 02 मत प्राप्त हुए। सबसे अधिक मत मिलने के कारण अर्चना दुबे को जुगसलाई नगर परिषद का उपाध्यक्ष घोषित किया गया।उल्लेखनीय है कि जुगसलाई नगर परिषद की नवनिर्वाचित चेयरमैन नौशीन खान, जो झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान की पत्नी हैं, उन्हें भी इस अवसर पर औपचारिक रूप से शपथ दिलाई गई। नौशीन खान जुगसलाई नगर परिषद की पहली महिला चेयरमैन बनी हैं।चुनाव में जीत के बाद अर्चना दुबे ने कहा कि वे जुगसलाई क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं और सभी पार्षदों के सहयोग से काम करेंगी। उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास की भावना के साथ नगर परिषद क्षेत्र में विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा।उल्लेखनीय है कि इस चुनाव में हिदायतुल्लाह खान ने इरशाद हैदर को अपना उम्मीदवार बनाया था, लेकिन उन्हें केवल तीन मत ही प्राप्त हो सके। इसके बाद अर्चना दुबे को विजयी घोषित कर दिया गया।



# राजकुमार राव और कीर्ति सुरेश की फिल्म रफ्तार की रिलीज डेट हुई अनाउंस

## 24 जुलाई को देख सकेंगे थिएटर्स में

अभिनेता राजकुमार राव अब पहली बार साउथ की मशहूर अभिनेत्री कीर्ति सुरेश के साथ किसी फिल्म में नजर आएंगे। दोनों एक धमाकेदार थ्रिलर ड्रामा के लिए एक साथ आ रहे हैं। इस फिल्म की सबसे खास बात ये है कि इसे राजकुमार की पत्नी और अभिनेत्री पत्रलेखा प्रोड्यूस कर रही हैं। ये उनके प्रोडक्शन में बनी पहली फिल्म होगी। इस ताजी कास्टिंग ने प्रशंसकों के बीच फिल्म को लेकर उत्सुकता बढ़ा दी है।

रफ्तार 24 जुलाई, 2026 को सिनेमाघरों में आएगी। आदित्य निंबालकर के निर्देशन में बनी इस फिल्म का निर्माण पत्रलेखा ने कांपा फिल्म के बैनर तले किया है। इसकी कहानी महत्वाकांक्षा, प्यार और लालच के इर्द-गिर्द बुनी गई है। ये एक ऐसे जुनूनी आदमी और महत्वाकांक्षी महिला का सफर दिखाती है, जो एक तेजी से बढ़ते स्टार्टअप के जरिए अपना साम्राज्य खड़ा करना चाहते हैं, लेकिन जैसे-जैसे पैसा और पावर बढ़ती है, जीत की भूख प्यार के आड़े आने लगती है। रोहन नरूला ने फिल्म की कहानी लिखी है। फिल्म दर्शकों को एक रोमांचक सफर पर ले जाएगी, जहां सवाल ये है कि क्या वे पावर के खेल में खुद को बचा पाएंगे या फिर सब कुछ खत्म हो जाएगा? ये पहला मौका होगा, जब राजकुमार राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कीर्ति के साथ रोमांस करते दिखाई देंगे। कीर्ति ने अपने बॉलीवुड करियर की शुरुआत वरुण धवन अभिनीत बेबी जॉन से की थी। रफ्तार उनकी दूसरी हिंदी फिल्म होगी। राजकुमार के हाथ में फिलहाल कई फिल्में हैं। वो निर्माता दिनेश विजान के साथ काम कर रहे हैं। उनके पास मशहूर वकील उज्जवल निकम की बायोपिक है, जिसमें वो मुख्य भूमिका निभाएंगे, वहीं दिनेश विजान की फिल्म स्त्री 3 में भी वो अपनी खास मौजूदगी दर्ज कराएंगे। उधर क्रिकेट के दिग्गज सौरव गांगुली की बायोपिक के हीरो भी राजकुमार ही हैं। इसके अलावा निर्देशक शूजीत सरकार की अगली फिल्म में राजकुमार अभिनेता मनोज बाजपेयी के साथ नजर आने वाले हैं।

## महक चहल ने शतरंज की बाजी की तरह जिंदगी में भी जीतने की दी सीख




मनोरंजन जगत में सोशल मीडिया अब सिर्फ तस्वीरें पोस्ट करने का जरिया नहीं रह गया है बल्कि सितारे इसके जरिए अपने विचार, अनुभव और जिंदगी के नजरिए भी लोगों के साथ साझा करते रहते हैं। इस कड़ी में अभिनेत्री महक चहल ने अपने इंस्टाग्राम पर एक ऐसी ही तस्वीर साझा की है जिसने उनके फैंस का ध्यान अपनी ओर खींचा। इस पोस्ट में वह शतरंज खेलती नजर आ रही हैं और इसके साथ ही उन्होंने जिंदगी को लेकर एक दिलचस्प बात लिखी है। महक चहल ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर साझा की है, जिसमें वह शतरंज की बिसात के सामने बैठी नजर आ रही हैं। तस्वीर में उनका अंदाज काफी शांत दिखाई दे रहा है, जैसे वह अगली चाल के बारे में गहराई से सोच रही हों। शतरंज की बिसात पर मोहरे सजे हुए हैं और महक उन्हें ध्यान से देखती नजर आ रही हैं। इस तस्वीर के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, जिंदगी काफी हद तक शतरंज की तरह है। कुछ चालें जीत दिलाती हैं, कुछ से आप सीखते हैं। दोनों ही तरह से, यह सब खेल का हिस्सा है। महक चहल के इस पोस्ट पर फैंस अपनी ओर से खूब प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कई लोगों ने उनके इस संदेश को प्रेरणादायक बताया। एक यूजर ने कमेंट में लिखा, वाह, क्या बात कही है, जिंदगी सच में शतरंज की तरह ही होती है। एक अन्य फैन ने लिखा, यह सिर्फ शतरंज नहीं, लाइफ की बड़ी सीख है। एक अन्य फैन ने लिखा, हार भी जरूरी है, तभी जीत की कीमत समझ आती है। महक चहल ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत 2002 में तेलुगु फिल्म नीथो से की थी। इसके बाद उन्होंने 2003 में हिंदी फिल्म नई पड़ोसन से बॉलीवुड में कदम रखा, जिससे उन्हें पहचान मिली। आगे चलकर वह कई हिंदी, पंजाबी और दक्षिण भारतीय फिल्मों में नजर आईं। उन्होंने फिल्मों में अभिनय के साथ-साथ कई लोकप्रिय गानों में भी डांस परफॉर्मेंस दी। 2009 में वह सलमान खान की फिल्म वॉन्टेड में दिखाई दीं। टेलीविजन पर उन्होंने रियलिटी शो बिग बॉस 5 में हिस्सा लेकर खास लोकप्रियता हासिल की, जहां वह रनर-अप रहीं। बाद में उन्होंने फीयर फैक्टर : खतरों के खिलाड़ी 11 में भी भाग लिया। वहीं नागिन 6 में अहम किरदार निभाया।

## 'पति पत्नी और वो 2 का शेड्यूल हुआ पूरा, वामीका गब्बी ने बॉस्को मार्टिस संग शेयर किया नॉस्टैल्जिक पल



बॉलीवुड अभिनेत्री वामीका गब्बी ने अपनी आगामी फिल्म पति पत्नी और वो 2 का शूट रैप कर लिया है। इंस्टाग्राम स्टोरी पर कोरियोग्राफर बोस्को मार्टिस संग सेल्फी शेयर कर उन्होंने बचपन की यादें ताजा कीं, जो फैंस के लिए नॉस्टैल्जिक मोमेंट बन गया। जब वी मेट के नगाड़ा नगाड़ा सॉन्ग के सेट पर बच्चे के रूप में मौजूद रहने वाली वामीका अब उसी कोरियोग्राफर के साथ डांस कर रही हैं।

यह फिल्म 2019 की हिट पति पत्नी और वो का सीक्वल है, जो खुद 1978 की क्लासिक का रीमेक थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आयुष्मान खुराना लीड रोल में हैं, जबकि सारा अली खान और वामीका त्रिकोणीय लव स्टोरी का हिस्सा है। वामीका ने स्टोरी कैप्शन में लिखा, बच्चे के रूप में नगाड़ा नगाड़ा सेट पर रहने से लेकर बोस्को मार्टिस द्वारा कोरियोग्राफ होने तक। इससे बेहतर रैप नहीं हो सकता! यह पोस्ट फुल सर्कल मोमेंट का प्रतीक बन गई। वामीका का करियर तेजी से ऊपर चढ़ रहा है। खुफिया, फना, ग्लोरी और हालिया भूल चुक माफ से सराहना मिली। पंजाबी मूल की वामीका ने थिएटर से शुरुआत की, फिर ओटीटी पर धमाल मचाया। पति पत्नी और वो 2 में उनकी भूमिका अनन्या पांडे वाली वो से इंस्पायर्ड लग रही है, जो कॉमिक टाइमिंग और रोमांस का मिश्रण होगी। शूटिंग के दौरान प्रयागराज में क्रू पर लोकल्स के हमले जैसी घटना भी हुई, लेकिन फिल्म आगे बढ़ी। फैंस उनकी पोस्ट पर कमेंट्स की बौछार कर रहे हैं। एक ने कहा, सपनों का पीछा करने वाली लड़की की मिसाल! बॉस्को मार्टिस ने भी रिप्लाई में तारीफ की। यह फिल्म आयुष्मान की ठामा और सारा की मेट्रो इन डिनो के बाद बड़ा रिलीज होगा। वामीका की यह जर्नी युवाओं को प्रेरित करती है कि जड़ों से जुड़कर कैसे नई ऊंचाइयां छुई जा सकती हैं। रिलीज का इंतजार बढ़ गया है! फिल्म पति पत्नी और वो 2 में वामीका गब्बी के साथ आयुष्मान खुराना और सारा अली खान भी नजर आएंगे। यह फिल्म 2019 की पति पत्नी और वो का सीक्वल है, जिसे निर्देशक मुदस्सर अज़ीज बना रहे हैं। फिल्म की रिलीज़ डेट अब 15 मई तय की गई है।



## सूर्या की बहुप्रतीक्षित पारिवारिक मनोरंजक फिल्म विश्वनाथ एंड संस की टीज़र रिलीज़ डेट अनाउंस, नया पोस्टर भी रिलीज़

सूर्या अपनी आने वाली फ़िल्म विश्वनाथ एंड संस से सभी को दीवाना बनाने आ रहे हैं। फ़िल्म के मेकर्स ने आज इसके टीज़र को लेकर एक अपडेट दिया है। कुछ ही मिनट पहले मेकर्स ने बताया कि फ़िल्म का टीज़र 16 मार्च 2026 को शाम 4:06 बजे रिलीज़ किया जाएगा। ये जानकारी देते हुए मेकर्स ने फ़िल्म का एक नया और दिलचस्प पोस्टर भी शेयर किया। मेकर्स ने पोस्ट किया, एक दिल को छू लेने वाला सफ़र। विश्वनाथएंडसंस का टीज़र 16 मार्च को शाम 04:06 बजे आएगा। इस फ़िल्म का निर्देशन वेंकी अट्लूरी ने किया है। फ़िल्म से लोगों को काफ़ी उम्मीदें हैं, क्योंकि यह सूर्या की पहली सीधी तेलुगू फ़िल्म है और इसे एक ही समय में तेलुगू और तमिल, दोनों भाषाओं में शूट किया गया है। इस फ़िल्म में मामिता बैजू मुख्य अभिनेत्री के तौर पर नज़र आएंगी, जबकि रवीना टंडन और राधिका सरथकुमार भी अहम किरदारों में दिखाई देंगी। फ़िल्म का संगीत जी.वी. प्रकाश कुमार ने तैयार किया है, वहीं नागा वामसी और साई सौजन्या सितारा एंटरटेनमेंट्स और फॉर्च्यून फोर सिनेमाज़ के बैनर तले इस प्रोजेक्ट को प्रोड्यूस कर रहे हैं।

### फिल्म

## 'द केरल स्टोरी 2 बनी साल की सबसे ज्यादा प्रॉफिट कमाने वाली फिल्म, 15वें दिन भी खूब छापे नोट

### 50 करोड़ी बनने से इंचभर दूर

'द केरल स्टोरी 2 : गोज बियॉन्ड काफी विवादों और कानूनी मुश्किलों को झेलने के बाद सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. यूं तो फिल्म की शुरुआत धीमी हुई लेकिन फिर इसने देखते ही देखते बॉक्स ऑफिस पर कब्जा जमा लिया. हालांकि ये अपनी प्रीक्वल 'द केरल स्टोरी के मुकाबले काफी कम बिजनेस कर पाई है लेकिन फिर भी 'द केरल स्टोरी 2 ने रिलीज के दो हफ्तों में बॉक्स ऑफिस पर दबाकर कमाई की है. यहां तक कि ये साल की अब तक की सबसे बड़ी फिलम बॉर्डर 2 को भी मुनाफा कमाने के मामले में पीछे छोड़ चुकी है. अब 'द केरल स्टोरी 2 की तीसरे हफ्ते में एंट्री ह गई है. जानते हैं फिल्म ने रिलीज के 15वें दिन यानी तीसरे फ्राइडे को कितना कलेक्शन किया है?

'द केरल स्टोरी 2 ने अपना दूसरा हफ्ता अच्छे नोट पर खत्म किया है. पहले हफ्ते में जहां इस फिल्म ने 23.28 करोड़ से ज़्यादा कमाए, और दूसरे हफ़्ते में इसने नॉर्मल गिरावट दिखाते हुए 16.97 करोड़ कमाए. गौरतलब है कि सिफ़र् 28 करोड़ के बजट में बनी इस फ़िल्म ने अब तक अच्छा परफॉर्म किया है और इंडियन बॉक्स ऑफ़िस पर एक सक्सेस स्टोरी बनकर उभरी है. बता दें कि ये 2026 की सबसे ज़्यादा प्रॉफ़िट कमाने वाली बॉलीवुड फ़िल्म भी बन गई है. इसने सनी देओल की बॉर्डर 2 को पीछे छोड़ दिया है, और अब 50त्न रिटर्न देने की राह पर है. वहीं अब तीसरे फ्राइडे को भी इसने कमाल कर दिया है. दरअसल सैकनिल्क के आंकड़ों के मुताबिक 'द केरल स्टोरी 2 ने रिलीज के 15वें दिन यानी तीसरे फ्राइडे 1.25 करोड़ का कलेक्शन किया है. इसी के साथ 'द केरल स्टोरी 2 के 15 दिनों की भारत में 41.50 करोड़ रुपये हो गई है. वहीं इसका टोटल ग्रॉस कलेक्शन 46.97 करोड़ रुपये हो गया है.

'द केरल स्टोरी 2 के पास कमाई के लिए पांच दिन और बचे हैं. उसके बाद 19 मार्च से सिनेमाघरों में रणवीर सिंह की धुरंधर 2 कहर बरपाएही. ऐसे में 'द केरल स्टोरी 2 की कमाई में तीसरे वीकेंड पर तेजी आने की उम्मीद है और लग रहा है कि ये आराम से 50 करोड़ का नेट माइलस्टोन पार कर लेगी. इसके लिए इसे बस बस 9 करोड़ के करीब और कमाने की जरूरत है.

द केरल स्टोरी 2 कथित तौर पर 28 करोड़ के बजट में बनी थी. इस लागत के मुकाबले, इसने अब तक 41.21 करोड़ नेट कमाए हैं, इस तरह 12 करोड़ का रिटर्न ऑन इन्वेस्टमेंट (क्रह्वढ्ढ) मिला है. आगे कैलकुलेट करने पर, यह करीब 43त्न रिटर्न के बराबर है. इसी के साथ इसे इंडियन बॉक्स ऑफिस पर प्लस रेटिंग मिली है. वहीं 50त्न रिटर्न तक पहुंचने के लिए, फिल्म को कुल 42 करोड़ नेट कमाने होंगे, जो तीसरे शनिवार, 16वें दिन तक मिलने की उम्मीद है.

## भूत बंगला के टीजर ने सोशल मीडिया पर काटा गदर-24 घंटे में बना दिया ये रिकॉर्ड

बॉलीवुड की मचअवेटेड फिल्म भूत बंगला का टीजर रिलीज हो चुका है, जिसने आते ही इंटरनेट पर धमाल मचा दिया है. प्रियदर्शन और अक्षय कुमार की जोड़ी को करीब 14 साल बाद पर्दे पर देखकर फैंस बहुत एक्साइटेड हो गए हैं. यह हॉरर-कॉमेडी फिल्म दर्शकों को डर और हंसी दोनों का शानदार मिश्रण देने का वादा करती है. सोशल मीडिया पर टीजर को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया ने साफ कर दिया है कि यह फिल्म रिलीज से पहले ही लोगों के दिलों में जगह बना चुकी है. टीजर में अक्षय कुमार और प्रियदर्शन का कॉमिक अंदाज बिलकुल पहले जैसा नजर आ रहा है. मजेदार पंचलाइन, सिग्नेचर कॉमिक वाले सीन्स और हल्की-फुल्की डरावनी झलक ने फैंस को पूरी तरह एंटरटेन किया है. यह टीजर यूट्यूब और बाकी प्लेटफॉर्म्स पर मिलाकर अब तक 55 मिलियन से ज्यादा बार देखा जा चुका है और पिछले 24 घंटों से यूट्यूब इंडिया पर नंबर 2 पर ट्रेंड कर रहा है. परेश रावल, राजपाल यादव और असरानी जैसी लीजेंड्री कॉमिक्स की वापसी ने फैंस की खुशी को और बढ़ा दिया है. सभी दर्शक और सेलेब्रिटी सोशल मीडिया पर इस टीजर की तारीफ कर रहे हैं और अक्षय-प्रियदर्शन की जोड़ी को देखकर पुरानी कॉमेडी फिल्मों की याद ताजा कर रहे हैं. बता दें, फिल्म का निर्देशन प्रियदर्शन कर रहे हैं और इसे अक्षय कुमार, शोभा कपूर और एकता आर कपूर ने प्रोड्यूस किया है. भूत बंगला में अक्षय कुमार के साथ वामिका गब्बी, परेश रावल, तब्बू और राजपाल यादव भी लीड रोल में है. फिल्म को बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड और केप ऑफ गुड फिल्म्स के बैनर तले बनाया गया है और यह 10 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. प्रियदर्शन और अक्षय की यह जोड़ी पिछले कई सालों से हिंदी कॉमेडी और हॉरर की दुनिया में यादगार काम कर चुकी है और अब भूत बंगला के साथ वो फिर से उस जादू को वापस ला रहे हैं ।

## आम को इन 5 तरीकों से खाएं

### स्वाद और सेहत दोनों का रखें ध्यान

गर्मियों में आम का स्वाद और सुगंध कुछ खास होती है। आम को फलों का राजा कहा जाता है और यह कई जरूरी पोषक तत्वों से भरपूर होता है। आम को खाने के कुछ अनोखे और मजेदार तरीके हैं, जो आपके स्वाद और सेहत दोनों का ख्याल रखते हैं। आइए आम को खाने के कुछ ऐसे तरीके जानते हैं, जो आपके लिए फायदेमंद हो सकते हैं।




**आम की चटनी:** आम की चटनी एक बेहतरीन विकल्प है, जो आपके खाने का स्वाद बढ़ा सकती है। इसे बनाने के लिए कच्चे आम को कदूकस करें, फिर उसमें हरी मिर्च, अदरक, लहसुन, नमक और थोड़ा-सा गुड़ मिलाएं। अब इस मिश्रण को अच्छे से पीस लें। यह चटनी रोटी, पराठे या चावल के साथ बहुत अच्छी लगती है। इससे आपका खाना और भी मजेदार हो जाएगा। इसके अलावा यह चटनी आपके पाचन को भी सुधार सकती है।



**आम का अचार:** आम का अचार एक पारंपरिक भारतीय व्यंजन है, जो हर घर में बनता है। इसे बनाने के लिए कच्चे आम को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर धूप में सुखाया जाता है, फिर उसमें सरसों का तेल, मेथी के दाने, सौंफ और हल्दी मिलाकर धूप में रखा जाता है। यह अचार लंबे समय तक खराब नहीं होता और खाने का स्वाद बढ़ाने में मदद करता है। इसके अलावा यह अचार आपके पाचन को भी सुधार सकता है।

**आम का शेक:** आम का शेक एक ताजगी भरा पेय है, जो गर्मियों में बहुत पसंद किया जाता है। इसे बनाने के लिए पके हुए आम को छिलकर उसके गूदे को मिक्सर में डालें, फिर उसमें दूध, चीनी और बर्फ डालकर अच्छे से मिलाएं। आपका स्वादिष्ट आम का शेक तैयार है। यह पेय न केवल आपको ताजगी देगा बल्कि शरीर को ठंडक भी प्रदान करेगा। इसके अलावा यह पेय आपके शरीर को ठंडा रखने में मदद करेगा।

**आम की कुल्फी:** आम की कुल्फी एक शानदार मिठाई है, जो गर्मियों में बहुत लोकप्रिय है। इसे बनाने के लिए पके हुए आम को छिलकर उसका गूदा निकाल लें, फिर उसमें दूध, चीनी और थोड़ी-सी इलायची पाउडर मिलाकर मिश्रण तैयार करें। अब इस मिश्रण को कुल्फी के सांचे में डालकर फ्रीजर में जमने दें। कुछ घंटों बाद आपकी आम की कुल्फी तैयार होगी। यह मिठाई न केवल स्वादिष्ट है बल्कि आपके शरीर को ठंडक भी प्रदान करती है।

**आम का रायता:** आम का रायता खाने का स्वाद बढ़ाने वाला एक अनोखा व्यंजन है, जिसे किसी भी भोजन के साथ खाया जा सकता है। इसे बनाने के लिए पके हुए आम को छिलकर उसका गूदा निकाल लें, फिर उसमें दही, भुना जीरा पाउडर, नमक और थोड़ा-सा चीनी मिला दें। आपका आम का रायता तैयार हो जाएगा। इन सभी तरीकों से आम को खाने पर न केवल उसका स्वाद बढ़ता है बल्कि ये आपके स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी हैं।

# आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स की नजरें ऋषभ पंत और आयुष बदोनी पर रहेंगी

**एजेंसी, नई दिल्ली**




आईपीएल 2026 के लिए लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत ने तैयारियां शुरु कर दी हैं। ऋषभ के अलावा टीम में एक और बेहतरीन बल्लेबाज आयुष बदोनी हैं। ऐसे में इन दोनो का ही लक्ष्य बेहतर प्रदर्शन कर अपनी टीम को जीत दिलाना रहेगा। वहीं टीम की नजरें भी इनके प्रदर्शन पर रहेंगी। अभ्यास सत्र में ऋषभ ने टीम के प्रमुख बल्लेबाज आयुष बदोनी को एक बल्ला देते हुए मजाकिया अंदाज में कहा कि इससे तोड़ना नहीं संभालकर रखना। इसस पता चलता है कि टीम में कितना दोस्ताना माहौल है। ऋषभ और बदोनी सहित सभी खिलाड़ी अभी एक प्री-सीजन कैंप में अभ्यास कर रहे हैं। ऋषभ का लक्ष्य इस बार आईपीएल में बेहतर प्रदर्शन कर अपनी टीम को जीत दर्ज कराना रहेगा। वह आईपीएल 2026 के लिए टीम के कप्तान हैं। उन्हें पिछले सत्र में सबसे अधिक कीमत देकर खरीदा गया था। वह अपने खेल से किसी भी मैच का रुख बदल सकते हैं। वहीं आयुष टीम के मध्यक्रम के प्रमुख बल्लेबाज हैं। इन दोनों का लक्ष्य इस बार टीम को खिताब जिताना रहेगा।

लखनऊ की टीम में कई अच्छे खिलाड़ी हैं। ऋषभ के आसपास टीम रहेगी पर बदोनी की भूमिका भी बल्लेबाज में काफी अहम रहेग। वह बड़े नामों के बीच भी अपनी विशेष जगह बनाने में सफल रहे हैं। सत्र की शुरुआत से पहले ऐसे पल टीम के माहौल के बारे में बहुत कुछ बताते हैं। आईपीएल को लेकर टीम उत्साहित है और काफी काफी खुशनुमा माहौल में अभ्यास कर रही है इसका अंदाज कप्तान और बदोनी के बीच की बातचीत से चलता है। लखनऊ आईपीएल 2026 में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगी। इस दौरान इन दोनो खिलाड़ियों पर सबकी नजरें रहेंगी। इस दौरान बदोनी अपने को बेहतर साबित करना चाहेंगे। टीम चाहते कि जिस प्रकार अभ्यास के दौरान टीम प्रदर्शन कर रही है वैसा ही टूर्नामेंट में भी करे।

## सैमसन ने माना एक बार उनके दिमाग में भी शतक लगाने का विचार आया था

**एजेंसी, मुम्बई**

टी20 विश्वकप में शानदार प्रदर्शन कर भारतीय क्रिकेट टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले बल्लेबाज संजू सैमसन टूर्नामेंट में तीन बार शतक के करीब आकर भी उसे पूरा नहीं कर पाये क्योंकि टीम की जरुरतों के हिसाब से उन्होंने तेजी से खेला। इसी को लेकर एक कार्यक्रम में संजू ने माना है कि एक बार उसके मन में शतक बनाने का विचार आया पर अगले ही पल उसे लगा कि शतक से अधिक टीम की जीत जरुरी है। इसलिए उसने शतक का विचार छोड़कर टीम की जरुरतों के हिसाब से खेलना तय किया। सैमसन ने पांच मैचों में कुल 321 रन बनाये। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 199.37 का रहा। वह टूर्नामेंट में भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। उनके पास तीन बार शतक लगाने का अवसर था




पर उन्होंने निजी उपलब्धि की चिंता नहीं की। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ करो या मरो सुपर-8 मैच में नाबाद 97 रन बनाये जबकि इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 89 रन बनाए। इसके अलावा न्यूजीलैंड के विरुद्ध फाइनल में 89 रन बनाये।

सैमसन ने कहा, लोग कहते हैं कि मैं तीन बार शतक नहीं लगा पाया पर मुझे लगता है उससे बहुत बड़ा काम हुआ है। मैंने शतक न बनाकर अधिक बेहतर योगदान दिया। मुझे ऐसा ही लगता है हालांकि मैं ये नहीं कहूंगा कि मैंने 100 के बारे में सोचा ही नहीं। हर किसी की तरह ही मेरे मन में भी आया था कि एक बार 100 बन जायें तो और अधिक मजा आयेगा पर बाद में सोचा कि जिस प्रकार खेलते हुए मैं यहां तक पहुंचा हूं, वैसे ही खेलूंगा।

सैमसन ने गौतम गंभीर की बात को बल दिया कि टीम में निजी उपब्धियों की जगह टीम गेम जरुरी है। सैमसन ने कहा कि मेरा भी मानना है कि टीम सबसे पहले है। । शुरुआत से ही तय हो गया था कि सभी टीम हित को सबसे पहले रखेंगे। सैमसन ने माना कि शुरुआत में अंतिम ग्यारह में जगह नहीं मिलने से वह हताश थे।

## बीसीसीआई ने जारी किये सभी दस आईपीएल टीमों के कप्तानों के नाम

**एजेंसी, मुम्बई**

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस माह के अंत में शुरु हो रहे आईपीएल 2026 के लिए कप्तानों के नाम घोषित कर दिये हैं। आईपीएल में इस बार भी 10 टीमें उतरेंगी। इन सभी टीमों के कप्तानों की घोषणा हो गयी है। कप्तानों की सूची में अधिक बदलाव नहीं हुए हैं। मौजूदा चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की कप्तानी इस बार भी रजत पाटीदार के पास रहेगी। वहीं, पिछले साल की उपविजेता पंजाब किंग्स की कप्तानी एक बार फिर श्रेयस अय्यर करेंगे। दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी अक्षर पटेल के पास रहेगी। वहीं, लखनऊ सुपर जायंट्स की कप्तानी ऋषभ पंत करेंगे। मुंबई इंडियंस की कप्तानी हार्दिक पांड्या करेंगे। पिछले सत्र में भी वहीं कप्तान थे। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की कप्तानी रुतुराज गायकवाड़ करेंगी। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने भी पिछले बार के कप्तान अजिंक्य रहाणे को बरकरार रखा है। राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी में बदलाव हुआ है और इस बार रियान पराग कप्तान बनाये ये थे। रियान ने हालांकि पिछली बार नियमित कप्तान संजू सैमसन के साथ कुछ मैचों में कप्तानी की थी। सनराइजर्स हैदराबाद की कप्तानी इस बार भी पैट कमिंस करेंगे। पिछले बार भी वही कप्तान रहे थे। गुजरात टाइटन्स की कप्तानी शुभमन गिल ही करेंगे।

**आईपीएल टीमों के कप्तान**

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु - रजत पाटीदार**

**पंजाब किंग्स - श्रेयस अय्यर**

**लखनऊ सुपर जायंट्स - ऋषभ पंत**

**मुंबई इंडियंस - हार्दिक पांड्या**

**चेन्नई सुपर किंग्स - रुतुराज गायकवाड़**

**कोलकाता नाइट राइडर्स - अजिंक्य रहाणे**

**राजस्थान रॉयल्स - रियान पराग**

**सनराइजर्स हैदराबाद - पैट कमिंस**

**गुजरात टाइटन्स - शुभमन गिल**

**दिल्ली कैपिटल्स - अक्षर पटेल।**

## बैसाखी के सहारे पर हैं हर्षित राणा, आईपीएल से भी बाहर हुए

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को आईपीएल 2026 शुरु होने से पहले ही करारा झटका लगा है। सर्जरी के बाद अबतक पूरी तरह से नहीं उबरने के कारण उसके तेज गेंदबाज हर्षित राणा आईपीएल से बाहर हो गये हैं। वह इससे पहले हुए आईसीसी टी20 विश्व कप से भी बाहर रहे थे। हर्षित चोटिल होने के कारण ही जनवरी से ही खेल के मैदान से बाहर हैं। मुंबई में हुए बीसीसीआई नमन अवॉर्ड्स के दौरान भी वह बैसाखी के सहारे चल रहे थे। यहां तक कि वह मंच पर भी अवार्ड लेने नहीं गये। इससे अंदाजा होता है कि अभी उनकी खेल के मैदान में वापसी में समय लगेगा। आईपीएल चेयरमैन अरुण धूमल ने स्वयं मंच से नीचे आकर राणा को यह सम्मान दिया। राणा का बैसाखी के सहारे इवेंट में पहुंचने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर आया है। हर्षित को इस साल की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हुए एक टी20 विश्व कप के अभ्यास मुकाबले में घुटने में गेंद लग गई थी। इसी कारण वह टी20 विश्व कप टीम से भी बाहर हो गये थे। पिछले माह 9 फरवरी को उनके घुटने की सर्जरी हुई थी। इसकी मेडिकल रिपोर्ट्स में कहा गया है कि उन्हें ठीक होने में करीब दो से तीन महीने का समय लगेगा।

## 31 मार्च को इंटरकॉन्टिनेंटल प्लेऑफ मुकाबले में उतरेगी इराकी टीम

**एजेंसी, बगदाद**

इराक की फुटबॉल टीम इस माह के अंत में मेक्सिको में 31 मार्च को फीफा विश्वकप फुटबॉल में प्रवेश के लिए इंटरकॉन्टिनेंटल प्लेऑफ मुकाबले में उतरेगी। इस प्लेऑफ मुकाबले में इराक का सामना बोलीविया या सूरीनाम में से किसी एक टीम से होगा। इस मैच की विजेता टीम को विश्वकप में खेलने का अवसर मिलेगा। इराक की टीम ने आखिरी बार साल 1986 में फीफा विश्व कप खेला था। अब टीम के पास 39 साल बाद विश्व कप में वापसी करने का बड़ा मौका है और खिलाड़ी इस ऐतिहासिक



उपलब्धि के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इराक ने क्वालिफायर में भी अच्छा प्रदर्शन किया। टीम ने पांचवें राउंड में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 3-2 से हराकर प्लेऑफ में जगह बनाई थी। खाड़ी में जारी संघर्ष को देखते हुए टीम को निज विमान से भेजा जाएगा। इराकी फुटबॉल संघ के अध्यक्ष अदनान दिरजल ने कहा है कि खाड़ी में जारी संघर्ष को देखते हुए हालात बेहद खराब हैं। ऐसे में टीम को सुरक्षित भेजने की तैयारियां चल रही हैं। यह मुकाबला 31 मार्च को मेक्सिको के मोंटेरे शहर में खेला जाएगा। अदनान ने कहा कि मध्य पूर्व क्षेत्र में 28 फरवरी से ही हवाई क्षेत्र बंद है। जिस प्रकार से मध्यपूर्व में ड्रोन और मिसाइल हमले हो रहे हैं जिसमें टीम को सुरक्षित भेजना सबसे चुनौतीपूर्ण काम है।

# बिजनेस

## थोक महंगाई दर फरवरी में बढ़कर 2.13 फीसदी हुई, खाद्य वस्तुओं के दाम बढ़े

**एजेंसी, नई दिल्ली**




महंगाई के मोर्चे पर आम आदमी को झटका लगने वाली खबर आई है। खुदरा के बाद थोक महंगाई दर फरवरी में लगातार चौथे महीने बढ़कर 2.13 फीसदी पर पहुंच गई है। इसकी वजह खाद्य एवं गैर-खाद्य वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी रही। हालांकि, इस दौरान सब्जियों की कीमतों में मासिक आधार पर कुछ नरमी आई है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को आंकड़ों के जरिये बताया कि थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित थोक महंगाई दर फरवरी में बढ़कर 2.13 फीसदी पर पहुंच गई है। जनवरी में यह 1.81 फीसदी थी, जबकि फरवरी 2025 में यह 2.45 फीसदी रही थी। दिसंबर में थोक महंगाई दर 0.83 फीसदी के स्तर पर थी। मंत्रालय के मुताबिक फरवरी में मुख्य रूप से अन्य विनिर्माण, आधार धातुओं के विनिर्माण, गैर-खाद्य वस्तुओं, खाद्य वस्तुओं और वस्त्र आदि की कीमतों में वृद्धि के कारण थोक महंगाई दर बढ़ी है। सब्जियों की महंगाई जनवरी के 6.78 फीसदी से घटकर फरवरी में 4.73 फीसदी रह गई। हालांकि, दाल, आलू एवं अंडा, मांस तथा मछली की कीमतों में फरवरी में पिछले महीने की तुलना में वृद्धि दर्ज की गई है। मंत्रालय के मुताबिक विनिर्मित उत्पादों के मामले में डब्ल्यूपीआई पर आधारित थोक महंगाई दर फरवरी में बढ़कर 2.92 फीसदी हो गई, जो इससे पिछले महीने 2.86 फीसदी थी। वहीं, गैर-खाद्य वस्तुओं की श्रेणी में महंगाई जनवरी के 7.58 फीसदी से बढ़कर फरवरी में 8.80 फीसदी हो गई। ईंधन तथा ऊर्जा श्रेणी की महंगाई में गिरावट फरवरी में भी जारी रही, यह 3.78 फीसदी दर्ज की गई है, जो जनवरी में 4.01 फीसदी थी। आंकड़ों के अनुसार देश में खुदरा महंगाई की दर जनवरी के 2.75 फीसदी से बढ़कर फरवरी में 3.2 फीसदी हो गई थी। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 में महंगाई दर कम रहने के कारण रेपो रेट में 1.25 फीसदी तक की कटौती की है। केंद्रीय बैंक रेपो रेट पर निर्णय लेने के लिए मुख्य रूप से खुदरा महंगाई दर पर नजर रखता है।

## सोना और चांदी की कीमत में मामूली गिरावट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सांकेतिक कमजोरी नजर आ रही है। कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,59,650 रुपये से लेकर 1,59,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,46,340 रुपये से लेकर 1,46,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु आज दिल्ली सर्राफा बाजार में 2,74,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,59,800 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,46,490 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,59,650 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,46,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,59,700 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,46,390 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

## सीएमपीडीआईएल का आईपीओ 20 मार्च को खुलेगा, प्राइस बैंड 163-172 रुपये प्रति शेयर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कोल इंडिया की अनुषंगी इकाई केंद्रीय खान योजना एवं डिजाइन संस्थान (सीएमपीडीआईएल) का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 20 मार्च को खुलेगा। इसमें निवेश के लिए निवेशक 24 मार्च तक बोली लगा सकते हैं। इसके लिए मूल्य का दायरा (प्राइस बैंड) 163-172 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। कंपनी के शेयर 30 मार्च को बाजार में सूचीबद्ध होंगे।

केंद्रीय खान योजना एवं डिजाइन संस्थान (सीएमपीडीआईएल) की योजना इस आईपीओ के जरिए 1,842 करोड़ रुपये जुटाने की है। कंपनी की ओर से जारी मूल्य दायरे के ऊपरी स्तर पर कंपनी का मूल्यांकन 12,280 करोड़ रुपये बैठता है। कंपनी के 2 रुपये फेस वैल्यू इस इश्यू के लिए न्यूनतम बिड लॉट 80 इक्विटी शेयरों का है, जिसमें 80 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बिड की जा सकती है। यह पूरी तरह से कोल इंडिया द्वारा 10.71 करोड़ शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) के रूप




में होगा। इसमें कोई नए शेयर जारी नहीं किए जाएंगे।

कंपनी के मुताबिक ये आईपीओ 20 मार्च को खुलकर 24 मार्च को बंद होगा। इसमें निवेश के लिए एंकर निवेशक एक दिन पहले 18 मार्च को बोली लगा सकते है। कंपनी के शेयर 30 मार्च को बाजार में सूचीबद्ध होंगे। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान कंपनी का परिचालन राजस्व 2,103 करोड़ रुपये और शुद्ध लाभ 667 करोड़ रुपये रहा। कंपनी को 1 नवंबर, 1975 को कोल इंडिया लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के रूप में निगमित किया गया था।

## ट्रैवलस्टैक टेक को आईपीओ के लिए सेबी से मिली अंतिम मंजूरी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

फैबहोटल्स की मूल कंपनी ट्रैवलस्टैक टेक लिमिटेड को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से आखिरी मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने 17 दिसंबर, 2025 को सेबी के समक्ष अपने आईपी के लिए डॉफ्ट दस्तावेज जमा किए थे। सेबी के अनुसार ट्रैवलस्टैक टेक के प्रस्तावित आईपीओ में 250 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए जाएंगे। इसके साथ प्रवर्तकों एवं अन्य शेयरधारकों द्वारा 2,68,52,969 शेयरों




तक की बिक्री पेशकश (ओएफएस) भी इसमें शामिल है। इसमें शेयर बेचने वाले प्रमुख निवेशक अनुपम मित्तल, एक्सेल इंडिया IV (मॉरीशस) लिमिटेड, ग्लोबल प्राइवेट ऑपर्च्युनिटीज पार्टनर्स II एल पी, ग्लोबल प्राइवेट ऑपर्च्युनिटीज पार्टनर्स II ऑफशोर होल्डिंग्स एल पी, पैंथेरा ग्रोथ फंड II वीसीसी, पीजीपी इंडिया ग्रोथ फंड I, पैंथेरा ग्रोथ II, एक्सटीओ10एक्स मॉरीशस प्राइवेट लिमिटेड और क्वालकॉम एशिया पैसिफिक प्राइवेट लिमिटेड हैं। ट्रैवलस्टैक टेक लिमिटेड नए इश्यू से मिलने वाली 135 करोड़ रुपये की रकम का इस्तेमाल कंपनी की कार्यशील पूंजी की जरूरतों को आंशिक रूप से पूरा करने के लिए करेगी। इसके अलावा 45 करोड़ रुपये का इस्तेमाल कंपनी द्वारा लिए गए कुछ कर्जों की पूरी या आंशिक चुकौती और/या पूर्व-भुगतान के लिए, और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।

## शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स और निफ्टी उछले


**एजेंसी, नई दिल्ली**

घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान मजबूती का रुख नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई थी। बाजार खुलते ही बिकवाली का दबाव बनने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की कमजोरी और बढ़ गई, लेकिन थोड़ी ही देर बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे ये दोनों सूचकांक रिकवरी कर हरे निशान में पहुंचने में सफल रहे। सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.05 प्रतिशत और निफ्टी 0.17 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। प्रातः 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से ग्रासिम इंडस्ट्रीज, जेएसडब्ल्यू स्टील, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, इंटरग्लोब एवियशन और टाटा स्टील के शेयर 2.47 प्रतिशत से लेकर 1.38 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, श्रीराम फाइनेंस, कोल इंडिया, ओएनजीसी, मैक्स हेल्थकेयर और डॉ रेड्डीज लेबोरेट्रीज के शेयर 1.63 प्रतिशत से लेकर 0.24 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे।

## देश का निर्यात फरवरी में घटकर 36.61 अरब डॉलर, व्यापार घाटा 27.1 अरब डॉलर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

देश का वस्तु निर्यात फरवरी में 0.81 फीसदी घटकर 36.61 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया है। इस दौरान आयात 24.11 फीसदी बढ़कर 63.71 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जबकि फरवरी, 2025 में यह 51.33 अरब डॉलर रहा था। इस दौरान व्यापार घाटा 27.1 अरब डॉलर रहा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के मुताबिक पश्चिम एशिया संकट के बीच देश का वस्तु निर्यात फरवरी में 0.81 फीसदी घटकर 36.61 अरब अमेरिकी डॉलर रहा है। हालांकि, फरवरी में आयात 24.11 फीसदी बढ़कर 63.71 अरब यूएस डॉलर पर पहुंच गया, जबकि फरवरी, 2025 में यह 51.33 अरब डॉलर रहा था। इससे आयात और निर्यात का



अंतर व्यापार घाटा फरवरी महीने में 27.1 अरब डॉलर रहा। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद देश का निर्यात अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-फरवरी अवधि के दौरान देश का निर्यात 1.84 फीसदी बढ़कर 402.93 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। इसी अवधि में आयात भी 8.53 फीसदी बढ़कर 713.53 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोनः 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।